
10 श्रेयस अय्यर....



12 नोरा फतेही...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

रांची, मंगलवार, 22 सितंबर 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -94 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# करम पूर्व संध्या पर झारखंड में दिखी लोक संस्कृति की रंगत



झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** प्रकृति और संस्कृति के महापर्व करमा की पूर्व संध्या पर सोमवार को झारखंड के विभिन्न हिस्सों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. रांची समेत राज्य के कई स्थानों पर अखरा, कॉलेजों और सांस्कृतिक मंचों को विशेष रूप से सजाया गया. देर शाम तक ढोल-नगाड़ों और मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य-गान का दौर चलता रहा. 22 सितंबर को मुख्य करम पूजा मनाई जाएगी. करमा पूर्व संध्या के कार्यक्रमों में झारखंड की समृद्ध लोक और जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिली. पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों और छात्र-छात्राओं ने मांदर, ढोल और बांसुरी की धुन पर सामूहिक करमा नृत्य की प्रस्तुति दी. गीत-संगीत और नृत्य के बीच पूरा माहौल उत्सवमय नजर आया. कार्यक्रमों में कुड़ुख, मुंडारी, हो, संथाली, नागपुरी और खोरठा सहित विभिन्न क्षेत्रीय और जनजातीय भाषाओं में पारंपरिक करम गीत प्रस्तुत किए गए. इन गीतों के जरिए प्रकृति, सामाजिक परंपराओं और भाई-बहन के रिश्ते से जुड़े भावों को अभिव्यक्त किया गया. युवा पीढ़ी ने भी पूरे उत्साह के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हिस्सा लिया.

रांची यूनिवर्सिटी के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी और दीक्षांत मंडप समेत कई शिक्षण संस्थानों में करमा पूर्व संध्या पर विशेष आयोजन किए गए. इन संस्थानों के अखरों और सांस्कृतिक मंचों पर छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी. इसके अलावा विभिन्न सरना समितियों और सामाजिक संगठनों की ओर से भी कार्यक्रम आयोजित किए गए. करमा पर्व झारखंड की लोक परंपरा और प्रकृति से जुड़ी संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है. पर्व के माध्यम से प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ सामाजिक एकजुटता और भाई-बहन के स्नेह का संदेश भी दिया जाता है. पूर्व संध्या पर हुए आयोजनों में इन परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास भी दिखाई दिया. सोमवार देर शाम तक विभिन्न स्थानों पर मांदर और ढोल की थाप सुनाई देती रही. पारंपरिक गीतों के साथ युवाओं और बुजुर्गों ने भी नृत्य में हिस्सा लिया. करमा पूर्व संध्या के आयोजनों ने रांची समेत पूरे झारखंड में पर्व के उत्साह को और बढ़ा दिया. मंगलवार को मुख्य करम पूजा के साथ यह उत्सव अपने पारंपरिक रूप में मनाया जाएगा.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



बिपिन चंद्र विश्वास
अंचलाधिकारी केरेडारी

कर्तव्य ही सबसे बड़ी सेवा है जब हम पूरी ईमानदारी पारदर्शिता और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं तो न केवल हमारा कार्य क्षेत्र बल्कि पूरा समाज खुद ब खुद बदलने लगता है जन सेवा का यही भाव हमें एक बेहतर और समृद्ध राष्ट्र की ओर ले जाता है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,33,700
चांदी (प्रति किलो) : 2,36,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 74,858.99
निफ्टी :- 23,414.30

## मौसम

अधिकतम तापमान : 29
न्यूनतम तापमान : 22

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:38
संध्या :- 17:45

## आज का इतिहास

आज ही के दिन सन 1914 को जर्मन युद्धपोत 'एमदेन' ने मद्रास (अब चेन्नई) बंदरगाह पर बमबारी की।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची एयरपोर्ट के पास मिली मासूम, नहीं बता पा रही अपना घर-पता

**रांची।** रांची एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के आसपास 21 सितंबर को एक बच्ची मिली है. बच्ची अपना नाम निर्मला विश्वकर्मा बता रही है, लेकिन वह अपना पता और अन्य परिचय संबंधी जानकारी बताने में असमर्थ है. बच्ची की पहचान और उसके परिजनों की तलाश के लिए पुलिस आवश्यक प्रयास कर रही है. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बच्ची के संबंध में किसी तरह की जानकारी मिलने पर रांची एयरपोर्ट थाना को सूचित करें, ताकि उसे उसके परिजनों से मिलाया जा सके.

### कांग्रेस का 26 को लोकभवन मार्च और महाधरना, के. राजू होंगे शामिल

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से एमएमडीआर एक्ट और चंदा चोरी के खिलाफ 26 सितंबर को रांची में लोकभवन मार्च एवं महाधरना प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू दो दिवसीय दौरे पर रांची पहुंचेंगे. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि के. राजू 25 सितंबर को झारखंड दौरे पर आएंगे. वे हैदराबाद से रांची पहुंचेंगे और सुबह 11:10 बजे बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका आगमन होगा. इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक वे रांची में आयोजित विभिन्न बैठकों में शामिल होंगे. रात्रि विश्राम स्टेट गेस्ट हाउस, रांची में करेंगे. उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को सुबह 11:30 बजे के. राजू चंदा चोरी एवं एमएमडीआर 2026 के विरोध में आयोजित मार्च और महाधरना कार्यक्रम में शामिल होंगे. मार्च शहीद स्थल से लोकभवन, रांची तक निकाला जाएगा.

# नेहरू कप हॉकी चैंपियनशिप : अंडर-17 के बालक-बालिका वर्ग में सिमडेगा चैंपियन

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में सिमडेगा और खूंटी की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया. 19 से 21 सितंबर तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक और बालिका दोनों वर्गों में सिमडेगा चैंपियन बना. वहीं अंडर-15 बालक वर्ग का खिताब खूंटी की टीम ने जीता. अंडर-17 बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में सिमडेगा ने रांची को 3-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया. मुकाबले में सिमडेगा की टीम ने शुरूआत से ही बेहतर तालमेल के साथ खेल दिखाया. रांची की टीम ने भी मुकाबले में वापसी की कोशिश की, लेकिन सिमडेगा ने बढ़त बनाए रखी और 3-1 की जीत के साथ चैंपियन बनी.

### अंडर-17 बालक वर्ग, सिमडेगा ने खूंटी को हराया

अंडर-17 बालक वर्ग का फाइनल मुकाबला सिमडेगा और खूंटी के बीच खेला गया. निर्धारित मुकाबले के बाद पेनाल्टी शूटआउट में पहुंचे इस मैच में सिमडेगा ने 4-3 से जीत दर्ज की. रोमांचक मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया. पेनाल्टी शूटआउट में सिमडेगा ने बाजी मारते हुए अंडर-17 बालक वर्ग का खिताब भी अपने नाम किया.

### अंडर-15 बालक वर्ग, खूंटी ने सिमडेगा को हराया

अंडर-15 बालक वर्ग में खूंटी और सिमडेगा के बीच फाइनल मुकाबला हुआ. खूंटी की टीम ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और सिमडेगा को 2-0 से हराकर चैंपियन बनी. इस जीत के साथ खूंटी ने अंडर-15 बालक वर्ग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का खिताब हासिल किया. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चैंपियन बनी तीनों टीमों को अब राष्ट्रीय स्तर की नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा. दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिमडेगा की अंडर-17 बालक और बालिका टीम तथा खूंटी की अंडर-15 बालक टीम हिस्सा लेंगी. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शन के आधार पर इन टीमों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है.




### बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई: आयोजन सचिव धीरसेन ए. सोरेंग

प्रतियोगिता के समापन पर झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के पदाधिकारियों ने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को शुभकामनाएं दीं. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अपर सचिव सीता पुष्पा ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर बधाई दी. वहीं आयोजन सचिव धीरसेन में ए. सोरेंग ने कहा कि बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूली स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाई है. अब विजेता टीमें दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी. धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि शिक्षा विभाग लगातार स्कूली स्तर पर खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन कर रहा है, ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और आने वाले समय में यह प्रयास राज्य के खेल विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा.

## स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी का ऐलान

# थैलेसीमिया-सिकल सेल मरीजों को अब निजी अस्पतालों में भी मुफ्त चढ़ेगा खून

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** झारखंड में थैलेसीमिया, सिकल सेल एनीमिया और गंभीर एनीमिया से जूझ रहे मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है. अब आयुष्मान भारत और अबुआ स्वास्थ्य कार्ड धारकों को सरकारी अस्पतालों के साथ सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी सुविधा मिलेगी. इन मरीजों को निर्धारित पैकेज के तहत निःशुल्क रक्त चढ़ाने की सुविधा मिलेगी. स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अलग-अलग पैकेज और उनकी दरें तय की है. यह व्यवस्था पूरे राज्य में लागू की गई है. इसका उद्देश्य नियमित रूप से रक्त चढ़वाने वाले मरीजों को अपने जिले या घर के आसपास इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना है.



### दूर-दराज के अस्पतालों के चक्कर लगाने से मिलेगी राहत

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि थैलेसीमिया और सिकल सेल एनीमिया जैसे रोगों में मरीजों को नियमित अंतराल पर रक्त की जरूरत पड़ती है. सरकार का प्रयास है कि मरीजों को जांच, इलाज और रक्त चढ़ाने के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का चक्कर न लगाना पड़े. मंत्री ने कहा कि सूचीबद्ध निजी अस्पतालों में भी सुविधा मिलने से मरीजों को अपने आसपास इलाज और रक्त चढ़ाने की सुविधा मिल सकेगी. मरीजों की स्क्रीनिंग, जरूरी जांच और समुचित इलाज की व्यवस्था को भी मजबूत किया जाएगा.

### निजी अस्पतालों के लिए पैकेज तय

स्वास्थ्य विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि निजी अस्पतालों में भी मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके, जिसके लिए विभिन्न सेवाओं के पैकेज निर्धारित किए गए हैं. स्वास्थ्य विभाग ने सिकल सेल एनीमिया और गंभीर एनीमिया के मामलों में निजी अस्पतालों के लिए अलग-अलग पैकेज निर्धारित किए हैं. रूटीन वार्ड के लिए 2,100 रुपये, एचडीयू के लिए 3,300 रुपये, बिना वेंटिलेटर आईसीयू के लिए 8,500 रुपये और वेंटिलेटर वाले आईसीयू के लिए 9,000 रुपये की दर तय की गई है. थैलेसीमिया मरीजों के लिए अलग डे-केयर पैकेज भी निर्धारित किए गए हैं, जिनमें रक्त चढ़ाने के साथ आवश्यक जांच और कुछ मामलों में आयरन चिलेशन दवाओं (शरीर से अतिरिक्त आयरन निकालने के लिए) का प्रावधान है. इन पैकेजों की दरें मरीज की श्रेणी के अनुसार 2,300 से 3,200 रुपये तक हैं.

### जिले और घर के आसपास बेहतर इलाज पर जोर

स्वास्थ्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य हर गरीब और जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त, जरूरी जांच और अच्छा इलाज देना है. यह नई व्यवस्था सिर्फ मौजूदा परेशानी को ही दूर नहीं करेगी, बल्कि यह सुनिश्चित करेगी कि आने वाले समय में भी मरीजों को अपने जिले और घर के पास ही इलाज की बेहतर सुविधाएं मिलें. कल्पना कीजिए, जो मरीज हर महीने रक्त चढ़वाने के लिए लंबी दूरी तय करते थे, अब उन्हें अपने घर के करीब ही यह सुविधा मिल जाएगी. यह पहल राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को काफी बढ़ाएगी और एक स्वस्थ, सशक्त झारखंड बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी, जिससे हजारों जिंदगियों में बड़ा और सकारात्मक बदलाव आएगा.

# झारखंड के पहलवान अनूप कुमार का भारतीय टीम में चयन : आईएसएफयू-18 वर्ल्ड स्कूल गेम्स में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्कूली खेलों के लिए बड़ी उपलब्धि सामने आई है। राज्य के पहलवान अनूप कुमार का चयन आईएसएफयू-18 वर्ल्ड स्कूल गेम्स-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है. अनूप कुमार 45 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. उन्होंने छत्तीसगढ़ के रायपुर में 19 से 21 सितंबर तक आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में हिस्सा लिया था. यहां बेहतर प्रदर्शन के बाद उनका चयन भारतीय टीम के लिए किया गया है. अनूप कुमार झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की अगुवाई में राष्ट्रीय चयन ट्रायल में शामिल होने रायपुर गए थे. राष्ट्रीय चयन ट्रायल में अलग-अलग खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा हुई. 45 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में अनूप ने अपने प्रदर्शन के दम पर भारतीय टीम में जगह बनाई. अब अनूप कुमार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. आईएसएफयू-18 वर्ल्ड स्कूल गेम्स-2026 का आयोजन 3 से 8 दिसंबर 2026 तक ब्राजील के रियो डी जनेरियो में प्रस्तावित है. इस प्रतियोगिता में अलग-अलग देशों के स्कूली खिलाड़ी हिस्सा लेंगे. अनूप कुमार इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे. स्कूली खेलों में अनूप कुमार की यह उपलब्धि झारखंड के लिए महत्वपूर्ण है. विद्यालय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बीच अनूप का भारतीय टीम में चयन हुआ है. जेईपीसी की ओर से स्कूली खिलाड़ियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं और चयन ट्रायल में हिस्सा लेने के अवसर दिए जा रहे हैं.




अनूप कुमार के चयन से राज्य के स्कूली खिलाड़ियों में भी उत्साह है. कुश्ती में 45 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग से भारतीय टीम में जगह बनाने वाले अनूप अब ब्राजील में होने वाले वर्ल्ड स्कूल गेम्स में अपनी चुनौती पेश करेंगे. एक नजर में देखें तो अनूप कुमार का खेल कुश्ती है, उनका वर्ग 45 किग्रा ग्रीको-रोमन है. राष्ट्रीय चयन ट्रायल रायपुर, छत्तीसगढ़ में 19 से 21 सितंबर तक आयोजित हुआ. इसी ट्रायल के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन भारतीय टीम में हुआ है. क्त्रऋव-18 वर्ल्ड स्कूल गेम्स-2026 का आयोजन 3 से 8 दिसंबर तक रियो डी जनेरियो, ब्राजील में प्रस्तावित है.

JOIN US NOW
THE RANCHI RIFLE CLUB (RRC)
(Registered under -Society Registration Act: 21,1860. Government of Jharkhand)
JOIN US TO BECOME A NATIONAL or INTERNATIONAL SHOOTER
Your ambition is our mission...





Our facilities:-
- 10m/ 25m Fully Air Conditioned Hitech indoor shooting range.
- All Types of Air/ Fire weapons are available for practice.
- All types of shooting equipments & accessories for sale available here.
- We teach the civilians how to handle weapons/ safety rules and way of firing.
- Special For School Girls & Boys.
- Above 8 years Girls & Boys May Join us.
- National Level Shooting Coach Facility Available Here.


Justdial
Contact: +91 8002397001, 7050607001
House No. 01, Shanti Nagar, Hatia, Near Hatia Tonko Bridge, P.O- Hatia, P.S.- Jagannathpur, Ranchi - 834003 (Jharkhand)
E-mail: theranchirifleclub@gmail.com | Website: http://www.theranchirifleclub.org



# सुगंध दशमी पर जिनालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, अभिषेक-शांतिधारा एवं पूजन में श्रद्धालुओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**दसलक्षण महापर्व के छठे दिन उत्तम संयम धर्म की हुई आराधना**



**रामगढ़।** दिगम्बर जैन समाज रामगढ़ एवं रांची रोड के जिनालयों में चल रहे दसलक्षण महापर्व के छठे दिन रविवार को उत्तम संयम धर्म की भक्ति एवं श्रद्धा के साथ आराधना की गई। प्रातःकाल से ही दोनों जिनालयों में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। भक्तों ने भगवान जिनेन्द्र देव के अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन में उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर सुगंध दशमी का पर्व भी श्रद्धा एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। जैन धर्म में सुगंध दशमी का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन श्रद्धालु भगवान जिनेन्द्र की पूजा-अर्चना करने के साथ धूप अर्पित कर धर्म-आराधना करते हैं। यह पर्व जीवन में आत्मशुद्धि, संयम, सदाचार एवं सद्गुणों की सुगंध फैलाने का संदेश देता है। सागर, मध्य प्रदेश से पधारे पंडित संदीप जी शास्त्री के तत्वावधान में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन की धार्मिक क्रियाएं विधिपूर्वक संपन्न कराई गईं। वहीं मध्य प्रदेश से पधारे संगीतकार अनुराग जैन ने अपनी भक्ति संगीत प्रस्तुतियों से दसलक्षण महापर्व के वातावरण को और अधिक भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना दिया। श्री दिगम्बर जैन मंदिर रामगढ़ में पाण्डुशिला पर विराजमान शीतलनाथ भगवान की अष्टधातु प्रतिमा पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यार्जन श्री राज कुमार जी, ऋषभ कुमार जी काला परिवार द्वारा किया गया। शांतिधारा का पुण्यार्जन श्रीमती इंद्रमणि देवी जी चूड़ीवाल के पुत्र श्री ललित जी चूड़ीवाल की सुपुत्री स्नेहा बाकलीवाल, गुवाहाटी निवासी, के दसलक्षण व्रत की ओर अग्रसर होने के उपलक्ष्य में समस्त चूड़ीवाल परिवार द्वारा किया गया। चंद्रप्रभु भगवान की प्राचीन प्रतिमा पर कलश द्वारा अभिषेक का पुण्यार्जन श्री महावीर प्रसाद जी, नरेंद्र जी, नीलेश जी, रौनक एवं ऋषभ छाबड़ा परिवार द्वारा किया गया। महावीर भगवान की प्राचीन प्रतिमा पर कलश अभिषेक का पुण्यार्जन श्रीमती पुष्पा जी अजमेरा परिवार द्वारा किया गया। बेदी पर विराजमान तीनों बड़ी प्रतिमाओं पर कलश अभिषेक का पुण्यार्जन श्रीमती ललिता जी रावका परिवार, श्री नितिन जी, मनीषा, तलीश एवं ईशान पाटनी परिवार तथा श्री मानिक चंद जी, मीना देवी जी, अंकित, राहुल, मार्धव, अद्विक एवं त्रिशा पाटनी परिवार द्वारा किया गया। आदि नाथ भगवान की बड़ी प्रतिमा पर शांतिधारा का पुण्यार्जन भी श्रीमती ललिता जी रावका परिवार द्वारा किया गया। वहीं 1008 श्री पार्श्वनाथ जिनालय, रांची रोड में भी धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुए। प्रथम अभिषेक का पुण्यार्जन श्री नागरमल जी गंगवाल परिवार, रामगढ़ द्वारा किया गया। शांतिधारा का पुण्यार्जन श्री प्रमोद, नीरज एवं बबलू सेठी परिवार, रांची रोड द्वारा विशेष रूप से बिद्ध, विशाखा एवं चित्राक्षी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में किया गया। शांतिधारा में श्रीमती सुचिता सेठी, रांची रोड ने सहयोग राशि प्रदान की संध्या आरती का पुण्यार्जन श्री विनोद एवं श्रीमती संगीता सेठी परिवार, रांची रोड द्वारा किया गया। दसलक्षण महापर्व के धार्मिक कार्यक्रम मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी महाराज, मुनिश्री 108 शुभानंद जी महाराज एवं क्षुल्लकश्री 105 दिव्यानंद जी महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में संपन्न हो रहे हैं। इस अवसर पर मुनिश्री 108 शुभानंद जी महाराज ने उत्तम संयम धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संयम केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे व्यक्ति को अपने विचारों, वाणी एवं व्यवहार में उतारना चाहिए। इंद्रियों पर नियंत्रण, मर्यादित जीवन, आत्मनिरीक्षण तथा सदाचार के माध्यम से संयम को जीवन का अंग बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के जीवन में संयम आत्मशुद्धि का मार्ग प्रशस्त करता है और व्यक्ति को बाहरी आकर्षणों से ऊपर उठाकर आत्मकल्याण की दिशा में ले जाता है। दसलक्षण महापर्व के छठे दिन दोनों जिनालयों में दिनभर भक्ति, पूजा, धार्मिक अनुष्ठानों एवं आध्यात्मिक वातावरण से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेकर पुण्यार्जन किया। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी

### विहिप ने दिखाई हनुमान अंश, फिल्म देख भावुक हुए लोग

# नीम करौली बाबा की जीवन गाथा ने छुआ दिल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**राजीव पिक्चर पैलेस में उमड़ी भीड़, हनुमान चालीसा पाठ के बाद शुरू हुई फिल्म**




**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला के तत्वावधान में सोमवार को राजीव पिक्चर पैलेस में नीम करौली बाबा के जीवन और आध्यात्मिक यात्रा से प्रेरित फिल्म ह्यहनुमान अंशह्ल की विशेष स्क्रीनिंग कराई गई। सैकड़ों महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने फिल्म देखी। स्क्रीनिंग से पहले सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। फिल्म में एक बालक की ईश्वर की खोज से लेकर साधना, वैराग्य, हनुमान भक्ति और मानव सेवा की यात्रा को दिखाया गया है। फिल्म में नीम करौली बाबा से जुड़े चर्चित रेल यात्रा के प्रसंग, साधना और सेवा के भाव को भी प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया है।इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला अध्यक्ष संतु भाई मानिक ने कहा फिल्म ने बाबा के जीवन के माध्यम से भक्ति, सेवा और समर्पण का संदेश प्रभावी ढंग से सामने रखा है। खासकर युवाओं और बच्चों के लिए यह प्रेरणादायी है।विश्व हिन्दू परिषद रामगढ़ जिला मंत्री छोटू वर्मा ने कहा हनुमान अंश देखकर यह संदेश मिलता है कि सच्ची भक्ति केवल पूजा तक सीमित नहीं, बल्कि मानव सेवा और जरूरतमंदों की मदद में भी है। बाबा का जीवन सनातन संस्कारों और सेवा की प्रेरणा देता है।फिल्म के भावपूर्ण प्रसंगों के दौरान कई दर्शक भावुक नजर आए। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद रामगढ़ जिला उपाध्यक्ष रमा शर्मा,जिला सह मंत्री भागीरथ पोद्दार, बजरंग दल जिला संयोजक महेन्द्र ठाकुर, सह संयोजक नंदकिशोर राम, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका अनामिका श्रीवास्तव, मातृशक्ति प्रमुख अर्चना महतो, पूर्व जिला संयोजक विनय शर्मा, जगत नारायण शाह, विजय महतो, प्रितम रजक, डब्ल्यू साहु ,गंगाजली कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## आज की मेहनत तय करेगी कल का भविष्य: नित्यानंद



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगा:**मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में भैया-बहनों के लिए कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नित्यानंद सर द्वारा विद्यार्थियों को नीट एवं JEE की बेहतर तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर आयोजित किया गया। नित्यानंद सर ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की रणनीति, नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन तथा विषयों की समझ को मजबूत करने के संबंध में उपयोगी जानकारी दी।उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने तथा अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप कैरियर का चुनाव करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने NEET एवं JEE की तैयारी से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञ द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार ने इस कैरियर काउंसिलिंग कार्यक्रम को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल मे करम पूर्व संध्या आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**लोहरदगा:** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम स्कूल, कुटमू में करम पर्व की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर करम पर्व की लोक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर दिया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने नागपुरी गीत ह्यहाय रे हाय हमर सोना नागपुरह्ल सहित अन्य लोकगीतों परआकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। पारंपरिक परिधान में सजे बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। मंच पर बच्चों ने सामूहिक नृत्य के माध्यम से झारखंड की लोक संस्कृति, परंपरा और प्रकृति से जुड़े जीवन मूल्यों को प्रदर्शित किया। विद्यालय परिसर में करम पर्व के अनुरूप सजावट भी की गई थी, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय नजर आया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शंकर कुमार ने कहा कि संस्कृति हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। करम पर्व केवल भाई-बहन के स्नेह और आपसी रिश्तों की मजबूती का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमें प्रकृति के संरक्षण और उसके प्रति जिम्मेदारी का संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना आवश्यक है, ताकि हमारी सांस्कृतिक विरासत आगे भी सुरक्षित रह सके। उन्होंने बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से परिचित कराने का भी प्रयास किया जाता है।कार्यक्रम में बच्चों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने करम पर्व के प्रति उनके जुड़ाव को दशार्या।

# राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में कर्मा पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**कर्मा पूजा हमारी समृद्ध लोक संस्कृति, प्रकृति प्रेम और आपसी भाईचारे का पर्व है:सचिव प्रियंका कुमारी**



**रामगढ़।**सोमवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय परिसर में प्रकृति, संस्कृति एवं पारंपरिक लोक आस्था के प्रतीक कर्मा पूजा महोत्सव का आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों, शिक्षकों, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कर्म देवता की पूजा-अर्चना की तथा सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम के दौरान कर्मा पर्व के सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यह पर्व प्रकृति के प्रति सम्मान, भाई-बहन के स्नेह, सामुदायिक एकता तथा लोक संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। विद्यार्थियों ने पारंपरिक गीत-संगीत एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से झारखंड की समृद्ध लोक परंपरा को प्रस्तुत किया।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने समस्त विश्वविद्यालय परिवार को कर्मा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कर्मा पर्व झारखंड की सांस्कृतिक पहचान और प्रकृति के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी लोक-संस्कृति, परंपरा और प्रकृति संरक्षण के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।सचिव प्रियंका कुमारी ने कहा कर्मा पूजा हमारी समृद्ध लोक संस्कृति, प्रकृति प्रेम और आपसी भाईचारे का पर्व है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ समाज में एकता एवं सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन पूजा-अर्चना, मंगलकामना एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ। विश्वविद्यालय परिवार ने सभी को कर्मा पर्व की शुभकामनाएं

# झारखंड के सियासी फलक से दिल्ली तक गूंजा सामाजिक न्याय का मुद्दा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले धीरज प्रसाद साहू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**ओबीसी, एससी एवं एसटी की प्रस्तावित आमसभा में शामिल होने का दिया निमंत्रण, खड़गे ने सहर्ष दी सहमति**



नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान झारखंड के राजनीतिक एवं सामाजिक परिदृश्य, कांग्रेस संगठन की गतिविधियों, जनहित से जुड़े विषयों तथा सामाजिक न्याय के मुद्दों पर व्यापक विमर्श हुआ।

मुलाकात का प्रमुख केंद्र ओबीसी, एससी एवं एसटी वर्गों से जुड़े विषयों को लेकर प्रस्तावित आमसभा रहा। धीरज प्रसाद साहू ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को इस प्रस्तावित आमसभा में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। खड़गे ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। कार्यक्रम की तिथि एवं समय प्रदेश प्रभारी के साथ विचार-विमर्श के बाद निर्धारित किया जाएगा।

बैठक के दौरान झारखंड में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने तथा जमीनी स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही ओबीसी, एससी एवं एसटी समुदायों से जुड़े सामाजिक एवं जनहित के विषयों को व्यापक मंच पर उठाने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श किया गया।

धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि सामाजिक न्याय और समाज के सभी वर्गों के अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाना लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित आमसभा के माध्यम से ओबीसी, एससी एवं एसटी समुदायों से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रभावी ढंग से सामने रखने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात हमेशा मार्गदर्शन देने वाली रही है। झारखंड के राजनीतिक एवं सामाजिक विषयों के साथ संगठन की मजबूती और जनहित से जुड़े मुद्दों पर राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ सकारात्मक संवाद हुआ है।

**सामाजिक न्याय के मुद्दों को व्यापक मंच देने की तैयारी**

प्रस्तावित आमसभा को लेकर कांग्रेस संगठन के स्तर पर तैयारियों को आगे बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। आमसभा में ओबीसी, एससी एवं एसटी समुदायों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाए जाने की बात कही गई। कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा, तिथि और समय प्रदेश प्रभारी के साथ चर्चा के बाद तय किया जाएगा। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सामाजिक न्याय, संगठन की मजबूती और जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने झारखंड में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने तथा आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। नई दिल्ली में हुई यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब झारखंड में संगठनात्मक गतिविधियों के साथ सामाजिक न्याय से जुड़े विषय भी राजनीतिक विमर्श के महत्वपूर्ण हिस्से बने हुए हैं। ऐसे में धीरज प्रसाद साहू द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रस्तावित आमसभा में आमंत्रित किया जाना संगठन और सामाजिक सरोकारों से जुड़े आगामी कार्यक्रमों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आमसभा की तिथि एवं समय प्रदेश प्रभारी के साथ विचार-विमर्श के बाद निर्धारित किया जाएगा।

## >>>: संक्षिप्त खबर :<<<

### महाविद्यालय प्रांगण में धूमधाम व उल्लास के साथ संपन्न हुआ करमा पूजा महोत्सव



**रामगढ़/गोला।** गोला थाना क्षेत्र के कामता स्थित चंद्रप्रकाश चौधरी इंटर महाविद्यालय में आज प्रबंधन समिति (शासी निकाय) के सचिव चन्द्र प्रकाश चौधरी के निदेर्शानुसार अत्यंत धूमधाम और सांस्कृतिक उल्लास के साथ 'करमा पूजा महोत्सव' का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष सह वर्तमान जिला पार्षद जलेश्वर महतो ने फीता काटकर करम अखाड़ा का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी अशोक कुमार महतो भी उपस्थित रहे।समारोह के दौरान महाविद्यालय प्रांगण में विधिवत रूप से करम डाल गाड़कर पारंपरिक अखाड़ा तैयार किया गया। इसके पश्चात करमती बच्चियों द्वारा पूरे विधि-विधान और निष्ठा के साथ पूजा-अर्चना संपन्न की गई। पूजा के बाद पारंपरिक सदरी करम गीतों की गूंज के बीच सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य का भव्य व गहम-गहम कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें छात्र-छात्राएं व सभी उपस्थित लोग झूमते नजर आए।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार महतो, उप प्राचार्य राजीव रंजन सिंह तथा शिक्षक प्रतिनिधि ज्ञानी महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में व्याख्याता गण—नील कमल सूर्यनारायण, रविंद्र महतो, अनिरुद्ध कुमार, स्नेहलता सिंह, उगनी, प्रियंका केशरी, अनिता कुमारी, पुष्पा कुमारी, जगदेश महतो, संजीत कुमार विद्या एवं अनंत कुमार सहित शिक्षकेतर कर्मी—चन्द्र शेखर करमाली, संजय कुमार महतो, शिवनन्दन महतो, दीपक कुमार, मनसू महतो, शीला देवी, भीखनी देवी, सेलेम एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### करमा महोत्सव: पारंपरिक लोकगीत और मांदर की थाप पर थिरके प्रशिक्षु, जल-जंगल-जमीन की रक्षा का लिया संकल्प



**रामगढ़/रजरप्पा।** डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (सुकरीगढ़ा, लारी) के बहुद्देशीय सभागार में करमा पर्व की पूर्व संध्या पर 'करमा महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। प्रकृति, संस्कृति और भाईचारे के इस संगम में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने पारंपरिक झूमर, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। कार्यक्रम की शुरूआत पाहन कालीचरण मुंडा द्वारा विधि-विधान से करमा डाली के पूजन के साथ हुई। इसके बाद ढोल-नगाड़ों और मांदर की थाप पर प्रशिक्षुओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं।

**प्रतियोगिता और सम्मान:** सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के आधार पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया:

**प्रथम पुरस्कार:** झूमर प्रस्तुति के लिए सुनीता एवं उनका समूह

**द्वितीय पुरस्कार:** स्थानीय खोरठा भाषा में करमा पर्व की प्रस्तुति के लिए दिनेश कुमार महतो

**तृतीय पुरस्कार:** पारंपरिक लोकगीत के जरिए करमा की जानकारी देने पर राखी कुमारी

इसके अलावा प्रशिक्षु भावना, लक्ष्मी, पूनम, मनोरमा, सुमन और सुमी राम ने करमा पर्व और प्रकृति संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए। ईशा कुमारी व निकिता के समूह द्वारा प्रस्तुत नृत्य की भी सभी ने सराहना की।

**प्रकृति संरक्षण और एकजुटता का संदेश:** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति सदस्य मनीष कुमार ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा का संकल्प दिलाते हुए करमा को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। विशिष्ट अतिथि 'जन आकांक्षा' के सचिव मणिकांत सिन्हा रहे। वहीं प्रबंध समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार ने करमा-धरमा की कथा के माध्यम से पर्यावरण से जुड़ने का संदेश दिया। अवसर पर सचिव डॉ. संजय कुमार प्रभाकर एवं सदस्य बिरेश कुमार भी उपस्थित थे।

**सफल संचालन:** प्रभारी प्राचार्य नयन कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मंच संचालन बी.एड. (सत्र 2025-27) की प्रशिक्षु सोनी कुमारी ने किया। मौके पर महाविद्यालय के प्राध्यापक मोहम्मद परवेज अख्तर, इंदु कुमारी झा, बाबू चंद प्रसाद, सुप्रिया वर्मन, वरुण कुमार सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ।

### रामगढ़ में लंबे समय से फरार चल रहे दो अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार, गोला पुलिस को मिली बड़ी सफलता



**रामगढ़/गोला।** रामगढ़ पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गोला थाना क्षेत्र से लंबे समय से फरार चल रहे दो प्राथमिक अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 21 सितंबर 2026 को मिली गुप्त सूचना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने ग्राम-ऊपर खखरा (टोला पथलगढ़ा) में छापेमारी कर फरार चल रहे आरोपी बाजुन माँझी उर्फ बाजुन हाँसदा (26 वर्ष) और जीवन माँझी (50 वर्ष) को उनके घर से विधिवत गिरफ्तार किया।

भारी मात्रा में बरामद हुई थी अवैध शराब और बनाने की सामग्री उल्लेखनीय है कि 10 मई 2026 को पुलिस ने आरोपियों के घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब, विभिन्न ब्रांड्स के स्टीकर, खाली बोतलें, ढक्कन, स्प्रीट, शराब बनाने की मशीन और अन्य सामग्री जब्त की थी। इस घटना के बाद से ही दोनों आरोपी फरार चल रहे थे।

**मामले में पूर्व में भी हो चुकी हैं गिरफ्तारियां:** इस कांड से जुड़े अन्य आरोपी मनोज मुर्मू (26 वर्ष) और भदरू सिंह (42 वर्ष) को घटना के दिन ही 10 मई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। वहीं, शराब कारोबार के मुख्य सरगना बिनोद साव (50 वर्ष) को पुलिस ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी, जिसमें उसने अवैध शराब के कारोबार में अपनी संलिप्तता स्वीकार की थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त:** बाजुन माँझी उर्फ बाजुन हाँसदा (26 वर्ष), पिता- खड़े माँझी उर्फ हरिलाल माँझी जीवन माँझी (50 वर्ष), पिता- मोहन माँझी उर्फ सोहन माँझी
(दोनों निवासी: ग्राम- ऊपर खखरा, टोला पथलगढ़ा, थाना- गोला, जिला- रामगढ़)

**छापेमारी टीम में शामिल अधिकारी:** इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक रंजन, गोला अंचल के पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार, गोला थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अमित कुमार, स्वामी रंजन ओझा, कुमार प्रभात रंजन, सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार गोराईं, बहादुर महतो तथा पैंथर मोबाइल दस्ता व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# मानव दिवस कर्मियों की नियुक्ति में प्राथमिकता, आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट और रिक्त तकनीकी पदों पर शीघ्र बहाली की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड में आउटसोर्स एवं मानव दिवस के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं, उनके भविष्य की सुरक्षा तथा नियमित नियुक्ति से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संघ ने मांग की कि आगामी नियमित नियुक्तियों में वर्ष 2016 एवं 2018 की नियुक्तियों की तर्ज पर लंबे समय से कार्यरत मानव दिवस कर्मियों को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही वर्तमान में दी जा रही पांच वर्ष की आयु सीमा में छूट को बढ़ाकर 10 वर्ष किया जाए, ताकि वर्षों से निगम की सेवा कर रहे कर्मियों को



नियुक्ति प्रक्रिया में उचित अवसर मिल सके। संघ ने कहा कि खइशठछ में तकनीकी कर्मचारियों के हजारों स्वीकृत पद लंबे समय से रिक्त हैं। राज्य गठन के 26 वर्षों के दौरान तकनीकी पदों पर नियमित नियुक्तियां बेहद सीमित रही हैं। बिजली वितरण व्यवस्था की निरंतरता और उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत सेवा उपलब्ध कराने में तकनीकी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में रिक्त तकनीकी पदों पर शीघ्र नियमित नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करना आवश्यक है।

बैठक में वर्ष 2014 में विभाग और संघ के संयुक्त प्रयास से तैयार मानव दिवस कर्मियों की सूची को सेवा अवधि निर्धारण का आधार बनाने की मांग की गई। संघ ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद निगम में कार्यरत कर्मचारियों को भी उनके वास्तविक कार्यकाल के आधार पर अनुभव का लाभ एवं नियुक्ति प्रक्रिया में प्राथमिकता मिलनी चाहिए। संघ ने उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित सिद्धांतों का हवाला देते हुए लगातार लंबे समय से कार्यरत तकनीकी एवं गैर-तकनीकी कर्मियों के मामले में अन्य राज्यों में अपनाई गई व्यवस्थाओं की तर्ज पर उचित नियमितीकरण/नियमित नियुक्ति की व्यवस्था पर विचार करने की मांग की। इसके अलावा गैर-तकनीकी श्रेणी में माली, स्वीपर, चालक, खलासी, पेट्रोलिंगमैन सहित अन्य आवश्यक पदों पर नियमित बहाली निकालने की मांग भी उठाई गई।

संघ ने आउटसोर्स एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए समान काम के लिए समान वेतन की व्यवस्था लागू करने की मांग की। संघ का कहना है कि बड़ी संख्या में कर्मचारी नियमित कर्मियों के समान प्रकृति का कार्य करते हैं, लेकिन उन्हें अपेक्षाकृत कम पारिश्रमिक प्राप्त होता है। वर्षों से सेवा दे रहे इन कर्मियों के वेतन एवं सेवा शर्तों में सुधार आवश्यक है।

बैठक में यह भी मांग की गई कि तकनीकी एवं जोखिमपूर्ण कार्य केवल प्रशिक्षित और योग्य कर्मचारियों से ही कराया जाए, ताकि विद्युत दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके और कर्मचारियों तथा आम उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

संघ ने वर्तमान एजेंसी व्यवस्था की समीक्षा करते हुए वर्ष 2017 से पूर्व लागू प्रत्यक्ष व्यवस्था को पुनः बहाल करने अथवा पूरे राज्य में एकल एजेंसी व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया, ताकि कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान हो सके। इसके साथ ही कार्य के दौरान मृत्यु का शिकार हुए दैनिक वेतनभोगी एवं मानव दिवस कर्मियों के आश्रितों के लिए स्पष्ट, संवेदनशील और मानवीय रोजगार नीति बनाने की मांग की गई, ताकि ऐसे परिवारों को असहाय स्थिति में न छोड़ना पड़े।

**मानव दिवस कर्मी निगम की रीढ़, इनके भविष्य की सुरक्षा जरूरी : अजय राय**

केंद्रीय अध्यक्ष श्री अजय राय ने कहा कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम एवं उसकी सहायक कंपनियों में वर्षों से कार्यरत मानव दिवस, दैनिक वेतनभोगी और आउटसोर्स कर्मी विद्युत व्यवस्था की जमीनी रीढ़ हैं। कठिन परिस्थितियों में ये कर्मचारी अपनी सेवाएं देकर राज्य की बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्षों तक सेवा लेने के बाद इन कर्मचारियों के भविष्य को अनिश्चितता में छोड़ना उचित नहीं है। इनके हितों की रक्षा, सेवा अवधि का सम्मान और भविष्य को सुरक्षित करना विभाग एवं निगम प्रबंधन की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी है। संघ को उम्मीद है कि प्रबंधन कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक, संवेदनशील और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक निर्णय लेगा।

## स्वास्थ्य, शिक्षा व डिजिटल सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को किया जागरूक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हो गया. शिविर के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान, डिजिटल सुरक्षा और सरकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों और विद्यार्थियों को जागरूक किया गया. शिविर के दौरान 10 और 11 सितंबर को क्यूररेबा की चिकित्सकीय टीम ने टीबी, कुष्ठ रोग और गैर-संचारी रोगों के बारे में जानकारी दी. ग्रामीणों के मधुमेह और रक्तचाप की जांच की गई. साथ ही नियमित स्वास्थ्य जांच और संतुलित जीवनशैली के महत्व के बारे में बताया गया. आराम आई हॉस्पिटल की टीम ने नेत्र जांच शिविर लगाया, जिसमें करीब 52 लोगों की आंखों



की जांच की गई और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया. स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए गए. सहायक प्राध्यापिका डॉ. सग्निका प्रधान ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया. प्रयोगों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किए जाने से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति उत्सुकता देखने को मिली. कार्यक्रम में डॉ. संजीव कुमार ने रोबोटिक्स और रोबोट की कार्यप्रणाली के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी.

## अलर्ट पर ट्रैफिक पुलिसः दुर्गा पूजा-दीपावली-छठ के साथ इंटरनेशनल क्रिकेट मैच के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** राजधानी रांची में आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के साथ अक्टूबर में होने वाले भारत-वेस्टइंडीज क्रिकेट मैचों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने यातायात व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी है. एसपी ट्रैफिक राकेश सिंह ने 21 सितंबर को गोंदा ट्रैफिक थाना का वार्षिक निरीक्षण कर अधिकारियों को इन आयोजनों के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

रांची ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया की ट्रैफिक पुलिस ने खास तौर पर अक्टूबर में आयोजित होने वाले भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले क्रिकेट मैचों को लेकर यातायात व्यवस्था पर ध्यान देने का निर्देश



दिया है. मैच के दौरान दर्शकों और वाहनों की आवाजाही बढ़ने की संभावना को देखते हुए आवश्यक विचार-विमर्श कर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने का प्लान तैयार किया गया है.

ब्लैक शीशे, फैंसी नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ रैश ड्राइविंग और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर भी मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई का निर्देश ट्रैफिक एसपी ने दिया है.

वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने के मामलों में भी कार्रवाई होगी. ऑटो और टोटो चालकों को यूनिफॉर्म में वाहन चलाने का निर्देश दिया गया है. वाहनों की नंबर प्लेट पर टेप लगाकर या गलत तरीके से नंबर लिखने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाएगा. ऐसे वाहनों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. ट्रैफिक पोस्ट के आसपास सड़क का लेफ्ट हिस्सा खाली रखने पर जोर दिया गया है. सड़क पर अनावश्यक रूप से वाहन खड़ा करने और चौक-चौराहों पर ऑटो-टोटो लगाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है.

सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए गए दुकानों और ठेलों को हटाने के लिए रांची नगर निगम की टीम के साथ समन्वय कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है. इसका उद्देश्य सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात को सुचारु रखना है. रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने बताया की क्रिकेट मैच और लगातार आने वाले त्योहारों को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस का जोर पहले से बेहतर यातायात प्रबंधन पर है.

## सीआईपी रांची के उन्नयन की दिशा में केंद्र सरकार ने शुरू की अग्रिम कार्रवाई

**राज्यसभा में डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने उठाया था राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा देने का मुद्दा**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड की वर्षों पुरानी मांग और राज्य में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, राँची के उन्नयन को लेकर भारत सरकार द्वारा नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान सीआईपी राँची को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्रदान करने तथा संस्थान के व्यापक उन्नयन का विषय प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने केंद्र सरकार से सीआईपी राँची को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर देश के प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों की



श्रेणी में विकसित करने की मांग की थी।

इसी क्रम में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने पत्र के माध्यम से डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा को अवगत कराया है कि केंद्रीय बजट में सीआईपी राँची के उन्नयन की घोषणा के अनुरूप संस्थान के विकास एवं उससे संबंधित सभी पहलुओं पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। सीआईपी राँची देश के प्रमुख मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों में शामिल है और 1918 से मानसिक स्वास्थ्य उपचार, प्रशिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। भारत सरकार के आधिकारिक अभिलेखों के अनुसार संस्थान में 643 बिस्तरों की क्षमता है तथा बड़ी संख्या में मरीज यहाँ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेते हैं। डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि सीआईपी राँची को राष्ट्रीय स्तर की आधुनिक मानसिक स्वास्थ्य संस्था के रूप में विकसित करना झारखंड के साथ-साथ पूरे देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। संस्थान के उन्नयन से अत्याधुनिक उपचार सुविधाओं के विस्तार के साथ मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में शोध, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के प्रशिक्षण तथा बेहतर उपचार व्यवस्था को भी गति मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सीआईपी राँची को मजबूत और आधुनिक बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की यह पहल झारखंड की लंबे समय से चली आ रही मांग को आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण कार्रवाई है।

## झारखंड की धरती भाजपा की बपौती नहीं, यहां के जल-जंगल-जमीन पर झारखंडियों का हक : विनोद पांडेय

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को पहले झारखंड के इतिहास और यहां के लोगों के संघर्ष को समझना चाहिए, फिर झारखंडियों को उपदेश देने पर विचार करना चाहिए। झारखंड का एक-एक कोना झारखंडियों का है। इस मिट्टी में हमारे वीर पुरखों का खून-पसीना बहा है। बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो, दिशोम गुरुजी शिबू सोरेन समेत अनगिनत वीरों और क्रांतिकारियों के बलिदान से यह राज्य हासिल हुआ है। उन्होंने कहा कि झारखंड की माताओं-बहनों ने अपने परिवार, अपना सुहाग और अपने बच्चों को इस राज्य के आंदोलन में न्योछावर किया है। ऐसे में बाहर बैठकर झारखंड की संपदा और अधिकारों पर फैसला सुनाने वालों को झारखंडियों के संघर्ष का अपमान करने से पहले



सौ बार सोचना चाहिए। शर्म करो भाजपाइयों! हिम्मत कैसे हुई झारखंड को अपनी बपौती समझने की? विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा को झारखंड की खनिज संपदा और यहां के लोगों के हित की चिंता नहीं, बल्कि कॉरपोरेट महाजनों के हितों की चिंता है। कॉरपोरेट महाजनों की जी-हुजूरी कर झारखंडियों का अपमान करना बंद करें। झारखंड की खनिज संपदा पर पहला अधिकार झारखंड और झारखंड की जनता का है।

उन्होंने कहा कि एमएमडीआर कानून को लेकर भाजपा नेताओं को जनता को भ्रमित करने के बजाय यह बताना चाहिए कि इस कानून के लागू होने से झारखंड को खनिज संपदा पर मिलने वाले अधिकारों और राजस्व पर क्या असर पड़ेगा। राज्य सरकार इसी सवाल को केंद्र के सामने मजबूती से उठा रही है। झामुमो का आंदोलन किसी दल के खिलाफ नहीं, बल्कि झारखंड के अधिकार और राज्य के हित की लड़ाई है। झामुमो महासचिव ने कहा कि भाजपा नेता राज्य सरकार पर आरोप लगाने से पहले अपने केंद्र की सरकार से पूछें कि झारखंड जैसे खनिज संपदा से समृद्ध राज्य के हितों की रक्षा कैसे होगी। झारखंड की जनता सब देख रही है और उसे यह भी मालूम है कि कौन झारखंड के अधिकारों की बात कर रहा है और कौन खनिज संपदा के सवाल पर कॉरपोरेट हितों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भाजपा चाहे जितना भ्रम फैलाए, झामुमो झारखंड के जल, जंगल, जमीन और खनिज संपदा के अधिकार से पीछे नहीं हटेगा।

## खबर एक नजर

### मुंडा फ्रेशर्स मिलन में युवाओं ने लिया भाषा, संस्कृति और पहचान के संरक्षण का संकल्प



**रांची।** छोटानागपुर मुंडा छात्र संघ की ओर से संत अल्बर्ट्स कॉलेज, सभागार में मुंडा छात्र संघ फ्रेशर्स 2026 का आयोजन किया गया. समारोह में नए विद्यार्थियों का स्वागत करने के साथ मुंडा भाषा, संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक पहचान के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया. कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के संख्या में मुंडा विद्यार्थी शामिल हुए. संत अन्ना, उर्सलाइन सहित अन्य संस्थानों के विद्यार्थियों ने पारंपरिक मुंडारी नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. पारंपरिक वेशभूषा और लोकनृत्यों ने समारोह में विशेष आकर्षण पैदा किया. सेंट जेवियर कॉलेज, रांची के बीएड विभागाध्यक्ष फ्लोरेंस पूर्ति ने कहा कि भाषा सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि किसी समुदाय की संस्कृति, इतिहास और पहचान की आधारशिला होती है. उन्होंने मुंडारी भाषा के संरक्षण और विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी. साथ ही युवाओं से मातृभाषा के प्रति गर्व और जिम्मेदारी का भाव रखने का आह्वान किया. कार्यक्रम में खूंटी के विधायक राम सूर्य मुंडा भी शामिल हुए. उन्होंने मुंडा विद्यार्थियों और छात्र संघ की गतिविधियों की सराहना की. उन्होंने संघ को आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन देते हुए युवाओं से शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की. वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक शिक्षा और विकास के साथ अपनी भाषा, संस्कृति और आदिवासी पहचान को सुरक्षित रखना युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है.विद्यार्थियों के बीच एकता, सहयोग और नेतृत्व की भावना को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया. कार्यक्रम का संचालन आनंद बारला और फादर फ्लोरेंस पूर्ति ने किया, जबकि संदीप मुंडा ने धन्यवाद ज्ञापित किया. तोरपा से फादर तेज कुमार लिंडा भी समारोह में मौजूद रहे. कार्यक्रम के समापन पर छोटानागपुर मुंडा छात्र संघ को मजबूत और संगठित बनाने और मुंडा भाषा, संस्कृति और पहचान के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया गया.

### गोंदा यातायात थाना का वार्षिक निरीक्षण, त्योहारों में ट्रैफिक पुलिस होगी सख्त

**रांची।** राजधानी रांची में आगामी दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पूजा के साथ अक्टूबर में होने वाले क्रिकेट मैच को देखते हुए यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है. इसी क्रम में 21 सितंबर को पुलिस अधीक्षक यातायात, रांची ने यातायात थाना गोंदा का वार्षिक निरीक्षण किया. वार्षिक निरीक्षण के दौरान थाना में पदस्थापित पुलिसकर्मियों की कीट परेड कराई गई. इसके साथ ही थाना के सभी अभिलेखों की जांच की गई. निरीक्षण के दौरान मिली कमियों और त्रुटियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. आगामी त्योहारों को देखते हुए यातायात पुलिस को शहर में सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है. इस दौरान नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी. चेकिंग के दौरान ब्लैक शीशा, फैन्सी नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, रेस ड्राइविंग और नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रहेगी. इसके अलावा निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाने वाले वाहनों, बिना यूनिफॉर्म के ऑटो-टोटो चलाने वाले चालकों और नाबालिगों के वाहन चलाने पर भी कार्रवाई की जाएगी. वाहनों की नंबर प्लेट की भी जांच की जाएगी. नंबर प्लेट पर टेप लगाकर नंबर छिपाने या गलत तरीके से नंबर लिखने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी. त्योहारों के दौरान जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात पोस्ट के पास और चौक-चौराहों पर अनावश्यक रूप से खड़े ऑटो और टोटो पर भी कार्रवाई होगी. जिन रास्तों को यातायात के लिए लेफ्ट फ्री रखा गया है, वहां वाहन खड़ा करने वालों पर भी कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा सड़क पर अतिक्रमण कर लगाई गई दुकानों और ठेलों को हटाने के लिए नगर निगम की टीम के साथ समन्वय कर अभियान चलाया जाएगा. यातायात पोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को भी ड्यूटी के दौरान पूरी तरह मुस्तैद रहने और त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने का निर्देश दिया गया है.

### रांची-बेंगलुरु रूट पर यात्रियों ने की स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग, ट्रेनों में रिग्रेट और लंबी वेटिंग

**रांची।** त्योहारों के दौरान बेंगलुरु से रांची आने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है. दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्व के दौरान चलने वाली नियमित ट्रेनों में सीटें पूरी तरह भर चुकी हैं. यात्रियों की भीड़ और परेशानी को देखते हुए बेंगलुरु से रांची रूट पर तत्काल फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन शुरू करने की मांग की गई है. बेंगलुरु और रांची के लिए एसएमवीबी हटिया एक्सप्रेस (18638) और एसएमवीबी हटिया सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12836) में अक्टूबर और नवंबर के दौरान सीटें भर चुकी हैं. इन ट्रेनों के स्लीपर, थर्ड एसी, सेकंड एसी और फर्स्ट एसी क्लास में रिजर्वेशन स्टेटस 'रिग्रेट' पर पहुंच गया है, जबकि कई तारीखों पर लंबी वेटिंग लिस्ट देखने को मिल रही है. हालात इतने खराब हैं कि यात्रियों को टिकट बुकिंग करने तक का विकल्प नहीं मिल पा रहा है. यात्रियों ने येलहंका से हटिया के बीच फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाने की मांग की है.

## दुर्गा पूजा को लेकर रांची नगर निगम की तैयारी तेज, सफाई से लेकर ट्रैफिक व्यवस्था पर मंथन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** दुर्गा पूजा के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर रांची नगर निगम और रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के बीच सोमवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने की. इसमें नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति से जुड़े विभिन्न पूजा पंडालों के आयोजक शामिल हुए. बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, साफ-सफाई, यातायात और विसर्जन व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई. साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-



निर्देश दिए गए. बैठक में पूजा के दौरान शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने का मुद्दा प्रमुखता से उठा. पूजा समितियों की ओर से पंडालों और आसपास के इलाकों में नियमित सफाई की मांग की गई. नगर निगम की ओर से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां लगातार सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई. पूजा पंडालों तक पहुंचने वाले प्रमुख रास्तों और सड़कों पर मौजूद गड्ढों की मरम्मत समय रहते कराने का निर्देश दिया गया. पूजा पंडालों और विसर्जन मार्गों पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने तथा पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने पर भी चर्चा हुई.

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रमुख पूजा स्थलों के आसपास पेयजल टैंकर और चलंत शौचालय उपलब्ध कराने की व्यवस्था पर भी मंथन हुआ. पूजा के दौरान संभावित जाम को देखते हुए ट्रैफिक, पार्किंग और अतिक्रमण से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई. प्रमुख मार्गों पर अनावश्यक कट को हटाने, अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने और पंडालों के आसपास पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही गई. सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर पूजा समितियों को पंडालों में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकास की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया. पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ सुरक्षा व्यवस्था में पूजा समिति के स्वयंसेवकों की तैनाती करने को भी कहा गया. ध्वनि प्रदूषण को लेकर उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने की बात कही गई. रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर रोक रहेगी. इसके अलावा विज्ञापन के लिए अनधिकृत तोरण द्वार नहीं लगाने का निर्देश भी पूजा समितियों को दिया गया. विसर्जन को लेकर भी बैठक में विशेष चर्चा हुई. प्रशासन की ओर से सभी पूजा समितियों से आपसी समन्वय बनाकर एक ही दिन विसर्जन करने को लेकर आम सहमति बनाने का आग्रह किया गया.

## स्वच्छता ही सेवा-2026: सीसीएल मुख्यालय में दिलाई गई स्वच्छता शपथ, स्वच्छता जागरूकता रथ को दिखाई गई हरी झंडी

**स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत के संदेश के साथ रांची में जागरूकता अभियान**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** स्वच्छता ही सेवा-2026 के अंतर्गत सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, दरभंगा हाउस, रांची में स्वच्छता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता को अपनी आदत और जिम्मेदारी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज



कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निदेशक (मानव संसाधन)हर्ष नाथ मिश्र ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इसके पश्चात सभी निदेशकगण एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी ने संयुक्त रूप से स्वच्छता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह स्वच्छता जागरूकता रथ रांची के विभिन्न चौक-चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों एवं गली-मोहल्लों में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेगा और स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएगा। इस वर्ष स्वच्छता ही सेवा-2026 की थीम स्वच्छता में सहभाग; स्वच्छ भारत, विकसित भारत है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति सामूहिक भागीदारी और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। विदित हो कि स्वच्छता ही सेवा-2026 के अंतर्गत सीसीएल मुख्यालय के साथ-साथ सीसीएल के सभी कोयला क्षेत्रों में भी विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता को जनभागीदारी का हिस्सा बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# राजमहल के बीएलएनएल बोहरा इंटर कॉलेज में वित्तीय गड़बड़ी के आरोप, प्रशासन ने शुरू की जांच

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल स्थित बीएलएनएल बोहरा इंटर कॉलेज में कथित वित्तीय गड़बड़ियों, फजीवाड़े और नियमों की अनदेखी का मामला गरमा गया है। कॉलेज से निलंबित व्याख्याता प्रफुल्ल कुमार सिंह, जैक प्रतिनिधि प्रो. नजरूल इस्लाम और राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन द्वारा उच्चाधिकारियों को दिए गए ज्ञापनों के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। इन गंभीर शिकायतों को संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) राजमहल सहित अन्य अधिकारियों ने कॉलेज पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। कॉलेज के वाणिज्य संकाय के व्याख्याता प्रफुल्ल कुमार सिंह ने अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल को आवेदन देकर कॉलेज प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि कॉलेज में वर्षों से सरकारी अनुदान के वितरण में गड़बड़ी और मासिक वेतन भुगतान में हेराफेरी की जा रही है। सरकारी उपयोगिता प्रमाण-पत्र में शिक्षकों और कर्मियों का नियमित वेतन दिखाया जाता है, जबकि हकीकत में कुछ कर्मियों को छोड़कर अन्य को उचित भुगतान नहीं मिलता। डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के नियमों को दरकिनार कर चेक के माध्यम से भुगतान किया जाता है और रेवेन्यू टिकट पर हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कॉलेज सचिव द्वारा अपने निजी हितों को साधने के लिए वरीय शिक्षकों की अनदेखी कर अपने चहेते कनीय शिक्षकों को प्रभारी प्राचार्य बनाया जाता रहा है। उन्होंने अपने निलंबन को भी दुर्भावनापूर्ण बताते हुए निरस्त करने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं, कॉलेज के जैक प्रतिनिधि प्रो. नजरूल इस्लाम ने भी झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के अध्यक्ष व सचिव को पत्र लिखकर तीन सदस्यीय टीम से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें दरकिनार कर बिना सहमति के वित्तीय फैसले लिए जाते हैं। साथ ही एक बड़ा उदाहरण देते हुए बताया कि भूगर्भशास्त्र के एक शिक्षक, जो वर्ष 2013 के पूर्व से संत जेवियर स्कूल साहिबगंज में कार्यरत थे, उनके नाम पर कॉलेज सचिव द्वारा वर्ष 2018 तक सरकारी अनुदान की राशि का उठाव किया गया। इधर, पूरे मामले पर राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को पत्र लिखकर तत्काल प्रभाव से कॉलेज के सरकारी अनुदान पर रोक लगाने और उपायुक्त साहिबगंज के स्तर से उच्चस्तरीय जांच कराने की अनुशंसा की है। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्ष 2013 से सजायाफ़्त कॉलेज सचिव द्वारा लगातार विधि विरुद्ध कार्य और वित्तीय अनियमितताएं की जा रही हैं, जिन पर रोक लगाना आवश्यक है। उन्होंने कॉलेज में सरकारी नियमानुसार वरीय शिक्षक को पदभार सौंपने की मांग की है। विभिन्न स्तरों से प्राप्त शिकायतों और साक्ष्यों के आधार पर प्रशासनिक जांच शुरू होने से कॉलेज प्रबंधन में हड़कंप मचा हुआ है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छता एवं संक्रमण रोकथाम को लेकर नगर परिषद की विशेष पहल



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज** ।बाढ़ का पानी कम होने के साथ ही साहिबगंज नगर परिषद द्वारा शहरी क्षेत्र में स्वच्छता एवं संक्रमण की रोकथाम को लेकर विशेष अभियान तेज कर दिया गया है। बाढ़ प्रभावित वार्डों एवं मोहल्लों में नगर परिषद के कर्मियों द्वारा नियमित रूप से चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि बाढ़ के बाद जलजमाव एवं नमी वाले क्षेत्रों में संक्रमण फैलने की आशंका को देखते हुए नगर परिषद की टीम द्वारा प्रतिदिन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार चूना एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही प्रभावित इलाकों में स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखना नगर परिषद की प्राथमिकता है। बाढ़ के बाद उत्पन्न परिस्थितियों में किसी भी प्रकार के संक्रमण के खतरे को न्यूनतम करने तथा नागरिकों को स्वस्थ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा।नगर परिषद द्वारा आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, जलजमाव वाले स्थानों पर अनावश्यक रूप से न जाएं तथा किसी भी प्रकार की गंदगी अथवा स्वास्थ्य संबंधी समस्या की सूचना संबंधित नगर परिषद कर्मियों को दें।

## 11 हजार वोल्ट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, गांव में पसरा मातम

**साहिबगंज** ।पतना रांगा थाना क्षेत्र के बड़तल्ला गांव में चूहा मारने के दौरान 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार की चपेट में आने से एक अधेड़ की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बड़तल्ला गांव निवासी धानो हांसदा (55) के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में मातम पसर गया।हादसे की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गयी। घटना को लेकर गांव में शोक का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार, धानो हांसदा गांव के खलिहान में चूहा मारने के लिए गया था। इसी दौरान कथित रूप से उसके हाथ में मौजूद सब्बल ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के विद्युत तार के संपर्क में आ गया। तार के संपर्क में आते ही वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। हादसा इतना अचानक हुआ कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही धानो हांसदा ने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। शव देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। हादसे की खबर गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। घटना के बाद से बड़तल्ला गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों के बीच हादसे को लेकर चर्चा होती रही। बताया गया कि घटना की जानकारी बिजली विभाग को मौखिक रूप से दी गयी थी। हालांकि, समाचार भेजे जाने तक विभाग को लिखित शिकायत नहीं दी गयी थी।वहीं, रांगा थाना में भी घटना को लेकर किसी प्रकार की लिखित शिकायत दर्ज नहीं करायी गयी थी। पुलिस की ओर से मामले में आगे की कार्रवाई की स्थिति समाचार भेजे जाने तक स्पष्ट नहीं हो सकी थी।

## जर्जर बिजली तारों से महादेवगंज के ग्रामीणों में दहशत, हादसे का खतरा



**साहिबगंज** ।सदर प्रखंड के महादेवगंज में बिजली के जर्जर तारों के कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। तार के क्षतिग्रस्त होने से आए दिन शॉर्ट सर्किट और तार जलने की घटनाएं हो रही हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण डंकल कुमार यादव सहित अन्य उपभोक्ताओं ने मुख्य विद्युत कार्यपालक को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया है। आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव वाली लाइन का तार काफी पुराना और जगह-जगह से टूटा हुआ है। विगत कई दिनों से बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है। कभी हवा चलने पर तार आपस में टकरा जाता है तो कभी स्पार्किंग होने लगती है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द तार नहीं बदला गया तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द क्षेत्र में नया बिजली तार लगाया जाए ताकि ग्रामीणों को इस गंभीर समस्या से निजात मिल सके।

# भगवान बलभद्र की पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, समाज की एकजुटता पर दिया जोर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**



**बरहरवा/साहिबगंज।** जिले के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर स्थित गुलाबी माधव विवाह भवन में सोमवार को ब्याहुत समाज की ओर से भगवान बलभद्र की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ की गई। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के बीच पूजा संपन्न हुई। इस दौरान समाज के महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में हिस्सा लेकर परिवार, समाज एवं क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा कार्यक्रम में मुकेश भगत एवं उनकी पत्नी यजमान के रूप में शामिल हुए। पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। भगवान बलभद्र को विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित कर श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के दौरान गुलाबी माधव विवाह भवन परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालु पूरे उत्साह और आस्था के साथ आयोजन में शामिल हुए। पूजा संपन्न होने के बाद उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ब्याहुत समाज के लोगों ने भगवान बलभद्र के आदर्शों एवं उनके जीवन से जुड़े संदेशों को स्मरण किया। साथ ही समाज में आपसी भाईचारा, एकजुटता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस तरह के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज के लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने के साथ-साथ नई पीढ़ी को अपनी परंपरा और संस्कृति से परिचित कराने का भी माध्यम हैं। भगवान बलभद्र की पूजा को लेकर समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिला एवं पुरुष श्रद्धालु बड़ी संख्या में पूजा स्थल पर पहुंचे और विधिवत पूजा-अर्चना में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने परिवार की खुशहाली, समाज की उन्नति तथा क्षेत्र में शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। प्रसाद वितरण के साथ पूजा कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को लेकर विवाह भवन परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा।

## केंद्रीय विद्यालय के छात्रों के बीच गंगा मिशन ने बांटे फलदार पौधे



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज** ।गंगा मिशन कोलकाता की ओर से सोमवार को शहर के केंद्रीय विद्यालय में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों के बीच फलदार पौधा वितरण किया गया। केंद्रीय विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्नेहा, कृषि बीमा कंपनी के नॉन ऑफिशियल डायरेक्टर सह भाजपा नेता गणेश तिवारी, गंगा सेवा समिति सदस्य प्रमोद पांडे सहित अन्य ने छात्रों व शिक्षकों के बीच आम, कटहल, नारियल, आवंला, स्टार फ्रूट्स पौधा का वितरण किया गया। वही गणेश तिवारी ने कहा कि पेड़ पौधों हमारे जीवन के आधार हैं। पर्यावरण हमारे लिए बेहद जरूरी कार्य है। स्कूली बच्चे अपने जन्मदिन पर एक एक फलदार पौधा अवश्य लगाए और उसकी सेवा करके बड़ा करे। मौके पर संजीव श्रीवास्तव, चंपक दत्ता, अशोक सराफ, राजीव सिंह, राजीव चौधरी, दिवेश झा, मनोज झा, शिलाजीत वासु, अर्चना कुमारी, सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## घर में घुसकर चोरों ने नकदी, जेवरात व मोबाइल उड़ाए, प्राथमिकी दर्ज

**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल थाना क्षेत्र के मंडई सुखार फाटक निवासी मंसूर शेख के घर में घुसकर अज्ञात चोरों ने नकदी, जेवरात व मोबाइल फोन की चोरी कर ली। घटना बीते 19 सितंबर 26 की देर रात की बतायी जा रही है। मामले को लेकर पीड़ित ने राजमहल थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करायी है। प्राथमिकी के अनुसार, मंसूर शेख रात में खाना खाने के बाद घर के बाहर बरामदे में सो गये थे, जबकि उनके पुत्र व पुत्री कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुस गया और बक्से में रखे करीब पांच हजार रुपये, डेढ़ भारी सोने एवं चांदी के आभूषण तथा एक मोबाइल फोन लेकर फरार हो गया। सुबह करीब चार बजे नींद खुलने पर घर का सामान बिखरा मिला, जिसके बाद चोरी का पता चला। पुलिस ने कांड संख्या 324/26 दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में जल जीवन मिशन की योजनाओं की समीक्षा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**साहिबगंज** ।उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान बहुग्रामीण जलापूर्ति योजना, बल्क वाटर सप्लाई योजना, एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना सहित अन्य संबंधित योजनाओं की वर्तमान स्थिति, कार्य प्रगति एवं क्रियान्वयन से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यकारी एजेंसियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने का निर्देश दिया।बैठक में योजनाओं के प्रभावी अनुश्रवण, लंबित कार्यों के शीघ्र निष्पादन तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को लेकर भी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग शशि शेखर सिंह, संबंधित सहायक अभियंता, कनिय अभियंता व अन्य उपस्थित थे।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार को दी गई भावभीनी विदाई

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**





**साहिबगंज** ।माननीय प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार का झारखंड उच्च न्यायालय रांची में न्यायमूर्ति के पद पर पदोन्नति होने को लेकर जिला अधिवक्ता संघ साहिबगंज के द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार को फूल माला एवं पुष्पगुच्छ देखकर सम्मानित किया गया। वही अधिवक्ताओं ने सॉल एवं धार्मिक पुस्तक के प्रदान किया। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ललित स्वदेशी सचिव विजय करन, पूर्व अध्यक्ष प्रेमनाथ तिवारी, उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद सिंह दारा, बरीय अधिवक्ता देवनारायण यादव, बीएन ओझा, सूर्यनारायण यादव, संजय जयसवाल, शिव शंकर प्रसाद, लालबाबू यादव विदाई समारोह को संबोधित किया। उक्त कार्यक्रम के बाद भोज का आयोजन की गई थी। उक्त मौके पर साहिबगंज के सभी न्यायिक पदाधिकारी गण एवं संघ के अधिवक्ता गण भोज में सम्मिलित हुए। इसमें मुनीलाल मंडल, अरविंद राय, अमरेंद्र मोहंती, विवेक कुमार, अजय वर्मा, मंजर राजा, तारीफ जफर, संजू सिंह, पन्नालाल सुनील कुमार, उमाशंकर प्रसाद, कुमार अभ्युदय झा, ज्योति प्रकाश ओझा, अशोक यादव, चंदन चौधरी,देवेंद्र चौधरी, विवेक कुमार, जितेंद्र मालाकार, अरुण सिंह, सुजीत मंडल, संजय देव, भानु प्रताप शील, दिलीप झा, मानव पासवान, सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोतो में सजेगा विजयादशमी का भव्य मंच, रावण दहन को लेकर बनी रूपरेखा

### पत्रकारों की बैठक में आयोजन समिति का गठन, सुरक्षा और विधि-व्यवस्था पर भी हुई चर्चा

**पतरातू :** रामनवमी अखाड़ा कोतो में सोमवार को पतरातू के पत्रकारों की आवश्यक बैठक हुई। अध्यक्षता वरीय समाजसेवी जयप्रकाश सिंह ननकी ने की, जबकि संचालन अजय तिवारी ने किया। बैठक में विजयादशमी के अवसर पर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयोजन को इस बार और आकर्षक एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर विस्तार से रणनीति तैयार की गई।जयप्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि प्रेस क्लब पतरातू के तत्वावधान में पिछले वर्ष रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में माताएं-बहनें, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए थे। लोगों की सहभागिता और उत्साह को देखते हुए इस वर्ष कार्यक्रम को और भव्य रूप देने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। मुख्य संरक्षक के रूप में सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक रोशन लाल चौधरी को शामिल किया गया। संरक्षक के रूप में जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, सभी मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई। संयोजक जयप्रकाश सिंह ननकी एवं सलीम अंसारी, अध्यक्ष अजय तिवारी, उपाध्यक्ष आशीष वर्मा, सचिव राजीव रंजन तथा सह सचिव विकास पाठक, धीरज पाठक, बिरेंद्र कुमार, धीरज कुमार, बिनोद करमाली, राहुल सिंह एवं संतु सिंह बनाए गए। कोषाध्यक्ष सुमन सिंह एवं उप कोषाध्यक्ष राजेश पटेल को बनाया गया।

## जिला पुस्तकालय में विद्यार्थियों की सुविधाएं बढ़ाने पर जोर



**लोहरदगा:** उपायुक्त- सह- अध्यक्ष, जिला पुस्तकालय समिति संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में सोमवार को नदिया स्थित जिला पुस्तकालय समिति की बैठक हुई। बैठक में पुस्तकालय में अध्ययन के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बेहतर अध्ययन वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले युवक-युवतियों से प्रतिमाह निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। पुस्तकालय के संचालन एवं वित्तीय व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए बैंक खाता खोलने का भी निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने लाइब्रेरियन को पुस्तकालय के लिए आवश्यक पुस्तकों की सूची तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विद्यार्थियों की जरूरत के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं सहित विभिन्न विषयों की उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। इसके अलावा पुस्तकालय परिसर में कैंटीन का संचालन शुरू कराने, भवन की सुरक्षा के लिए रात्रि प्रहरी की व्यवस्था करने, परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने, विद्यार्थियों एवं अन्य पाठकों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा आरओ वाटर फिल्टर लगाने का निर्णय लिया गया।बैठक में पुस्तकालय की साफ-सफाई, सुरक्षा, मूलभूत सुविधाओं और अध्ययन के अनुकूल वातावरण को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, जिला पुस्तकालय की लाइब्रेरियन सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# झारखण्ड का करमा त्यौहार सांस्कृतिक धरोहर है :जिप सदस्य धनेश्वर महतो

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**दोहकातु गँड़के मे 13 अखाडा की महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया**



**रामगढ़/रजरप्पा।** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातू पंचायत के लोलो मे करमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगढ़ जिप सदस्य धनेश्वर महतो विशिष्ट अतिथि कुंदरूकला मुखिया किसुन राम मुंडा व मुखिया कलावती देवी मुख्य रूप से शामिल हुए इस दौरान करमा महोत्सव मे उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की झारखण्ड के पुरे राज्य मे सैकड़ों वर्षों से करमा मनाते आ रहे है प्रकृति का पेड़ करम डाली की गाँव की युवक युवतियाँ हर्ष और उल्लास के साथ मनाते है यह त्यौहार पूर्वजों की देन है मौके पर मुखिया किसुन ने कहा की झारखण्ड मे सभी समुदाय के लोग आपस मे मिलजुल कर बड़े ही धूमधाम से मनाते है तथा बहन लोग भाई की लम्बी उम्र की कामना कर सुख समृद्धि शांति के लिए 9 दिनों तक जावा फुल का सेवा करती है, और फसलों की हरियाली खुशहाली बना रहे।
दोहाकातू मुखिया कलावती देवी मे पंचायत वासियो को करमा पर कहा की हमारी परम्परा जुडा पर्व है झारखण्डी सांस्कृति धरोहर है, सभी झारखंड वासियो को इस पर्व को संरक्षित और बचाकर रखने की आवश्यकता है, पूर्वजों की दिया हुआ पौराणिक अनुपम उपहार है करमा महोत्सव जिसे झारखण्ड के आदिवासी और सदान लोग आपसी भाई- चारगी के साथ सभी समुदाय के झारखंड वासी बड़े ही धूमधाम से मनाते आ रहे है करमा त्यौहार प्रकृति से जुडा पर्व है जिसे किसान वर्ग के लोग खेतों मे लगे फसलों की बेहतर उपज हो सके तथा गाँव समाज के खेती लहलहाते रहे खेतों मे हरियाली बना रहे तथा गांव के ग्रामीण परिवार मे हमेशा सुख समृद्धि बना रहे * इस मौके पर अतिथियों ने 13 अखरा की महिलाओं को साड़ी वितरण किया गया करमा झूमर महोत्सव का संचालन अनिल कुमार एवं अर्जुन लाल महतो ने किया इस मौके पर समाजसेवी संजय मुंडा गन्नू मातो भोला महतो महेंद्र मुंडा सूरज मुंडा दौलत महतो मिट्ठू महतो अजय महतो रवीना देवी प्रयाग महतो झमन महतो सुमन महतो मुकुंद मुंडा अजय करमाली रोहन करमाली गोविंद महतो लोगों महतो हीरा मुंडा संजय मुंडा मिंटू मुंडा नकुल पहन सहित भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# उपायुक्त ने जिला पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण, विद्यार्थियों से संवाद कर अध्ययन के प्रति किया प्रेरित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हजारीबागः** उपायुक्त श्री हेमन्त सती ने सोमवार को जिला पुस्तकालय, हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तकालय में पठन-पाठन की स्थिति, बिजली, पेयजल, साफ-सफाई एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने पुस्तकालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं तैयारी से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से अध्ययन करने, मेहनत एवं अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनावश्यक व्यवधानों एवं विसंगतियों से बचते हुए पूरी लगन के साथ अध्ययन करने की सलाह दी।विद्यार्थियों ने उपायुक्त से पुस्तकालय में अध्ययन का समय बढ़ाने का अनुरोध किया। विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने पुस्तकालय में वाई-फाई की व्यवस्था कराने तथा सोलर पैनल लगाने की दिशा में आवश्यक पहल करने की बात कही।उपायुक्त ने पुस्तकालय कर्मियों को पुस्तकालय का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने, नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने तथा विद्यार्थियों की आवश्यक जरूरतों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध संसाधनों का समुचित रखरखाव एवं विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।





## व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों ने कौशल प्रतियोगिता में दिखाया हुनर



**लोहरदगाः** शिक्षा परियोजना के अंतर्गत सोमवार को सीएम एसओई नदिया प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में जिले के विभिन्न सरकारी प्लस टू विद्यालयों के विद्यार्थियों के बीच कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के सभी सरकारी प्लस टू विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा की पढ़ाई कराई जा रही है। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के व्यावसायिक प्रशिक्षक अपने विद्यार्थियों के साथ शामिल हुए। छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने ट्रेड से संबंधित कौशल का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता में विभिन्न ट्रेडों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालयों में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर में नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरू, सेन्हा, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट में भी नंदलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरू, सेन्हा, आईटी एंडआईटीईएस में सीएम एसओई नदिया प्लस टू उच्च विद्यालय, लोहरदगा, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी में प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, एग्रीकल्चर में गवर्नमेंट हाई स्कूल ब्रह्मांडीहा चट्टी, रिटेल में कस्तूरबा सीएम एसओई गर्ल्स हाई स्कूल, लोहरदगा, हेल्थ केयर में केजीबीवी सीएम एसओई लोहरदगा, अपैरल में प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल, कुड़ू, ब्यूटी एंड वेलनेस में गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल मरडीह तथा ऑटोमोटिव में प्रोजेक्ट प्लस टू हाई स्कूल, कुड़ू शामिल रहे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त, लोहरदगा शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को अपने हुनर को लगातार बेहतर बनाते रहना चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने तथा नौकरी तलाशने वालों के बजाय रोजगार देने वालों की श्रेणी में आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा, एडीपीओ, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, लोहरदगा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, लोहरदगा, प्राचार्य आईटीआई लोहरदगा, उद्योग प्रतिनिधि/मानव संसाधन, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लोहरदगा तथा निदेशक आरसेटी लोहरदगा सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका उपाधीक्षक, सदर अस्पताल लोहरदगा, जिला कृषि पदाधिकारी, लोहरदगा, हिंदुस्तान समाचार पत्र के ब्यूरो हेड दीपक मुखर्जी, जिला पर्यटन पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी (एनआईसी) लोहरदगा, अभिजीत मन्ना (एमआरपी, लरनेट स्किल लि.) तथा सपना सिंह ने निभाई।समापन के अवसर पर सपना सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं एवं व्यावसायिक प्रशिक्षकों को अपने कौशल को निरंतर बेहतर बनाने के लिए शुभकामनाएं दीं और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एमएसएमई योजनाओं पर उद्यमियों को किया जागरूक ,200 से अधिक ने लिया हिस्सा




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**धनबाद।** भारत सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्य उद्यम मंत्रालय ( एम एसएमई) और पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री के संयुक्त तत्वाधान में धनबाद रेलवे ऑडिटोरियम में ₹उद्यमी जागरूकता एवं विशेष विक्रेता विकास कार्यक्रम₹ आयोजित किया गया ।इसमें धनबाद व आसपास के 200 से अधिक उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एससी -एसटी हब योजना, सार्वजनिक खरीद नीति, उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण, वेंडर रजिस्ट्रेशन, ई टेंडरिंग ,ऋण एवं सब्सिडी जैसी योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों और विशेषज्ञों ने उद्यमियों को सरकारी खरीद प्रक्रिया तथा व्यवसाय विस्तार के अवसरों से अवगत कराया। कार्यक्रम में एमएसएमई, बीसीसीएल ,डीवीसी ,विभिन्न बैंकों, जिम और प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी मार्गदर्शन दिया।

## नवयुवक संघ की बैठक सम्पन्न, अध्यक्ष बने अनिल पासवान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**पुरानी कमेटी भंग कर नई कमेटी का गठन, हर्षोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय**



**छतरपुरःपलामू/** प्रखंड क्षेत्र के खाटीन गांव स्थित देवी मंदिर के प्रांगण में रविवार को दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर नवयुवक संघ खाटीन के तत्वावधान में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राणा रणजीत पहाड़ी ने की। बैठक में दुर्गा पूजा को हर्षोल्लास, आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मनोज कुमार मिश्रा के निर्देशन में नवयुवक संघ खाटीन द्वारा दुर्गा पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा आयोजन को सफल बनाने के लिए सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।नई कमेटी में सुभाष मिश्रा, चंचल ठाकुर, संतोष दास, नंदलाल बरई एवं मंटू मिश्रा को संरक्षक बनाया गया। श्यामानंद मिश्रा को संचालक, बबलू चौरसिया को सचिव, उपेंद्र पासवान को उपसचिव तथा अनिल पासवान को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं संजय मिश्रा को उपाध्यक्ष, पंकज बरई को कोषाध्यक्ष, सुनील दास को उपकोषाध्यक्ष, गोलू कुमार को महामंत्री एवं प्रियांशु ठाकुर को उपमहामंत्री की जिम्मेदारी दी गई। इसके अलावा टिंकू ठाकुर को पंडाल प्रभारी तथा उपेंद्र कुमार गुप्ता को पूजा प्रभारी बनाया गया। बैठक में शंभू बरई, सुरेंद्र दास, भोला मिश्रा, मंटू पासवान, दिलीप कुमार, प्रेम प्रकाश, छोटू पासवान, अभिषेक दास, सौरभ कुमार, देव कुमार, आनंद मिश्रा, छोटू बरई, चंदन पासवान, मणि ठाकुर, आशुतोष कुमार, नीरज मिश्रा, बंटी ठाकुर, सोनू मिश्रा एवं राहुल दास को सक्रिय सदस्य बनाया गया।

बैठक में सदस्यों ने कहा कि दुर्गा पूजा को भव्य एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी सदस्य आपसी समन्वय के साथ कार्य करेंगे। पूजा पंडाल, पूजा व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी की जाएंगी।नवयुवक संघ के मीडिया प्रभारी पहाड़ी बाबा ने बताया कि दुर्गा पूजा की तैयारियां जल्द शुरू की जाएंगी। उन्होंने ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं से पूजा आयोजन में सहयोग करने की अपील की।

## केंद्रीय सरना समिति का करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम आयोजित




**करम पूर्व संध्या पर 45 नृत्य मंडलियों ने बिखेरी आदिवासी संस्कृति की छटा**

**लोहरदगाः** केंद्रीय सरना समिति द्वारा सोमवार को करम पूर्व संध्या सांस्कृतिक समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। समारोह में जिले के विभिन्न छात्रावासों एवं संस्थानों से पहुंची करीब 45 नृत्य मंडलियों ने पारंपरिक नृत्य-संगीत की प्रस्तुति देकर आदिवासी संस्कृति की समृद्ध विरासत को जीवंत किया। नृत्य मंडलियों ने अपने पूर्वजों से जुड़ी परंपराओं और लोक संस्कृति को मंच पर प्रस्तुत करने के साथ वर्तमान युवा पीढ़ी को इससे परिचित कराने और सीखने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति का उपासक रहा है। प्रकृति के करीब रहकर आदिवासी समाज पूजा, उपवास और आराधना की परंपरा का निर्वहन करता आया है। उन्होंने कहा कि करम पर्व भाई-बहन के पवित्र और अटूट रिश्ते का प्रतीक भी है। करम पर्व में जावा फूल का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि अन्न की सृष्टि के प्रारंभिक समय में जौ का विशेष महत्व रहा है, इसलिए करम पर्व में जावा के माध्यम से समृद्धि और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। उन्होंने करम की डाली के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कहा कि करम पर्व प्रकृति, पर्यावरण और जीवन के साथ आदिवासी समाज के गहरे संबंध को दर्शाता है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी परंपरा, संस्कृति और पूर्वजों की विरासत से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। समारोह में विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली नृत्य मंडलियों एवं प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। बड़ों की सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कस्तूरबा कॉलेज छात्रावास, द्वितीय स्थान छात्रावास 1+3 तथा तृतीय स्थान छात्रावास संख्या-2 ने प्राप्त किया। वहीं बच्चों के सामूहिक एवं एकल प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नगाड़ा, मांदर, घंट सहित अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद सुखदेव भगत, पूर्व सांसद सुदर्शन भगत, जिला परिषद अध्यक्ष सुखदेव उरांव, पूर्व प्राचार्य लोहरा उरांव, प्रो. शशि गुप्ता, सरिता उरांव, माझी सर, सुमन कुजूर सहित केंद्रीय सरना समिति के संरक्षक, पदाधिकारी, बुद्धिजीवी एवं विभिन्न छात्रावासों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। समारोह के दौरान पारंपरिक वेशभूषा में प्रस्तुत किए गए नृत्य और गीतों ने पूरे माहौल को करम पर्व की उमंग से भर दिया।

## वरिष्ठ फोटोग्राफर विनोद सोनी रहे मुख्य अतिथि, मिनी एक्सपो का किया उद्घाटन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**लोहरदगा फोटोग्राफी एसोसिएशन को मिला सम्मान**




**लोहरदगाः** फोटोग्राफी एसोसिएशन हजारीबाग के तत्वाधान में 20 सितंबर को हजारीबाग में मिनी एक्सपो का आयोजन किया गया। एक्सपो में देश-विदेश की कई नामचीन इंटरनेशनल कंपनियों ने भाग लिया।आयोजन में लोहरदगा जिले को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर लोहरदगा फोटोग्राफी एसोसिएशन की टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा के वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं फोटोशॉप एक्सपर्ट विनोद सोनी को मुख्य अतिथि बनाया गया। उन्होंने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर एक्सपो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर फोटोग्राफी एसोसिएशन हजारीबाग के अध्यक्ष बिरजू कुमार ने विनोद सोनी एवं लोहरदगा टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विनोद सोनी ने कहा कि यह एक्सपो केवल व्यापार का माध्यम नहीं, बल्कि फोटोग्राफी जगत से जुड़े लोगों को एक मंच प्रदान करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग फोटोग्राफीएसोसिएशन की यह पहल फोटो ग्राफी व्यवसाय को नई दिशा देने के साथ-साथ राज्य के फोटोग्राफरों को नई तकनीक और व्यवसाय के बदलते स्वरूप से रूबरू कराने में सहायक होगी। इससे फोटोग्राफी क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच आपसी संबंध भी मजबूत होंगे। उन्होंने आयोजन के लिए हजारीबाग फोटोग्राफी एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की। एक्सपो में लोहरदगा के अलावा झारखंड के करीब 10 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। वहीं पड़ोसी राज्यों बिहार और ओडिशा के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में लोहरदगा से एसोसिएशन के सचिव पवन कुमार, सह सचिव सरोज कुमार, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, वरिष्ठ सदस्य विनोद सोनी एवं ज्ञान प्रकाश शामिल हुए।

## वरिष्ठ फोटोग्राफर विनोद सोनी रहे मुख्य अतिथि, मिनी एक्सपो का किया उद्घाटन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**लोहरदगा फोटोग्राफी एसोसिएशन को मिला सम्मान**

**लोहरदगाः** फोटोग्राफी एसोसिएशन हजारीबाग के तत्वावधान में 20 सितंबर को हजारीबाग में मिनी एक्सपो का आयोजन किया गया। एक्सपो में देश-विदेश की कई नामचीन इंटरनेशनल कंपनियों ने भाग लिया।आयोजन में लोहरदगा जिले को भी आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर लोहरदगा फोटोग्राफी एसोसिएशन की टीम को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोहरदगा के वरिष्ठ फोटोग्राफर एवं फोटोशॉप एक्सपर्ट विनोद सोनी को मुख्य अतिथि बनाया गया। उन्होंने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर एक्सपो का उद्घाटन किया। इस अवसर पर फोटोग्राफी एसोसिएशन हजारीबाग के अध्यक्ष बिरजू कुमार ने विनोद सोनी एवं लोहरदगा टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए विनोद सोनी ने कहा कि यह एक्सपो केवल व्यापार का माध्यम नहीं, बल्कि फोटोग्राफी जगत से जुड़े लोगों को एक मंच प्रदान करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग फोटोग्राफीएसोसिएशन की यह पहल फोटो ग्राफी व्यवसाय को नई दिशा देने के साथ-साथ राज्य के फोटोग्राफरों को नई तकनीक और व्यवसाय के बदलते स्वरूप से रूबरू कराने में सहायक होगी। इससे फोटोग्राफी क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच आपसी संबंध भी मजबूत होंगे। उन्होंने आयोजन के लिए हजारीबाग फोटोग्राफी एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सराहना की। एक्सपो में लोहरदगा के अलावा झारखंड के करीब 10 जिलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। वहीं पड़ोसी राज्यों बिहार और ओडिशा के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में लोहरदगा से एसोसिएशन के सचिव पवन कुमार, सह सचिव सरोज कुमार, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, वरिष्ठ सदस्य विनोद सोनी एवं ज्ञान प्रकाश शामिल हुए।

## विधायक चंद्रदेव महतो ने किया ऐतिहासिक करम महोत्सव का उद्घाटन, झारखंड की समृद्ध संस्कृति को जीवंत रखने का दिया संदेश

**बलियापुर / सिंदरीः**झारखंड के सबसे पुराने और पहले करम अखाड़ों में शुमार बलियापुर हाई स्कूल मैदान में इस वर्ष भी पारंपरिक करम महोत्सव (जावा पर्व) का आयोजन अत्यंत धूमधाम, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। अविभाजित बिहार के समय से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस ऐतिहासिक महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि सिंदरी विधायक माननीय चन्द्रदेव महतो ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी जिला परिषद सदस्य श्वेता कुमारी उप प्रमुख आशा देवी सहित तमाम कमेटी के सदस्य उपस्थित रहेझारखंडी सांस्कृतिक कला मंच, धोखरा द्वारा आयोजित इस विराट करम महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक चन्द्रदेव महतो का आयोजन समिति और स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।महोत्सव को संबोधित करते हुए सिंदरी विधायक माननीय चन्द्रदेव महतो ने समस्त प्रदेशवासियों को करम पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ₹बलियापुर का यह ऐतिहासिक करम अखाड़ा हमारी लोक विरासत का प्रतीक है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन झारखंड की समृद्ध संस्कृति, महान परंपरा और लोक विरासत को जीवंत बनाए रखने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमें अपनी माटी की संस्कृति और परंपराओं पर गर्व होना चाहिए और इसे अगली पीढ़ी तक अक्षुण्ण बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है।इस पारंपरिक महोत्सव में बड़ी संख्या में जावा व्रती युवतियां, महिला-पुरुष और सांस्कृतिक कर्मी शामिल हुए। ढोल-मांदर और नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक वेशभूषा में लोक कलाकारों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में झारखंडी सांस्कृतिक कला मंच, धोखरा के सभी पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकताओं का सराहनीय योगदान रहा।

## अमड़ापाड़ा में ग्राम प्रधान की निर्मम हत्या से सनसनी, घटनास्थल पर पहुंची पुलिस और डॉग स्क्वायड टीम

**रूपामुनी सोरेन @झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**अमड़ापाड़ा।** थाना क्षेत्र के सिगारसी पंचायत अंतर्गत छोटा कुसकुट्टा गांव में ग्राम प्रधान छोटा बाबना पहाड़िया (करीब 60 वर्ष) की हत्या का मामला सामने आने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही अमड़ापाड़ा थाना पुलिस तत्काल हरकत में आई और थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया तथा घटनास्थल की बारीकी से जांच शुरू की।घटना की गंभीरता को देखते हुए जांच को व्यापक रूप देने के लिए अन्य थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमों को भी मौके पर बुलाया गया। पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज कुमार महतो एवं महेशपुर थाना प्रभारी रवि शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके अलावा टेक्निकल सेल से पप्पू कुमार की टीम तथा डॉग स्क्वायड को भी जांच में लगाया गया।पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास बारीकी से निरीक्षण करते हुए संभावित साक्ष्यों को जुटाने का प्रयास किया। जांच टीम द्वारा घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या की घटना किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण हो सकते हैं।

ग्राम प्रधान की हत्या की खबर फैलते ही आसपास के ग्रामीणों में भी चिंता और आक्रोश का माहौल देखा गया। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद लोगों से भी आवश्यक जानकारी जुटाई है। साथ ही तकनीकी साक्ष्यों और अन्य उपलब्ध सुरागों के आधार पर मामले की जांच आगे बढ़ाई जा रही है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामला गंभीर है और सभी संभावित बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल लोगों तक पहुंचने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने जल्द ही मामले का उद्भेदन कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है। फिलहाल शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। घटना से संबंधित विस्तृत जानकारी पुलिस की जांच पूरी होने तथा आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी होने के बाद सामने आने की उम्मीद है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय में एबीवीपी की प्रचंड जीत पर सिंदरी में कार्यकताओं ने मनाया जश्न

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**सिंदरी/धनबाद ।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की तीन सीटों पर जीत के उल्लास में एबीवीपी धनबाद ग्रामीण के कार्यकताओं ने शहरपुरा के भूंजा मोड़ पर खुशी का इजहार किया।दुनिया ने फिर देखा दम, डीयूएहयू में फिर गूंजा एबीवीपी का परचम! दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर यश डबास, सचिव पद पर रिया छाबड़ी और सह-सचिव पद पर लक्ष्य राज सिंह की शानदार जीत पर सभी विजयी प्रत्याशियों एवं अभाविप के समर्पित कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। कार्यकताओं ने पटाखे फोड़कर, नारे लगाकर एवं एक-दूसरे को गुलाल लगा कर,मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया।इस अवसर पर कार्यकताओं ने ह्वविद्यार्थी शक्ति–राष्ट्र शक्तिह्व और ह्वएबीवीपी–जिंदाबादह्व के नारों के साथ उत्साह व्यक्त किया। कार्यकताओं ने कहा कि एबीवीपी देशभर के परिसरों में विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाता रहा है। दिल्ली विश्वविद्यालय में मिली जीत से कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है।कार्यक्रम में धनबाद ग्रामीण के विभिन्न दायित्वान कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंशु तिवारी पूर्व विभाग संयोजक सुधांशु गुप्ता, धनबाद ग्रामीण जिला संयोजक अनुभव शर्मा, अमित तिवारी,आर्यन कुमार ,सोनू सिंह, अभिनव कुमार,अनिश कुमार,यश राज,श्रीमती गार्गी सिंह,सुनिल कुमार सिन्हा,लोकनाथ चौधरी, इंद्रनील बनर्जी, तुलसी राय के अनेकों कार्यकर्ता एवं नेतागण कार्यक्रम में शामिल हुए।

# सीओ से बदसलूकी पर भड़का प्रशासनिक सेवा संघ, आर-पार के मूड में अधिकारी

**हुरहुरू खासमहल विवाद के बाद झासा की बैठक में बड़ा फैसला, त्र्क्ष्फ की मांग; कार्रवाई नहीं हुई तो राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी**

**झारखंड उजाला @ हजारीबाग ब्यूरो।**






**हजारीबाग।** हुरहुरू खासमहल जमीन विवाद में सदर सीओ आशुतोष कुमार के साथ कथित बदसलूकी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। पूर्व मंत्री योगेंद्र साव के साथ हुई तीखी बहस के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ (झासा) की हजारीबाग इकाई खुलकर सीओ के समर्थन में आ गई है और आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है।संघ ने बैठक कर घटना की कड़ी निंदा की है और प्रशासन से तत्काल त्र्क्ष्फ दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। संघ ने साफ कहा है कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को जिला से राज्य स्तर तक ले जाया जाएगा।

**जेसीबी लेकर पहुंची थी टीम, मौके पर हुई बहस**

मामला हुरहुरू के कैंटोनमेंट मौजा की करीब 50 डिसमिल खासमहल जमीन का है। 18 सितंबर को सदर सीओ सह खासमहल पदाधिकारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में टीम अतिक्रमण हटाने जेसीबी के साथ मौके पर पहुंची थी। आरोप है कि इसी दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव मौके पर पहुंचे और सरकारी कार्य में हस्तक्षेप करते हुए अधिकारियों से अभद्र व्यवहार किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। प्रशासन का कहना है कि जमीन सरकारी खासमहल की है, जिस पर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था।

**डीसी से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल**

झासा की बैठक में तय हुआ कि संघ का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उपायुक्त से मिलेगा और पूरे घटनाक्रम की जानकारी देगा। साथ ही राज्य इकाई को भी मामले से अवगत कराया जाएगा।संघ का कहना है कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों के सम्मान और सुरक्षा की लड़ाई है। अब सबकी नजर पुलिस-प्रशासन की अगली कार्रवाई पर है।

## बेकरी फैक्टरी से मुक्त कराए गए पाकुड़ के 04 नाबालिग बच्चे, परिजनों को सौंपे गए

**जिला प्रशासन की पहल से पश्चिम बंगाल प्रशासन के समन्वय से हुआ सफल रेस्क्यू; बच्चों की काउंसिलिंग एवं पुनर्वास हेतु निरंतर अनुश्रवण किया जाएगा**

**पाकुड़** : गैर-सरकारी संगठन चाइल्ड राईट फाउण्डेशन, राँची द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर पाकुड़ जिले के कुल 04 नाबालिग बच्चों को उत्तरी दिनाजपुर, रायगंज (पश्चिम बंगाल) स्थित एक बेकरी फैक्टरी से सफलतापूर्वक मुक्त कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।विदित हो कि बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठन चाइल्ड राईट फाउण्डेशन, राँची, झारखण्ड द्वारा अगस्त 2026 में जिला प्रशासन, पाकुड़ को सूचना दी गई थी कि जिले के 04 नाबालिग बच्चों को उत्तरी दिनाजपुर, रायगंज (पश्चिम बंगाल) स्थित बेकरी फैक्टरी में कार्य में लगाया गया है। संगठन द्वारा बच्चों के सकुशल रेस्क्यू हेतु आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया था।प्राप्त सूचना के आलोक में जिला प्रशासन, पाकुड़ द्वारा पश्चिम बंगाल के स्थानीय प्रशासन से समन्वय स्थापित करते हुए त्वरित कार्रवाई की गई, जिसके फलस्वरूप सभी 04 बच्चों का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कराया गया। रेस्क्यू के उपरांत बाल कल्याण समिति, उत्तरी दिनाजपुर (पश्चिम बंगाल) द्वारा आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की गई तथा सभी बच्चों को टीम के माध्यम से बाल कल्याण समिति, पाकुड़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बाल कल्याण समिति, पाकुड़ द्वारा सभी बच्चों की आवश्यक काउंसिलिंग की गई तथा उनकी सुरक्षा, हित एवं पुनर्वास को ध्यान में रखते हुए समुचित कार्रवाई की गई। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद सभी 04 बच्चों को सुरक्षित रूप से उनके परिजनों को सौंप दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा बच्चों के सुरक्षित भविष्य एवं पुनर्वास को प्राथमिकता देते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम के माध्यम से समय-समय पर बच्चों का अनुश्रवण किया जाएगा। साथ ही, उनके पुनर्वास एवं शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा, ताकि बच्चे पुनः शिक्षा से जुड़ सकें और सुरक्षित वातावरण में अपना जीवन यापन कर सकें।जिला प्रशासन ने बाल संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि बच्चों का सुरक्षित बचपन, शिक्षा और संरक्षण सर्वोच्च प्राथमिकता है। बाल श्रम एवं बच्चों के किसी भी प्रकार के शोषण की सूचना मिलने पर संबंधित विभाग/प्रशासन को सूचित कर आवश्यक कार्रवाई में सहयोग करने की अपील की गई है।

## बिजली बिल जमा नहीं करने पर बिजली विभाग में की कार्रवाई, काटा गया बिजली कनेक्शन

**रूपामुनि सोरेन@झारखंड उजाला सवांददाता**



**अमड़ापाड़ा।** सहायक विद्युत अभियंता प्रभातेश्वर तिवारी के निदेर्शानुसार अमड़ापाड़ा बिजली विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्ला से पांच बिजली उपभोक्ताओं का कनेक्शन काट दिया। विभागीय कार्रवाई बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किए जाने के कारण की गई।
प्राप्त जानकारी के अनुसार पांचों उपभोक्ताओं पर कुल 86 हजार 843 रुपये का बिजली बिल बकाया था। विभाग की टीम ने बकाया राशि जमा नहीं होने पर संबंधित उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित कर दिए।
जिन उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटा गया, उनमें हरीश कुमार तीर्थवानी,समरवीर ऑटो लिमिटेड, झुनू पाल,एंथोनी मुर्मू एवं सोनाराम हांसदा शामिल हैं। बिजली विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में बकाया बिजली बिल रखने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप है। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल का भुगतान करने की अपील की है,ताकि कनेक्शन विच्छेदन जैसी कार्रवाई से बचा जा सके। मौके पर टीम में अरुण कुमार,श्याम कुमार,राजन मुर्मु,बिनाज हांसदा, भोला शर्मा शामिल थे।

## 11वें आयुर्वेद दिवस के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में आयोजित आयुष जांच शिविरों में 217 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों में ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक दवाइयां उपलब्ध**



**पाकुड़ :** 11वें आयुर्वेद दिवस के प्रचार-प्रसार एवं आमजनों को आयुर्वेद पद्धति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयुष विभाग, पाकुड़ द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविरों का आयोजन किया गया। आयोजित शिविरों में कुल 217 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।आयुष जांच शिविर का आयोजन पाकुड़ प्रखंड के चन्द्रपाड़ा, लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सवालापुर एवं हाथीबथान, अमड़ापाड़ा प्रखंड के मालीपाड़ा तथा पाकुड़िया प्रखंड के पत्थरडांगा एवं मोंगलाबांध में किया गया।शिविर में उपस्थित चिकित्सकों डॉ. अबुतालिब शेख, डॉ. सौरभ विश्वास, डॉ. प्रेम प्रकाश, अफरोज आलम, डॉ. मिथिलेश कुमार, डॉ. संतोष कुमार यादव एवं डॉ. बीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग तथा बच्चों से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की निःशुल्क जांच की गई। जांच के उपरांत आवश्यकतानुसार लाभुकों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।इस संबंध में *जिला आयुष पदाधिकारी डॉ. विपिन चंद्र गुप्ता ने बताया कि आयुर्वेद दिवस प्रत्येक वर्ष 23 सितंबर को मनाया जाता है। इसके तहत विभिन्न गतिविधियों, सेमिनार, रैली एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों को आयुर्वेद की उपयोगिता एवं महत्व के प्रति जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आयुष जांच शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। ग्रामीणों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण की इस पहल की सराहना की।

## राजमहल सांसद विजय हांसदा जनता व कार्यकताओं की समस्याओं से हुए अवगत, निदान का दिया भरोसा



**पाकुड़:** जिले के परिसदन (सर्किट हाऊस) में राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा पार्टी कार्यकर्ताओं व जिले भर के आम जनता की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम व जिला सांसद प्रतिनिधि सह केंद्रीय समिति सदस्य श्याम यादव मौजूद रहे।कार्यकर्ताओ व आम ग्रामीणों ने बिजली, पानी, सड़क व स्वास्थ्य, राशन व पेंशन संबंधी समस्याओं से माननीय सांसद विजय हांसदा को अवगत कराया। सांसद विजय हांसदा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को टेलीफोनिक वार्ता कर समस्याओं के जल्द समाधान करने का कड़ा निर्देश दिया।मौके पर जिप अध्यक्ष जुली खीस्टमुनी हेम्ब्रम, जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी, केंद्रीय समिति सदस्य उमर फारूक, केंद्रीय समिति सदस्य मिथिलेष घोष, पूर्व जिला सचिव सुलेमान बास्की, जिला संगठन सचिव अनारूद्दीन मियां, जिला सह सचिव जहूर आलम, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला सचिव दिलीप मरांडी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रेजाउल हक, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सगीर अंसारी, नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, पाकुड़ प्रखंड अध्यक्ष मुस्लोद्दीन शेख, सचिव राजेश सरकार, हिरणपुर प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, लिट्टीपाड़ा प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हाँसदा, अमड़ापाड़ा प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल हाँसदा, सचिव जहीरुद्दीन मियां, महेशपुर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल उदूद, पाकुड़िया प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हाँसदा, जिला सदस्य फिलीप मुर्मू, महेशपुर प्रखंड उपाध्यक्ष एनामुल हक, अमड़ापाड़ा प्रखंड उपाध्यक्ष थॉमस मुर्मू, ईमरान अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी आफताब आलम, इस्माईल शेख, मोसरर्फ हुसैन, सोनू आलम, हबीबुर्रहमान, मोबारक हुसैन, अबुल कलाम, फुरकान शेख, जब्बार अंसारी, सबूर अंसारी, आलमगीर आलम सहित सैकड़ों की संख्या पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## पंचम राज्य वित्त आयोग की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विचार-विमर्श

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़** : पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से आज पंचम राज्य वित्त आयोग की अध्यक्षता में एनआईसी के माध्यम से जिला परिषद अध्यक्ष एवं विभिन्न ग्राम पंचायतों के मुखियाओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान पंचायती राज संस्थाओं के कार्यों, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों, पंचायतों की आवश्यकताओं तथा विकास कार्यों के संचालन से जुड़े विभिन्न विषयों पर पंचायत प्रतिनिधियों से जानकारी प्राप्त की गई। आयोग द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों से उनके क्षेत्र में विकास कार्यों के क्रियान्वयन के दौरान आने वाली चुनौतियों, प्राथमिक आवश्यकताओं तथा पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक उपायों के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं से आयोग को अवगत कराया तथा पंचायतों के बेहतर संचालन एवं विकास कार्यों को गति प्रदान करने से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।
पंचम राज्य वित्त आयोग द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों से सीधे संवाद के माध्यम से जमीनी स्तर की वास्तविक परिस्थितियों एवं पंचायतों की आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया गया। विचार-विमर्श का उद्देश्य पंचायतों को उपलब्ध संसाधनों एवं वित्तीय प्रावधानों के प्रभावी उपयोग तथा स्थानीय स्वशासन की व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में आवश्यक सुझाव प्राप्त करना रहा।उक्त वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला परियोजना प्रबंधक, ई-पंचायत सहित संबंधित पदाधिकारी एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ˘पर्जन्य बी.एड. कॉलेज में धूमधाम से मना करम पर्व महोत्सव ,तारा देवी ने दिया संस्कृति संरक्षण का संदेश



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता । बलियापुर/ धनबाद।** बलियापुर पहाड़पुर स्थित पर्जन्य बी.एड.कॉलेज में सोमवार को भव्य करम पर्व महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में बीजेपी झारखंड प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती तारा देवी मुख्य रूप से शामिल हुई। उन्होंने करम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व हमारी समृद्धि लोक- संस्कृति परंपरा और प्रकृति के प्रति आस्था का प्रतीक है। महोत्सव के दौरान कालेज परिसर में पारंपरिक वातावरण देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने करम पर्व की परंपरा और सांस्कृतिक महत्व को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, निदेशक रामस्वरूप यादव, प्राचार्य डॉ. सजल बनर्जी ,डॉ. निशि महतो सहित शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। तारा देवी ने कहा कि करम पर्व भाई-बहन के अटूट प्रेम के साथ-साथ प्रकृति और लोक जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परंपराओं और संस्कृति विरासत से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के दौर में अपनी गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना सभी की जिम्मेदारी है।

## कहा—खनिज संपदा से मिलने वाले राजस्व पर असर पड़ा तो प्रभावित होंगी जनकल्याणकारी योजनाएं, बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग



**पाकुड़।** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा ने सोमवार को पाकुड़ स्थित सर्किट हाउस में आम लोगों के साथ जन संवाद किया। इस दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं। सांसद ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों के समाधान की दिशा में पहल करने की बात कही।जन संवाद के दौरान सांसद विजय कुमार हांसदा ने केंद्र सरकार के खनिज संशोधन बिल को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है और यहां से प्राप्त होने वाले खनिज संसाधनों के माध्यम से राज्य सरकार को राजस्व मिलता है। सांसद के अनुसार, इसी राजस्व का उपयोग राज्य में संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए किया जाता है, जिसका लाभ आम लोगों तक पहुंचता है।सांसद ने कहा कि यदि नए कानून के कारण खनिज संपदा से राज्य सरकार को मिलने वाले राजस्व पर प्रभाव पड़ता है, तो इसका असर राज्य की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा इस मुद्दे का लगातार विरोध करती रही है और आगे भी इस मामले को लेकर अपनी आवाज उठाती रहेगी।विजय हांसदा ने कहा कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार की खनिज संबंधी नीतियों को लेकर राज्य के हितों से जुड़े सवाल भी उठाए और कहा कि झारखंड के खनिज संसाधनों से राज्य के लोगों को मिलने वाले लाभ को लेकर स्पष्टता और राज्य के हितों की रक्षा जरूरी है।

**ईवीएम को लेकर भी सांसद ने जताई आपत्ति:** जन संवाद के दौरान सांसद विजय कुमार हांसदा ने चुनाव प्रक्रिया और ईवीएम को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर सवाल उठाते हुए चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की। सांसद ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव प्रक्रिया को लेकर जनता का विश्वास कायम रहना आवश्यक है।उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव प्रक्रिया को लेकर लोगों के बीच ईवीएम के प्रति भरोसे का सवाल उठ रहा है। इसी आधार पर उन्होंने बैलेट पेपर के माध्यम से चुनाव कराने की मांग रखी। हालांकि, ईवीएम से जुड़े उनके बयान उनके राजनीतिक रुख के रूप में सामने आए हैं।सांसद के जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की समस्याओं के साथ-साथ राज्य और केंद्र की नीतियों से जुड़े मुद्दे भी चर्चा के केंद्र में रहे। खनिज संशोधन बिल और ईवीएम को लेकर दिए गए उनके बयान राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। अब इन मुद्दों पर केंद्र सरकार तथा अन्य राजनीतिक दलों की ओर से किस तरह की प्रतिक्रिया सामने आती है, इस पर नजर रहेगी।

# सीतापहाड़ी व नसीपुर में आलमगीर आलम की आमसभा, सैकड़ों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पाकुड़।** सदर प्रखंड अंतर्गत सीतापहाड़ी पंचायत के तानु मोड़ एवं नसीरपुर गांव में सोमवार को कांग्रेस की ओर से आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। आमसभा को संबोधित करते हुए आलमगीर आलम ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम जनता, गरीब, किसान, मजदूर, युवा और जरूरतमंद लोगों के हितों को लेकर लगातार आवाज उठाती रही है। उन्होंने राहुल गांधी की विचारधारा, संविधान, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों को भी सभा में रखा।
कार्यक्रम के दौरान आयोजकों के अनुसार, कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा से प्रभावित होकर सीतापहाड़ी एवं आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोगों ने अन्य राजनीतिक दलों को छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इनमें नसीबुल शेख, हैदर अली, आसू मोहम्मद शेख, तोता शेख, पिंटू रहमान, फारूक शेख, कासिम शेख, सूरज शेख, हजरत शेख, सारूल बारीक, मिनारूल शेख, कालू शेख सहित अन्य ग्रामीण और युवा शामिल रहे। नए सदस्यों का पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।वहीं, ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के समक्ष क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को भी प्रमुखता से रखा। सीतापहाड़ी स्थित विद्यालय को अपग्रेड करने, बिजली की समस्या के समाधान के लिए ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने तथा पीसीसी सड़क निर्माण की मांग प्रमुख रही। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय के उन्नयन से क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलेंगे और उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।
ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद आलमगीर आलम ने संबंधित मामलों में आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा तथा संबंधित विभागों से समन्वय कर विद्यालय उन्नयन, ट्रांसफार्मर और सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।
उन्होंने कांग्रेस में शामिल हुए नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में युवा कार्यकताओं और आम लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को समझने और लोकतांत्रिक तरीके से उनके समाधान के लिए आवाज उठाने की अपील की।कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष कुमार सरकार, प्रखंड अध्यक्ष मानसारुल, विधायक प्रतिनिधि गुलाम मोहम्मद उर्फ बकुल, उदय लगवानी, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहीन परवेज, देबू विश्वास, असद हुसैन, मुखिया माजिबुर रहमान, मुखिया आसिफ अली उर्फ राजू, डॉ. जोहरुल इस्लाम, हाजी महबूब शेख, ईयर मोहम्मद, फरमान अली, रामविलास महतो, मोतिउर रहमान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# युद्ध की राख से शांति का नया संसार कैसे बने?



स्मिता सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

इन युद्धों की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से कहीं अधिक आम नागरिक चुका रहे हैं। घर उजड़ते हैं, बच्चे शिक्षा से वंचित होते हैं, अस्पताल और ऊर्जा व्यवस्था प्रभावित होती है, रोजगार समाप्त होते हैं और लाखों लोग विस्थापित होते हैं। युद्ध केवल वर्तमान को नहीं जलाता, वह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी कमजोर करता है। 21 सितम्बर का अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस इस वर्ष ऐसे समय में आया है, जब दुनिया को शांति की सबसे अधिक जरूरत है। रूस-यूक्रेन युद्ध लंबा खिंच चुका है, पश्चिम एशिया में इजराइल-गाजा संघर्ष की मानवीय त्रासदी समाप्त नहीं हुई है और 2026 में अमेरिका-इजराइल तथा ईरान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष ने पूरे क्षेत्र की सुरक्षा एवं वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। ऐसे वातावरण में शांति केवल एक आदर्श या कूटनीतिक शब्द नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के अस्तित्व की अनिवार्य शर्त बन गई है। संयुक्त राष्ट्र ने 2026 के अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस की थीम रखी है-ह्लशांति में निवेश करें-सभी के लिए, हर जगह, हर दिनह्व संयुक्त राष्ट्र के अनुसार शांति का अर्थ केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि सुरक्षा, गरिमा, अवसर और सहयोग का ऐसा वातावरण है जिसमें मनुष्य भयमुक्त होकर जीवन जी सके। इस वर्ष विशेष रूप से उन ह्यरोजमर्रा के शांति-निमार्ताओंह्न को रेखांकित किया जा रहा है, जो अपने परिवार, समुदाय, विद्यालय और समाज में संवाद तथा विश्वास की नींव मजबूत करते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग भी शांति की खोज एवं शांति की स्थापना में होना चाहिए। ब्रिक्स 2026 की अध्यक्षता करते हुए भारत ने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के महत्व को ही रेखांकित किया है।

दुनिया की वर्तमान स्थिति इस संदेश को और महत्वपूर्ण बनाती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के साढ़े चार वर्ष से अधिक समय बाद भी हिंसा समाप्त नहीं हुई है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जुलाई 2026 में यूक्रेन में कम-से-कम 437 नागरिक मारे गए और 2,610 घायल हुए-मार्च 2022 के बाद किसी एक महीने में दर्ज सबसे अधिक नागरिक क्षति में से एक है। मिसाइलों, ड्रोन और हवाई हमलों ने शहरों, ऊर्जा ढांचे और सामान्य नागरिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। सितंबर में अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच




वार्ता फिर शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा हुई है, लेकिन क्षेत्रीय नियंत्रण सहित कई महत्वपूर्ण प्रश्न अभी भी विवादित हैं। पश्चिम एशिया की स्थिति भी विश्व-शांति के लिए गंभीर चुनौती है। गाजा में संघर्ष और मानवीय संकट पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार सितंबर 2026 में भी वहां हवाई हमलों और सैन्य कार्रवाइयों के कारण नागरिकों की मौतें जारी थीं और बड़ी संख्या में लोग विस्थापित जीवन जी रहे थे। दूसरी ओर, फरवरी 2026 से अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच शुरू हुआ संघर्ष क्षेत्रीय तनाव को व्यापक बना चुका है। ईरान के हमलों और अमेरिकी तथा इजराइली सैन्य कार्रवाइयों ने केवल संबंधित देशों को ही नहीं, बल्कि खाड़ी क्षेत्र, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्गों को भी प्रभावित किया है। सितंबर में भी इस युद्ध के समाप्त होने की स्पष्ट स्थिति नहीं बनी थी।

इन युद्धों की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से कहीं अधिक आम नागरिक चुका रहे हैं। घर उजड़ते हैं, बच्चे शिक्षा से वंचित होते हैं, अस्पताल और ऊर्जा व्यवस्था प्रभावित होती है, रोजगार समाप्त होते हैं और लाखों लोग विस्थापित होते हैं। युद्ध केवल वर्तमान को नहीं जलाता, वह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को भी कमजोर करता है। इसलिए शांति की चर्चा केवल सीमाओं और सेनाओं के संदर्भ में नहीं, बल्कि मानवाधिकार, विकास, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक सुरक्षा के संदर्भ में भी करनी होगी। शांति स्थापित करने का पहला रास्ता संवाद है। युद्धरत देशों के बीच प्रत्यक्ष संवाद कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। युद्ध के बीच भी मानवीय गलियारे, युद्धविराम, कैदियों की अदला-बदली, नागरिकों की सुरक्षा और मानवीय सहायता के रास्ते खुले रखने चाहिए। स्थायी शांति के लिए बातचीत में केवल शक्तिशाली देशों की भूमिका पर्याप्त नहीं है; क्षेत्रीय देशों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं, नागरिक समाज और प्रभावित समुदायों की आवाज भी शामिल होनी चाहिए।

दूसरा रास्ता है हथियारों की दौड़ के बजाय शांति में निवेश। दुनिया सैन्य क्षमता पर जितना खर्च करती है, उसका एक हिस्सा यदि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जलवायु संरक्षण और संघर्ष-प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण पर लगाया जाए तो हिंसा की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। शांति केवल युद्ध समाप्त करने से नहीं आती; गरीबी, असमानता, बेरोजगारी, भेदभाव और अवसरों की कमी जैसे कारणों पर काम करना भी शांति-निर्माण का हिस्सा है। तीसरा महत्वपूर्ण उपाय है विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को मजबूत करना। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना ही अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुई थी। आज आवश्यकता इस बात की है कि बहुपक्षीय संस्थाएं अधिक प्रभावी, प्रतिनिधित्वपूर्ण और जवाबदेह बनें। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने 2026 के संदेश में कूटनीति, संवाद, बातचीत, शांति स्थापना, मानवाधिकार और सतत विकास में निवेश को स्थायी शांति के महत्वपूर्ण साधन बताया है।

भारत की शांति-दृष्टि भी इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है। पंचशील के सिद्धांत-एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान, आक्रामकता से परहेज, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करना, समानता एवं पारस्परिक लाभ तथा शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व-अंतरराष्ट्रीय संबंधों में संवाद और सह-अस्तित्व की अवधारणा को मजबूत करते हैं। महावीर का अहिंसा संदेश, बुद्ध की करुणा, गांधी का सत्य-अहिंसा दर्शन और आधुनिक भारत की शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की परंपरा दुनिया को यह स्मरण कराती है कि शक्ति का सर्वोच्च रूप विनाश नहीं, संयम और मानवीयता है। शांति केवल सरकारों की जिम्मेदारी भी नहीं है। घर में संवाद, विद्यालय में सहिष्णुता, समाज में भाईचारा और डिजिटल माध्यमों पर जिम्मेदार भाषा-ये सब विश्वशांति की ही छोटी इकाइयां हैं। आज सोशल मीडिया पर नफरत, झूठी सूचनाएं और उकसाने वाली भाषा सामाजिक तनाव को बढ़ाती हैं। इसलिए डिजिटल शांति भी 21वीं सदी की एक बड़ी आवश्यकता है। बच्चों और युवाओं को विवाद का उत्तर हिंसा से नहीं, तर्क, संवाद और सहानुभूति से देना सिखाना होगा। सफेद कबूतर शांति का प्रतीक जरूर है, लेकिन अब प्रतीकों से आगे बढ़कर शांति की ठोस संरचना बनाने का समय है। युद्ध रोकने के लिए कूटनीति, नागरिकों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून, पीड़ितों के लिए मानवीय सहायता, विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता और युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए वैश्विक सहयोग-इन सभी को समान महत्व देना होगा। आज दुनिया को यह स्वीकार करना होगा कि किसी देश की सुरक्षा दूसरे देश की असुरक्षा पर स्थायी रूप से आधारित नहीं हो सकती।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी खुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना क़ीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# इस बार भी मोदी नहीं जाएंगे यूएनजीए, जयशंकर ही संभालेंगे मोर्चा

जयशंकर की यात्रा का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि भारत-अमेरिका संबंध इस समय कई कठिन सवालों से गुजर रहे हैं। रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका द्वारा भारी शुल्क लगाने की व्यवस्था ने नई दिल्ली की ऊर्जा सुरक्षा और वाशिंगटन के साथ व्यापारिक संबंधों के बीच तनाव पैदा किया है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 21वें सत्र की शुरूआत के साथ ही भारत की कूटनीतिक सक्रियता तेज हो गई है। इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जगह विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। जयशंकर 26 सितंबर को महासभा को संबोधित करेंगे और इस दौरान कई देशों के नेताओं तथा विदेश मंत्रियों के साथ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय और बहुपक्षीय बैठकें भी करेंगे। ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, ऊर्जा संकट, व्यापारिक टकराव और बदलते शक्ति संतुलन से जूझ रही है तब इस सत्र से काफी उम्मीदें की जा रही हैं। भौगोलिकसंदर्भ

हम आपको बता दें कि इस सत्र में संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष, शासनाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रतिनिधि जुट रहे हैं। इस बार का केंद्रीय विषय है, विश्वास बहाल करना, बदलाव को संभालना और ऐसा संयुक्त राष्ट्र बनाना जो सभी के लिए परिणाम दे। महासचिव अंतोनियो गुतारेस ने वैश्विक नेताओं से शांति, गरिमा, न्याय और मानवता के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग मजबूत करने की अपील की है। यह उनके कार्यकाल का अंतिम महासभा सत्र भी है। ऐसे माहौल में भारत के सामने अपनी विदेश नीति की प्राथमिकताओं को बेहद स्पष्ट और मजबूती से रखने का अवसर है।

देखा जाये तो जयशंकर की यात्रा का महत्व इसलिए और बढ़ जाता है क्योंकि भारत-अमेरिका संबंध इस समय कई कठिन सवालों से गुजर रहे हैं। रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर अमेरिका द्वारा भारी शुल्क लगाने की व्यवस्था ने नई दिल्ली की ऊर्जा सुरक्षा और वाशिंगटन के साथ व्यापारिक संबंधों के बीच तनाव पैदा किया है। हम आपको बता दें कि अमेरिकी कानून राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रूस से ऊर्जा खरीद जारी रखने वाले देशों पर सौ प्रतिशत तक शुल्क लगाने की शक्ति देता है। लेकिन भारत ने स्पष्ट किया है कि उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता अपने लगभग एक अरब चालीस करोड़ नागरिकों की ऊर्जा सुरक्षा है और वह अलग-अलग स्रोतों से ऊर्जा की आपूर्ति जारी रखेगा।

यहीं से जयशंकर की न्यूयॉर्क यात्रा का असली सामरिक महत्व सामने आता है। भारत को एक साथ रूस के साथ अपने ऊर्जा और सामरिक संबंधों, अमेरिका के साथ व्यापार और सुरक्षा साझेदारी तथा ग्लोबल साउथ की चिंताओं को साधना है। संयुक्त राष्ट्र महासभा इस संतुलन को साधने के लिए सबसे बड़ा कूटनीतिक मंच उपलब्ध कराती है। जयशंकर की दर्जनों मुलाकातों में ऊर्जा, सुरक्षा, व्यापार, विकास और ग्लोबल साउथ के मुद्दे स्वाभाविक रूप से प्रमुख रहेंगे। इसके अलावा, भारत के लिए इस महासभा का



एक अहम उद्देश्य 2028 से शुरू होने वाले दो वर्षीय कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की सदस्यता हासिल करने के समर्थन में विभिन्न देशों को साथ लाना भी है। इसके लिए जयशंकर अलग-अलग देशों के प्रतिनिधियों के सामने भारत का छह सूत्रीय घोषणापत्र रखेंगे और सुरक्षा परिषद में भारत की प्राथमिकताओं को स्पष्ट करेंगे। साथ ही, ग्लोबल साउथ के देशों के विकास में भारत की भूमिका, आर्थिक एवं मानवीय सहायता तथा संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय संस्थाओं के माध्यम से चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर भी चर्चा होगी। पिछले वर्ष महासभा के दौरान जयशंकर ने 47 द्विपक्षीय और 10 बहुपक्षीय बैठकें की थीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार भी भारत की कूटनीतिक गतिविधियां कितनी व्यापक रहने वाली हैं।

उधर, कूटनीतिक हलकों में संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गैरमौजूदगी को लेकर सवाल उठ रहा है। उल्लेखनीय है कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र को चार बार यानि 2014, 2019, 2020 और 2021 में संबोधित किया। 2020 में महामारी के कारण उनका संबोधन पहले से रिकॉर्ड वीडियो के माध्यम से हुआ था। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल को देखें तो स्थिति और भी स्पष्ट है। 2024 में मोदी न्यूयॉर्क गए और भविष्य के शिखर सम्मेलन को संबोधित किया, लेकिन महासभा की सामान्य बहस में भारत का राष्ट्रीय वक्तव्य विदेश मंत्री जयशंकर ने दिया। 2025 में भी सामान्य बहस में भारत का प्रतिनिधित्व जयशंकर ने किया और अब 2026 में भी भारत की कमान विदेश मंत्री के हाथ में है। इस तरह तीसरे कार्यकाल में अब तक मोदी ने महासभा की सामान्य उच्चस्तरीय बहस को अब तक संबोधित नहीं किया है। सवाल उठ रहा है कि क्या मोदी अमेरिका इसलिए नहीं जा रहे ताकि ट्रंप से मुलाकात से बच सकें? देखा जाये तो भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव जरूर है और रूसी तेल तथा अमेरिकी शुल्क का विवाद गंभीर है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की जून 2026 में फ्रांस में हुई मुलाकात में दोनों नेताओं ने व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई थी। इसलिए केवल संयुक्त राष्ट्र महासभा में मोदी की गैरमौजूदगी को ट्रंप से मुलाकात से बचने की रणनीति के रूप में देखा जाना गलत होगा।

# घटती महंगाई

यह सुखद है कि 19 महीने के बाद थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज की गई है और यह अक्तूबर महीने में घटकर 8.39 पर आ गई है। खुदरा महंगाई दर में भी कमी का रुख उत्साहवर्द्धक है। गौर करने की बात है, लगभग पिछले साल से ही महंगाई बढ़ती चली आ रही थी, बार-बार चिंता जताई जा रही थी और भारतीय रिजर्व बैंक ने भी मौद्रिक नीति में समय-समय पर बदलाव किए हैं, अब परिणाम सामने हैं। इससे पहले मार्च, 2021 में महंगाई दर 7.89 प्रतिशत पर थी, आगामी महीनों में महंगाई दर के और घटने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था और अधिकतर लोगों के हित में यह जरूरी है कि महंगाई न केवल कम हो, बल्कि छह प्रतिशत के आसपास रहे। आमतौर पर दो प्रतिशत से छह प्रतिशत की महंगाई दर होनी चाहिए, उससे ऊपर जब दर चढ़ती है, तो न केवल आम लोगों, बल्कि उद्योग-धंधों को भी मुश्किल में डालती है। अब चूंकि थोक महंगाई दर दो अंकों से नीचे आई है, तो यह आशा बलवती हुई है कि आने वाले महीनों में राहत महसूस होगी।

वैसे थोक मुद्रास्फीति दर में लगभग पांच अंकों का अंतर एक महीने के समय में ही आया है, तो आश्चर्य भी होता है। खनिज तेल, धातु, फ्रैबिकेटेडट धातु उत्पाद, अन्य गैर-धातु खनिज उत्पाद के दाम घटने से अक्तूबर, 2022 में थोक मुर्द्रास्फीति घटी बताई जा रही है। अक्तूबर महीने में सब्जियों की मुद्रास्फीति 17.61 प्रतिशत रही है, जबकि उसके पिछले महीने यह 39.66 प्रतिशत पर थी। ईंधन और बिजली में भी महंगाई दर 23.17 प्रतिशत रही है। मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की महंगाई दर ही कुछ कम 4.42 प्रतिशत दर्ज हुई है। विशेष रूप से सब्जियों के भाव आम लोगों को ज्यादा चुभ रहे हैं और इसलिए थोक महंगाई के आंकड़े देखकर कोई आम आदमी सवाल उठा सकता है। आम आदमी के बजट को बिगाड़ने के लिए रसोई और ईंधन पर्याप्त हैं। हाल ही में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह उम्मीद जताई थी कि अक्तूबर में मुद्रास्फीति की दर सात प्रतिशत से कम रहेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका, क्योंकि मोटे तौर पर सब्जियों और ईंधन के भाव साथ नहीं दे रहे हैं। बताया जाता है, पिछले छह या सात महीनों में भारतीय रिजर्व बैंक व सरकार, दोनों ने ही मुद्रास्फीति को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं। आरबीआई गवर्नर के मुताबिक, केंद्रीय बैंक ने अपनी ओर से ब्याज दरों में वृद्धि की है, जबकि सरकार की तरफ से आपूर्ति पक्ष से जुड़े कई कदम उठाए गए हैं। फिर भी कसर रह ही जा रही है।

भारत की खुदरा मुद्रास्फीति, जिसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) द्वारा मापा जाता है, अक्तूबर महीने में तीन महीने के निचले स्तर 6.77 प्रतिशत पर आ गई है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकडे.उत्साहजनक हैं। सितंबर महीने में खुदरा महंगाई दर 7.41 फीसदी थी। तीन महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंचने के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने में भी रिजर्व बैंक के छह प्रतिशत की ऊपरी सीमा के पार बना हुआ है। सरकार ने रिजर्व बैंक को कह रखा है कि 2026 तक खत्म होने वाली पांच वर्षीय अवधि में महंगाई दर को दो से चार प्रतिशत तक रखना है। हालांकि, यह लक्ष्य पाना आसान नहीं है। महंगाई घटाने के लिए अनेक मोर्चों पर कदम उठाने व कड़े फैसले लेने की जरूरत पड़ेगी। उत्पादन पर ध्यान देना जितना जरूरी है, उससे कहीं ज्यादा जरूरी है आपूर्ति को आसान बनाना, ताकि कीमतों को आबादी के अनुरूप घटाया जा सके।

# भारत सहित विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे है अपने स्वर्ण भंडार

भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी बैंकों में रखे भारत के 100 टन सोने को ब्रिटेन से वापिस भारत में ले आया गया है। यह सोना भारत ने ब्रिटेन के बैंक में रिजर्व के तौर पर रखा था और इस पर भारत प्रतिवर्ष कुछ फीस भी ब्रिटेन के बैंक को अदा करता रहा है। समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं। पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं। कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है। वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था।



# बिहार में करम पूजा के दौरान हादसा : पोखर में नहाने गये 6 बच्चों की डूबकर मौत, एक को बचाने में सभी डूबे



पटना (एजेंसी) : सुलतानगंज में करम पर्व की खुशियां मातम में बदल गईं जब पोखर में स्नान करने गए 6 बच्चों की डूबने से मौत हो गई. माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है. इस दुखद घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है. भागलपुर / सुलतानगंज : करम पर्व की खुशियां सोमवार सुबह उस वक्त मातम में बदल गयीं, जब पोखर में स्नान करने गये छह बच्चों की डूबने से मौत हो गयी. हादसा सुलतानगंज थाना क्षेत्र के उधाडीह पंचायत के तरैटा बहियार में हुआ. मृतकों में तीन लड़के और तीन लड़कियां शामिल हैं. सभी की उम्र करीब 10 से 12 वर्ष के बीच बतायी जा रही है. बताया गया कि करमा-धरमा पर्व के मौके पर बच्चे पोखर में स्नान करने गये थे. इसी दौरान एक बच्चा गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसे बचाने के प्रयास में अन्य बच्चे भी पानी में उतर गये. देखते ही देखते छह बच्चे गहरे पानी में डूब गये. हादसे की खबर मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गयी. बच्चों के डूबने की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण पोखर की ओर दौड़ पड़े. ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सभी छह बच्चों को पानी से बाहर निकाला. इसके बाद परिजन उन्हें सुलतानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने एक-एक कर सभी छह बच्चों को मृत घोषित कर दिया. बच्चों की मौत की पुष्टि होते ही अस्पताल में चीख-पुकार मच गयी. पर्व के दिन जिन घरों में बच्चों के लौटने का इंतजार हो रहा था, वहां अचानक मातम पसर गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. पांच बच्चे सुलतानगंज, एक सबौर का रहने वाला मृतकों की पहचान ज्योति कुमारी, पिता धनंजय मंडल, निवासी रजंदीपुर, सबौर; मीनाक्षी कुमारी, पिता वाल्मीकि मंडल; आयुष कुमार, पिता विनोद मंडल; राहुल कुमार, पिता पूरब मंडल; पूजा कुमारी, पिता पूरन मंडल और विकास कुमार, पिता रंजन कुमार के रूप में हुई है. बताया गया कि छह मृतकों में पांच बच्चे विष्णुटोला, नगर परिषद सुलतानगंज के वार्ड 27 के रहने वाले थे, जबकि ज्योति कुमारी रजंदीपुर, सबौर की निवासी थी. पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेजे गये शव सभी छह बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया गया है. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली. पर्व के गीतों की जगह गूंजती रही चीख-पुकार हादसे के बाद पूरे इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा रहा. जिन घरों में करम पर्व को लेकर सुबह से उत्साह था, वहां कुछ ही घंटों बाद रोने की आवाजें सुनाई देने लगीं. एक साथ छह बच्चों की मौत से गांव और आसपास का इलाका शोक में डूब गया.

# पटना से भागलपुर तक रोड बनाने में खर्च होंगे 1000 करोड़, बाढ़ से 1050 से ज्यादा ग्रामीण सड़कें बर्बाद



पटना (एजेंसी) : बिहार में आई बाढ़ की वजह से कई जिलों में गंभीर स्थिति देखने के लिए मिली. ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से एक रिपोर्ट जारी किया गया, इसमें बाढ़ की वजह से कितनी सड़कें बर्बाद हुईं या फिर डूबीं, इसकी जानकारी दी गई. : नेपाल में आई बाढ़ की वजह से बिहार में गंभीर स्थिति पिछले दिनों के लिए मिली. गंगा, गंडक, कोसी, सोन समेत कई नदियां उफन आईं. इसकी वजह से कई जिलों के निचले इलाकों में पानी भर गया. कई लोगों के घर बाढ़ में डूब गए. उन्हें अपना घर छोड़ना पड़ा और किसी दूसरे ऊंचे जगह पर शरण लेना पड़ा.17 जिलों की स्थिति को लेकर रिपोर्ट जारी अब धीरे-धीरे नदियों का पानी सामान्य हो रहा है. ऐसे में अब बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है. ताजा रिपोर्ट बाढ़ में कितनी सड़कें बर्बाद हुईं, इसे लेकर जारी किया गया है. पटना से भागलपुर तक लगभग 17 जिले बाढ़ से प्रभावित रहे. ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से एक रिपोर्ट जारी किया गया, इसमें आंकड़े जारी किए गए हैं. 2 हजार किलोमीटर लंबी सड़कें बर्बाद विभाग के रिपोर्ट की माने तो, 17 जिलों की 1050 से ज्यादा ग्रामीण सड़कों को नुकसान पहुंचा है. इनमें कुछ सड़कें डूबी हैं या फिर टूट गईं हैं. इन सभी सड़कों को मिलाकर, इसकी लंबाई लगभग 2 हजार किलोमीटर बताई जा रही है. प्रारंभिक रिपोर्ट की माने तो, बाढ़ से बर्बाद हुईं सड़कों की मरम्मत में लगभग 1000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. बिहार से जुड़ी अन्य ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें ग्रामीण कार्य विभाग ने जारी किया था आदेश ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से आदेश जारी किया था, इसके बाद ही जिलों से रिपोर्ट भेजी जा रही है. लेकिन विभाग की ओर से यह भी बताया जा रहा है कि किस सड़क का कितना हिस्सा डूबा या बर्बाद हुआ है, इसकी पूरी जानकारी पूरा पानी निकलने के बाद ही पता चल सकेगा. विभाग की ओर से लगातार निचले इलाकों से पानी निकलने की स्थिति पर नजर बनाए रखने और सड़क की मरम्मत का काम शुरू करने का आदेश दिया गया है. किस जिलों में कितनी सड़कें डूबीं? जानकारी के मुताबिक, सबसे ज्यादा पटना और भागलपुर में सड़कों को नुकसान पहुंचा है. पटना जिले में 140 ग्रामीण ग्रामीण सड़कें जबकि भागलपुर जिले में 151 सड़कें डूबी हैं. इसके अलावा दूसरे जिलों की बात करें तो, सारण की 101, अररिया की 10, बेगूसराय की 49, मधेपुर की 18, भोजपुर की 134, समस्तीपुर की 86, खगड़िया की 36, वैशाली की 82, लखीसराय की 54, कहिटार की 60, मुंगेर की 48, पश्चिम चंपारण की 16, बेगूसराय की 49, सहरसा की 20 और पूर्णिया की 18 सड़कें बर्बाद हुईं हैं.

# दरभंगा एयरपोर्ट पर शुरू हुई फ्लाईब्रेरी की सुविधा, अब फ्लाइट का इंतजार करते हुए

पटना (एजेंसी) दरभंगा एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए फ्लाईब्रेरी की सुविधा शुरू हुई है. रोटरी क्लब विद्यापति के सहयोग से यह पहल पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देगी. अब यात्री उड़ान के इंतजार में अच्छी किताबें पढ़कर समय का सदुपयोग कर सकेंगे. दरभंगा एयरपोर्ट फ्लाईब्रेरीः हवाई यात्रियों में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दरभंगा एयरपोर्ट पर फ्लाईब्रेरी की शुरूआत की गयी है. रोटरी क्लब विद्यापति ने सरकार के इस कार्यक्रम में सहयोग करते हुए एयरपोर्ट परिसर में यह पहल शुरू की है. इसके लिए रोटरी क्लब विद्यापति और दरभंगा एयरपोर्ट प्राधिकरण के बीच समझौते पर हस्ताक्षर भी किया गया है. नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाएंगी किताबें समझौते के तहत रोटरी क्लब विद्यापति की ओर से नियमित अंतराल पर फ्लाईब्रेरी के लिए पुस्तकें उपलब्ध करायी जाएंगी. इसका उद्देश्य यात्रियों को एयरपोर्ट पर इंतजार के दौरान किताबें पढ़ने का अवसर देना है. फ्लाईब्रेरी की पहल केंद्रीय नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू की पहल के तहत शुरू की गयी है. रोटरी क्लब ने इसे स्थायी रूप से संचालित करने के लिए एयरपोर्ट प्राधिकरण के साथ समझौता किया है. एयरपोर्ट निदेशक ने कहा- पुस्तक दान भी शिक्षा दान फ्लाईब्रेरी की शुरूआत के मौके पर एयरपोर्ट निदेशक डॉ. दिलीप कुमार झा ने कहा कि पुस्तक दान भी शिक्षा दान है. उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में इस तरह की पहल लोगों को किताबों से जोड़ने में मदद कर सकती है. उनके अनुसार, एयरपोर्ट जैसे स्थान पर यात्रियों को खाली समय में पढ़ने का अवसर मिलने से पठन-पाठन की आदत को बढ़ावा मिल सकता है. इंतजार का समय होगा सार्थक रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष और शिक्षाविद डॉ. शिव किशोर रॉय ने कहा कि पहल का उद्देश्य एयरपोर्ट पर यात्रियों के इंतजार के समय को सार्थक बनाना है. उनके अनुसार, एक अच्छी किताब यात्रा के अनुभव को और यादगार बना सकती है. उन्होंने कहा कि फ्लाईब्रेरी की यह पहल खासकर युवाओं को किताबों से जोड़ने में उपयोगी हो सकती है. साक्षरता अभियान का हिस्सा है

# जमुई में छात्रा से छेड़खानी का वीडियो वायरल, हरकत में आई बिहार पुलिस



पटना (एजेंसी) :जमुई में एक युवक के साथ स्कूटी से जा रही युवती के साथ कुछ लोगों ने कथित रूप से बदतमीजी की. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जमुई में कोचिंग से निकलने के बाद छात्र के साथ स्कूटी से जा रही एक छात्रा को कुछ लोगों द्वारा रोककर कथित रूप से बदतमीजी करने का मामला सामने आया है. घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि प्रभात खबर नहीं करता है. बताया जा रहा है कि वीडियो 19 सितंबर की शाम का है. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है. पुलिस सूत्रों के अनुसार अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. स्कूटी रोककर युवती से की गयी पूछताछ वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि छात्र के साथ स्कूटी से जा रही छात्रा को कुछ लोग रोक लेते हैं. इसके बाद छात्र और छात्रा से पूछताछ की जाती है. इसी दौरान छात्रा के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार किया जाता दिखाई दे रहा है. वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया. किसी ने नहीं की थी पुलिस से शिकायत बताया गया कि घटना को लेकर शुरूआत में किसी पक्ष की ओर से पुलिस को शिकायत नहीं दी गयी थी. इसके बाद सोशल मीडिया पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की. अनुसंधान के दौरान पुलिस ने कथित रूप से पीड़ित छात्र-छात्रा की पहचान की. पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी, अब तक तीन गिरफ्तार पुलिस के अनुसार मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है. पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना में शामिल लोगों की पहचान कर ली गयी है और उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है. पुलिस सूत्रों के अनुसार, अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है. मामले की जांच जारी है. जमुई डीएम नवीन ने भी घटना की पुष्टि की है. घटना से संबंधित जानकारी जमुई प्रशासनिक ग्रुप में भी साझा की गयी है. पुलिस वायरल वीडियो और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है.

## संक्षिप्त डायरी

### जमुई में युवती से छेड़खानी का वीडियो वायरल, हरकत में आई बिहार पुलिस, जांच शुरू


पटना (एजेंसी) जमुई में एक युवक के साथ स्कूटी से जा रही युवती के साथ कुछ लोगों ने कथित रूप से बदतमीजी की. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जमुई में रात के समय युवक के साथ स्कूटी से जा रही एक युवती को कुछ लोगों द्वारा रोककर कथित रूप से बदतमीजी करने का मामला सामने आया है. घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. हालांकि वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि प्रभात खबर नहीं करता है. बताया जा रहा है कि वीडियो 19 सितंबर की शाम का है. स्कूटी रोककर युवती से की गयी पूछताछ वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि युवक के साथ स्कूटी से जा रही युवती को कुछ लोग रोक लेते हैं. इसके बाद युवक और युवती से पूछताछ की जाती है. इसी दौरान युवती के साथ कथित रूप से दुर्व्यवहार किया जाता दिखाई दे रहा है. वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा में आया.

### बिहार आना ही पड़ेगा, द वन के प्रमोशन में तमन्ना भाटिया ने किया वादा, बोली- एक बिहारी सब पर भारी



पटना (एजेंसी) द वन के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचीं तमन्ना भाटिया ने कहा कि अब उन्हें छठ के मौके पर बिहार आना ही पड़ेगा. इसके साथ ही तमन्ना का एक बिहारी सब पर भारी कहना भी खूब चर्चा में रहा. तमन्ना भाटिया की अपकमिंग फिल्म द वन की कहानी पटना के बिहटा स्थित करीब 400 साल पुराने वन देवी मंदिर से जुड़ी लोककथा से प्रेरित है और इसमें बिहार के महापर्व छठ पूजा की झलक भी देखने को मिलेगी. इसी फिल्म के प्रमोशन के लिए तमन्ना भाटिया पटना पहुंची थी. साथ ही मरीन ड्राइव जाकर गंगा आरती की और फैंस पर जमकर प्यार बरसाया. छठ पूजा में फिर से बिहार आएंगी तमन्ना भाटिया इस दौरान मीडिया से बातचीत में तमन्ना भाटिया ने छठ पूजा को लेकर एक्साइटमेंट शेयर की. साउथ एक्ट्रेस ने कहा, "अभी तो मुझे आना ही पड़ेगा छठ पूजा में... बिहार में, क्योंकि बहुत ही गहरा नाता जुड़ गया है." फिर वह आगे कहती हैं, "एक बिहारी सब पर भारी. वन के मेकर्स भी बिहार से मिले प्यार से हैं खुश वहीं बालाजी मोशन पिक्चर्स ने भी इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर करते हुए बिहार के लोगों से मिले प्यार के लिए आभार जताया. पोस्ट में मेकर्स ने बताया कि उन्हें बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मिलने और उन्हें ह्यद वनह्न की दुनिया से रूबरू कराने का मौका मिला. मेकर्स ने कहा कि बिहार से मिल रहा सपोर्ट और प्रोत्साहन उनके लिए बेहद खास है. उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म की कहानी की जड़ें इसी मिट्टी और उसकी भावनाओं से जुड़ी हैं, इसलिए बिहार से मिल रहा ये प्यार उनके लिए और भी मायने रखता है. बालाजी मोशन पिक्चर्स की 'द वन' टीवीएफ और 11.11 प्रोडक्शन के लिए के साथ मिलकर बनाया गया है. फिल्म को शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अरुणाभ कुमार और नीरज कोठारी ने प्रोड्यूस किया है. इसकी कहानी अरुणाभ कुमार ने लिखी है, जबकि डायरेक्शन की कमान दीपक मिश्रा ने संभाली है. फिल्म की सिनेमैटोग्राफी और विजुअल डायरेक्शन की जिम्मेदारी मनु आनंद के पास है. सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया स्टारर यह फिल्म 25 सितंबर 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है.

# पड़ोसी ही निकला दुश्मन, भोजपुरी स्टार रितेश पांडेय से मांगी 10 लाख की रंगदारी, बोला- 'पैसे दे, वरना जान से मार दूंगा'



पटना (एजेंसी) भोजपुरी सिंगर-एक्टर रितेश पांडेय को जान से मारने की धमकी मिली है. उनसे 10 लाख रुपये की रंगदारी भी मांगी गई. कथित धमकी के बाद रितेश ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर ऋक्क दर्ज की गई है. भोजपुरी इंडस्ट्री के पॉपुलर सिंगर और एक्टर रितेश पांडे ने दो लोगों के खिलाफ ऋक्क दर्ज कराई है. आरोप है कि उनसे 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई और पैसे न देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई. मामले में वाराणसी के सारनाथ थाने में ऋक्क दर्ज की गई है. पुलिस के मुताबिक, इस केस में रितेश के पड़ोसी बुलबुल यादव और उसके एक अज्ञात साथी को आरोपी बनाया गया है. पुलिस ने आरोपियों की तलाश के लिए टीमें लगा दी हैं. फोन और मैसेज पर मांगे पैसे टाइम्स ऑफ इंडिया के अनुसार रितेश पांडे ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि बुलबुल यादव ने उन्हें फोन और मैसेज के जरिए संपर्क किया. इस दौरान कथित तौर पर उनसे पैसों की मांग की गई. शिकायत के मुताबिक, पैसे नहीं देने पर उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने साइबर क्राइम सेल की भी मदद ली है. टीम संबंधित फोन नंबर, कॉल रिकॉर्ड और मैसेज की जानकारी जुटाकर मामले की जांच कर रही है. किन धाराओं में दर्ज हुआ केस? सारनाथ थाना प्रभारी पंकज कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, शनिवार देर रात आरोपियों के खिलाफ इठर की धारा 308(5), 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया. पुलिस का कहना है कि तकनीकी सबूत जुटाने के साथ-साथ आरोपियों को पकड़ने के लिए भी कार्रवाई जारी है. पुलिस की ओर से रितेश पांडे और उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर भी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं. भोजपुरी इंडस्ट्री में बड़ा नाम हैं रितेश पांडे रितेश पांडे भोजपुरी म्यूजिक और फिल्मों का जाना-पहचाना नाम हैं. सिंगिंग के साथ एक्टिंग में भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई है. उत्तर प्रदेश और बिहार के अलावा देशभर में भोजपुरी दर्शकों के बीच उनकी अच्छी फैन फॉलोइंग है. बता दें कि रितेश पांडे राजनीति में भी किस्मत आजमा चुके हैं. उन्होंने बिहार विधानसभा चुनाव में रोहतास सीट से जन सुराज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था, हालांकि उन्हें जीत नहीं मिली. इसके बाद उन्होंने जनवरी में पार्टी से इस्तीफा दे दिया था.

# बिहार में भूमिहीन परिवारों को मिलेगा जमीन का हक, ऐसे करें आवेदन, देने होंगे ये जरूरी

पटना (एजेंसी) बिहार में पात्र भूमिहीन परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है. अभियान बसेरा योजना के तहत 92 हजार से ज्यादा भूमिहीनों को जमीन मिल चुकी है. इस बीच राजस्व विभाग की ओर से यह स्पष्ट कर दिया गया है कि भूमिहीन परिवार अंचल कार्यालय में ही आवेदन जमा कर सकते हैं. उन्हें पटना आने की बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से निर्देश दिया गया है. भूमिहीन परिवारों को जमीन का मालिकाना हक देने के उद्देश्य से 'अभियान बसेरा' के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के पात्र भूमिहीन परिवार अपने संबंधित अंचल कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं. विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि इसके लिए पटना स्थित राज्य मुख्यालय आने की कोई आवश्यकता नहीं है. आवेदन के साथ ये डॉक्यूमेंट होंगे जरुरी आवेदन के साथ परिवार के सभी सदस्यों का डिटेल और मोबाइल नंबर देना होगा. आवेदक, पति या पत्नी और वयस्क पारिवारिक सदस्यों के आधार की स्व-अभिप्रमाणित कॉपी भी आवेदन के साथ देनी होगी. इसके अलावा जाति प्रमाण-पत्र की कॉपी और राशन कार्ड, मतदाता पहचान-पत्र या निवास प्रमाण-पत्र में से उपलब्ध दस्तावेज देना होगा. परिवार का वर्तमान ग्रुप फोटो भी आवेदन के साथ लगाना होगा. सरकारी जमीन पर बसे होने पर देना होगा ये दस्तावेज आवेदक को निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र देना होगा कि परिवार के पास वासयोग्य भूमि नहीं है और पहले किसी सरकारी योजना के तहत वासभूमि नहीं मिली है. अगर परिवार सरकारी भूमि पर बसा हुआ है, तो उपलब्ध जानकारी के अनुसार मौजा, खाता और खेसरा का डिटेल देना होगा. इसके साथ पुराने निवास से संबंधित उपलब्ध सबूत भी अटैच किए जा सकते हैं. बिहार से जुड़ी अन्य ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें अपने अंचल कार्यालय में दे सकते हैं आवेदन विभाग ने यह स्पष्ट किया है कि आवेदन अपने संबंधित अंचल कार्यालय में ही जमा कर सकते हैं. इसके लिए पटना स्थित राज्य मुख्यालय आने की जरूरत नहीं है. यदि किसी व्यक्ति या संस्था की ओर से लोगों को भ्रमित कर जिलों से पटना मुख्यालय लाए जाने की जानकारी मिलती है, तो ऐसे व्यक्तियों या संस्थाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस पोर्टल पर कर सकते हैं शिकायत जानकारी के मुताबिक, अभियान बसेरा के तहत अब तक 92

# जमुई वायरल वीडियो पर उमेश कुशवाहा बोले- दोषी कितने भी बड़े हों



पटना (एजेंसी) जमुई में युवक-युवती के साथ कथित बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद मामला गरमा गया है. घटना पर जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और मंत्री सुनील कुमार ने प्रतिक्रिया दी है. दोनों ने दोषियों पर कार्रवाई की बात कही. पुलिस भी मामले की जांच कर रही है. जमुई में युवक-युवती के साथ कथित बदसलूकी का वीयो वायरल होने के बाद मामला तूल पकड़ रहा है. घटना 19 सितंबर की बताई जा रही है. वीडियो में स्कूटी सवार युवक-युवती को कुछ लोग रोकते नजर आ रहे हैं. इसके बाद उनके साथ कथित रूप से बदसलूकी की जाती है. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है. मामले को लेकर अब राजनीतिक बयान भी सामने आए हैं. जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और बिहार सरकार के मंत्री सुनील कुमार ने घटना पर कार्रवाई की बात कही है. उमेश कुशवाहा बोले- सरकार संवेदनशील, दोषी बचेंगे नहीं जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने जमुई की घटना को लेकर कहा कि सरकार ऐसे मामलों को लेकर संवेदनशील है. उन्होंने कहा कि जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी. उमेश कुशवाहा ने कहा कि अपराधी कितना भी बड़ा क्यों न हो, वह पुलिस की कार्रवाई से नहीं बच सकता. उन्होंने कहा कि घटना में शामिल लोगों को पुलिस के कब्जे में लाया जाएगा. उन्होंने विपक्ष के बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर भी प्रतिक्रिया दी. उमेश कुशवाहा ने 2005 से पहले के बिहार का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय की स्थिति अलग थी. उन्होंने कहा कि आज-कल किसी भी घटना पर सरकार कार्रवाई करती है. अनंत सिंह-नीरज कुमार मामले पर भी बोले अनंत सिंह और नीरज कुमार से जुड़े सवाल पर उमेश कुशवाहा ने कहा कि पार्टी में इसे लेकर कोई विवाद नहीं है. उन्होंने कहा कि पार्टी सभी मामलों को देख रही है. उन्होंने कहा कि पार्टी का कोई भी नेता ऐसा बयान नहीं दे सकता, जिससे पार्टी की गरिमा प्रभावित हो. पार्टी ऐसे मामलों पर नजर रखती है. सुनील कुमार बोले- घटना निंदनीय, प्रशासन करेगा कार्रवाई बिहार सरकार के मंत्री सुनील कुमार ने भी जमुई की घटना पर प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि वह घटना की निंदा करते हैं. स्थानीय प्रशासन की ओर से उचित कार्रवाई की जाएगी. नील कुमार ने बताया कि उन्होंने जमुई के एसपी से बात की है. उनके अनुसार, मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किए जाने की जानकारी मिली है. मंत्री ने कहा कि जो भी लोग घटना में शामिल हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने इसे निंदनीय घटना बताया.एक घटना से पूरे बिहार की तस्वीर बताना ठीक नहीं' सुनील कुमार ने कहा कि एक घटना को लेकर पूरे बिहार के हालात को उसी रूप में पेश करना उचित नहीं है. उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर सरकार ने कदम उठाए हैं.विपक्ष की ओर से बिहार को 'जंगलराज' बताए जाने के सवाल पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी. मंत्री ने कहा कि ऐसी भाषा का इस्तेमाल उचित नहीं है. उन्होंने दोहराया कि घटना के दोषियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेगी. महिला आयोग ने भी सख्त कार्रवाई की बात कही जमुई मामले पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने भी सख्त कार्रवाई की बात कही है. उन्होंने कहा कि आयोग ने घटना की जानकारी ली है. उनके मुताबिक, आयोग की टीम घटनास्थल पर जाकर पीड़ित से मुलाकात करेगी. उन्होंने कहा कि दोषी कितने भी प्रभावशाली क्यों न हों, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए.

वीडियो के आधार पर पुलिस ने शुरू की जांच शुरूआत में घटना को लेकर पुलिस के पास किसी पक्ष की ओर से शिकायत नहीं पहुंची थी. इसके बाद सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की. पुलिस ने जांच के दौरान युवक-युवती की पहचान की. अधिकारियों के अनुसार, वीडियो में नजर आ रहे लोगों की पहचान भी की जा रही है और मामले में कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ाई जा रही है. वायरल वीडियो की स्वतंत्र पुष्टि प्रभात खबर नहीं करता है. मामले की पूरी तस्वीर पुलिस जांच और आगे की कार्रवाई के बाद स्पष्ट होगी.

# एफएमसीजी कंपनियां त्योहारी सीजन में नहीं बढ़ाएंगी कीमतें

नई दिल्ली

कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और भू-राजनीतिक परिस्थितियों से लागत पर दबाव बढ़ने के बावजूद देश की प्रमुख एफएमसीजी (रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली) कंपनियां त्योहारी सीजन के दौरान अपने उत्पादों की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी करने से बच सकती हैं। कंपनियों का जोर फिलहाल उपभोक्ता मांग और बिक्री की मात्रा बनाए रखने पर है। उद्योग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, कंपनियां जून तिमाही में ही लागत बढ़ने के असर को कम करने के लिए चुनिंदा उत्पादों की कीमतों में करीब दो से पांच प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर चुकी हैं। ऐसे में दिवाली तक कीमतों में और बड़ी वृद्धि की संभावना कम है। एफएमसीजी क्षेत्र को चीनी, खाद्य तेल, कॉफी, कोको और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाले कच्चे तेल आधारित उत्पादों की बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है।

## कंपनियां उपभोक्ता की मांग और बिक्री बढ़ाने पर देगी जोर

### आगे भी परिस्थितियों पर रखेंगी नजर : डाबर

डाबर इंडिया के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) अंकुश जैन ने कहा कि कंपनी ने भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण बढ़ी लागत के असर को कम करने के लिए पिछले कुछ माह में उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि कंपनी आगे भी परिस्थितियों पर नजर रखेगी और प्रतिस्पर्धी माहौल को ध्यान में रखते हुए फैसले करेगी।

### दोनों बाजार में मांग उत्साहजनक बनी हुई : पारले

वहीं, पारले प्रोडक्ट्स के मुख्य विपणन अधिकारी (सीएमओ) मयंक शाह ने कहा कि ज्यादातर एफएमसीजी कंपनियां फिलहाल कीमतें बढ़ाने के बजाय उन्हें स्थिर रखना पसंद करेंगी। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण दोनों बाजारों में मांग उत्साहजनक बनी हुई है और कंपनियां त्योहारी मौसम में मांग की इस गति को बनाए रखना चाहती हैं।



### जिंस की कीमतों में नरमी से कंपनियों को राहत

शाह के अनुसार, कम से कम दिवाली तक एफएमसीजी उत्पादों की कीमतों में किसी बड़ी बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। कुछ सरकारी उपायों के कारण चीनी जैसी कुछ प्रमुख जिंस की कीमतों में नरमी से भी कंपनियों को राहत मिली है। कुल मिलाकर, एफएमसीजी कंपनियों की मौजूदा रणनीति लागत बढ़ने के बावजूद कीमतों को यथासंभव स्थिर रखने और बिक्री की मात्रा बढ़ाने की है।

### कंपनियां लागत का बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही

हालांकि, कंपनियां लागत नियंत्रण, परिचालन दक्षता और उत्पाद पोर्टफोलियो में बदलाव के जरिये बढ़ी हुई लागत का एक बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही हैं। इससे उनके मुनाफे पर दबाव बना हुआ है, लेकिन कंपनियां फिलहाल कीमत बढ़ाने के बजाय बिक्री की मात्रा में वृद्धि पर ध्यान दे रही हैं।

## खबर संक्षेप

### एयरटेल क्लाउड के ग्राहकों की संख्या करीब 40 हुई




**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल के घरेलू क्लाउड मंच ने एक साल के भीतर करीब 40 ग्राहक जोड़े हैं और इनमें विनिर्माण क्षेत्र की कंपनियों की हिस्सेदारी लगभग एक-चौथाई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, क्लाउड कारोबार अगस्त 2025 में शुरू होने के बाद से लगातार विस्तार कर रहा है।

### नियुक्ति के पांच सप्ताह बाद मूंदड़ा का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की प्रमुख पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल में शामिल होने के महज एक महीने बाद अलका मूंदड़ा ने स्वतंत्र निदेशक के पद से इस्तीफा दे दिया है। सूचीबद्धता नियमों के तहत स्वतंत्रता के मानदंडों का उल्लंघन करती है। आईओसी ने बताया कि पेट्रोलियम मंत्रालय को लिखे पत्र में मूंदड़ा ने बताया कि उनके बेटे माधव मूंदड़ा, 2020 से राजस्थान के उदयपुर में आईओसी का एक खुदरा बिक्री केंद्र 'स्वर्ण गंगा केएसके' संचालित कर रहे हैं।

### बिकवाली से बीते सप्ताह तेल-तिलहनों के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** पैसे की तंगी के कारण कांडला बंदरगाह पर आयातकों की तरफ से लागत से नीचे दाम पर बिकवाली के चलते बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट देखी गई, जबकि मूंगफली तेल की निरंतर मांग के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि ऊंचे दाम के कारण सरसों खप नहीं रहा और इसकी मांग प्रभावित रहने से बीते सप्ताह सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट रही।

### आशियाना हाउसिंग 1000 करोड़ रुपए करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी आशियाना हाउसिंग के प्रबंध निदेशक विशाल गुप्ता ने कहा है कि कंपनी चालू वित्त वर्ष में आवासीय परियोजनाओं के विकास के लिए जमीन खरीदने पर करीब 1,000 करोड़ रुपये निवेश करेगी। देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनियों में शामिल आशियाना हाउसिंग मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवासीय परियोजनाएं विकसित करती है। गुप्ता ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद घरों की मांग मजबूत बनी हुई है।

### लिक्विड डिजिटल का आईपीओ 23 को खुलेगा




**नई दिल्ली।** डिजिटल मार्केटिंग समाधान प्रदाता कंपनी लिक्विड डिजिटल इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसका 39 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 23 सितंबर को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि आईपीओ के लिए 51 से 54 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया है। यह तीन दिवसीय निर्गम 25 सितंबर को बंद होगा। कंपनी के शेयरों को बीएसई के एसएमई मंच पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

### मालदीव ने ट्रेजरी बिलों का किया भुगतान पूरा

**नई दिल्ली।** मालदीव ने भारत से जुड़े 15 करोड़ डॉलर के ट्रेजरी बिलों की अंतिम पांच करोड़ डॉलर की किस्त का भुगतान पूरा कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, मालदीव सरकार के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा खरीदे गए कुल 15 करोड़ डॉलर के ट्रेजरी बिल में से पांच करोड़ डॉलर की अंतिम किस्त का 17 सितंबर को सफलतापूर्वक निपटान कर दिया गया। जायसवाल ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एसबीआई ने 2019 में इन ट्रेजरी बिलों को खरीदा था और उनकी अवधि छह बार एक-एक साल के लिए बढ़ाई गई थी।

## भारत जल्द बुनियादी ढांचे में इस्तेमाल होने वाले चिप भी बनाएगा


# भारत का सेमीकंडक्टर अभियान कार, टीवी और बिजली ढांचे के लिए चिप पर केंद्रित : वैष्णव

नई दिल्ली

भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के प्रयास कर रहा है। सरकार चिप की असेंबली और परीक्षण से आगे बढ़कर डिजाइन, विनिर्माण, उपकरण और सामग्री के क्षेत्र में क्षमता विकसित करना चाहती है। सेमीकंडक्टर कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत सरकार ने घरेलू पारिस्थितिकी तंत्र के विस्तार और वैश्विक निवेश आकर्षित करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता जताई है।

सरकार ने हाल में कहा था कि सेमीकंडक्टर योजना के दूसरे चरण के लिए निवेशकों से चार लाख करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।
वैष्णव ने कहा कि अगले पांच वर्षों के भीतर भारत को कार, बिजली प्रणालियों, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और अन्य घरेलू उपकरणों के लिए चिप डिजाइन और विनिर्माण करने में सक्षम होना चाहिए। वैष्णव ने कहा, कार, स्कूटर और मोटरसाइकिल में इस्तेमाल होने वाले कई चिप का विनिर्माण हमारे देश में हो रहा है। हमें इनमें से कई चिप को भारत में ही डिजाइन और निर्मित करने में सक्षम होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि बिजली क्षेत्र में भी ऐसी ही क्षमता विकसित की जानी चाहिए।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अगले कुछ वर्षों में सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में ऐसी क्षमता विकसित करना चाहता है, जिससे कार, टेलीविजन और रेफ्रिजरेटर जैसे रोजमर्रा के उत्पादों के साथ-साथ बिजली क्षेत्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में इस्तेमाल होने वाले चिप भी देश में डिजाइन और निर्मित किए जा सकें।




### हम चिप को नहीं तैयार उत्पाद को देखते हैं

वैष्णव ने कहा, ''हम वास्तव में चिप को नहीं देखते, हम तैयार उत्पाद देखते हैं। जब हम टीवी खरीदते हैं, तो उसके अंदर लगे चिप को नहीं देखते, लेकिन वही चिप पूरे उपकरण को संचालित करता है। उन्होंने सेमीकंडक्टर को टेलीविजन का 'दिमाग' और 'दिल' बताया। उन्होंने कहा, ''इस दिशा में आगे बढ़ना बहुत अच्छा होगा।''

### टीवी, फ्रिज व अन्य घरेलू उपकरण के चिप भारत में बने

केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''बिजली क्षेत्र में कई चिप इस्तेमाल होते हैं, मसलन पारेषण लाइन, ट्रांसफॉर्मर और कन्वर्टर में। हमें ऐसे कई चिप का विनिर्माण करने में सक्षम होना होगा, जिन्हें भारत में ही डिजाइन और बनाया जाए।' उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में वैष्णव ने कहा कि टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और अन्य घरेलू उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले कई चिप भी भारत में ही डिजाइन और निर्मित किए जाने चाहिए।

### भारत के पास चिप डिजाइन प्रतिभा, लेकिन बिक्री कौशल का अभाव

भारत के पास दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्तर के चिप डिजाइन करने वाली इंजीनियरिंग प्रतिभा मौजूद है, लेकिन देश में इन उत्पादों को वैश्विक स्तर पर बेचने के लिए जरूरी विपणन और परिचालन कौशल की कमी है। उद्यम पूंजी फर्म एंड्रिया पार्टनर्स के प्रबंध साझेदार सतीश आंद्रा ने यह बात कही।


### भारत ने क्वालकॉम आदि के लिए चिप डिजाइन किए

आंद्रा ने कहा कि भारत में स्थित इंजीनियरों ने क्वालकॉम, इनफिनिओन, एनएक्सपी, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स और रेनेसास जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए ऐसे चिप डिजाइन किए हैं, जिनकी वैश्विक स्तर पर अरबों इकाइयों की आपूर्ति हुई है। उन्होंने बताया कि देश में हालांकि उत्पाद की विशिष्टताएं लिखने, उसे सही ढंग से स्थापित करने, उसका विपणन करने और विदेशी ग्राहकों तक पहुंचने के लिए वितरकों के साथ काम करने जैसे कौशलों की अभी कमी है।

महानगरों से आगे बढ़ी भर्ती की प्रक्रिया : रिपोर्ट

## दूसरे और तीसरी श्रेणी के शहर बने नए भर्ती प्रतिभा केंद्र

**मुंबई।** देश के छोटे शहर अब बड़े प्रतिभा केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं और पिछले दो वर्षों में ज्यादातर नियोक्ताओं ने दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से नियुक्तियों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष सामने आया है। कार्यबल प्रबंधन और मानव संसाधन समाधान प्रदाता जीनियस एचआरटेक लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार भारत में भर्ती का परिदृश्य अब पारंपरिक महानगरों से आगे बढ़ रहा है।



सर्वेक्षण में शामिल 69 प्रतिशत संगठनों ने बताया कि उन्होंने पिछले दो वर्षों के दौरान दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से अपनी नियुक्तियों में 30 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी की है। यह रिपोर्ट अगस्त में विभिन्न क्षेत्रों के 1,729 नियोक्ताओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इनमें वित्त एवं बीएफएसआई, एफएमसीजी, इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), विनिर्माण, दूरसंचार, खुदरा और ई-कॉमर्स जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनियां अपनी प्रतिभाओं का दायरा बढ़ाने और अधिक विकेंद्रीकृत भर्ती रणनीतियों को अपनाने के लिए छोटे शहरों का रुख कर रही हैं। यह रुझान आने वाले समय में और तेज होने की उम्मीद है।

### ध्यान विशिष्ट कौशल विकसित करने पर हो

जीनियस एचआरटेक के चेयरमैन आर पी यादव ने कहा, ''दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों को अब केवल महानगरों के विकल्प के रूप में नहीं देखा जा रहा है, बल्कि वे अपने आप में रणनीतिक प्रतिभा बाजार बन रहे हैं।

# सोने के अगले सप्ताह सीमित दायरे में बने रहने के आसार

## खाड़ी युद्ध और कच्चे तेल का रुख असर डालेगा

नई दिल्ली

अमेरिकी डॉलर और बांड प्रतिफल में उतार-चढ़ाव, पश्चिम एशिया संघर्ष के घटनाक्रम तथा कच्चे तेल के रुख के बीच आगामी सप्ताह में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है और यह सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

मौद्रिक नीति और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से भरे सप्ताह के बाद अब निवेशकों का ध्यान नए आर्थिक आंकड़ों पर रहेगा। इनमें प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े शामिल हैं। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के अंत में जारी होने वाले अमेरिकी आवास बाजार, टिकाऊ उपभोक्ता सामान के ऑर्डर और उपभोक्ता धारणा से जुड़े आंकड़ों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। इससे मौद्रिक नीति के भावी परिदृश्य और सर्राफा की मांग के संकेत मिल सकेंगे।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अक्टूबर डिलिवरी वाला सोना पिछले सप्ताह 1,597 रुपये यानी 1.04 प्रतिशत चढ़कर 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं चांदी का वायदा भाव 6,629 रुपये यानी करीब तीन प्रतिशत की बढ़त के साथ 2.41 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया।



### सोने को मिला निचले स्तर से खरीदी का समर्थन

एलकेपी सिक्योरिटीज के जिंस एवं मुद्रा शोध विश्लेषक जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''एमसीएक्स पर सोना पिछले सप्ताह 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब कमजोरी के साथ खुला था, लेकिन निचले स्तर पर खरीदारी का समर्थन मिलने से यह 1.54 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया।''

# टाइटन प्रीमियम व लक्जरी घड़ी कारोबार का कर रही विस्तार

**बेंगलुरु।** प्रमुख घड़ी विनिर्माता टाइटन कंपनी अपने प्रीमियम और लक्जरी घड़ी कारोबार का विस्तार कर रही है और वृद्धि की रणनीति के तहत छोटी तथा उभरती घड़ी कंपनियों में निवेश या उनका अधिग्रहण करने के विकल्प पर विचार कर रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। टाटा समूह की कंपनी को इस साल त्योहारी मौसम में उपभोक्ता मांग मजबूत रहने की उम्मीद है।



टाइटन कंपनी की मुख्य विपणन अधिकारी रंजनी कृष्णास्वामी ने कहा कि इस साल शादी का मौसम जल्दी शुरू होने और दिवाली देर से पड़ने से भी मांग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कृष्णास्वामी ने यह भी माना कि कंपनी बढ़ती मांग के अनुरूप अपनी आपूर्ति क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। कृष्णास्वामी ने कहा, ''हम बहुत मजबूत मांग देख रहे हैं। त्योहारी मौसम की शुरुआत काफी अच्छी रही है। हम बहुत आशावादी हैं और सच कहें तो मांग पूरी करने के लिए जरूरी क्षमता सुनिश्चित करने में हमें चुनौती आ रही है।''

### टाइटन अवसरों का मूल्यांकन कर रही

वृद्धि की रणनीति के तहत अधिग्रहण के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि टाइटन ऐसे अवसरों का मूल्यांकन कर रही है जो कंपनी की दीर्घकालिक वृद्धि की योजनाओं के अनुरूप हों और विभिन्न क्षेत्रों तथा बाजारों में उसकी मौजूदगी को मजबूत करने में मदद करें।

## सुपरटेक की अटकी परियोजनाओं पर एनसीएलएटी हुआ सख्त


**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने सार्वजनिक क्षेत्र की निर्माण क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी द्वारा सुपरटेक लिमिटेड की अटकी आवासीय परियोजनाओं में निर्माण कार्य दोबारा शुरू करने में देरी को लेकर चिंता जताई है। एनसीएलएटी की तीन सदस्यीय पीठ ने रियल एस्टेट कंपनी के लिए अंतरिम समाधान पेशेवर की नियुक्ति में हो रही देरी पर भी संबंधित अधिकारियों को



फटकार लगाई। सुपरटेक फिलहाल कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया में है। आईआरपी की नियुक्ति के लिए नाम सुझाने की प्रक्रिया एक सप्ताह के भीतर पूरी करने का निर्देश दिया है।

## कच्चे तेल की धार तय करेगी घरेलू शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों, पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और वैश्विक बाजार के रुख से तय होगी। इसके अलावा विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और अमेरिकी बॉण्ड प्रतिफल पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस और



ईरान पर प्रतिबंधों से संबंधित नए कानून पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद भारतीय बाजार के लिए व्यापार मोर्चे पर एक नई अनिश्चितता पैदा हुई है।

तीन साल में नौ गुना बढ़ी उत्पादों की संख्याः सैमसंग

## एआई आधारित उपकरण के लिए भारत प्रमुख वृद्धि बाजार

नई दिल्ली

भारत सैमसंग के कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित घरेलू उपकरण के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बनकर उभरा है।
कंपनी के अनुसार, देश में नए कनेक्ट होने वाले सैमसंग उपकरणों की संख्या पिछले तीन साल में करीब नौ गुना बढ़ी है। इस वृद्धि में युवा उपभोक्ताओं की प्रमुख भूमिका है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की उपाध्यक्ष और एक्सपीरियंस प्लानिंग तथा सीएक्स इनसाइट ग्रुप (डिजिटल अप्लायंसेज कारोबार) की प्रमुख बोना ली ने बताया कि भारत में नए कनेक्ट होने वाले सैमसंग उपकरण की संख्या 2022 के 82,000 से बढ़कर पिछले साल 7.32 लाख हो गई। ली ने कहा, ''इसके परिणामस्वरूप, दुनिया भर में सैमसंग के कनेक्टेड उपकरणों में दक्षिण-पश्चिम एशिया की हिस्सेदारी 2022 के दो प्रतिशत से बढ़कर 2026 में 13 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि कंपनी चालू साल के केवल आठ महीनों में ही पिछले साल के आंकड़े को पार कर चुकी है। उन्होंने इस तेज वृद्धि का मुख्य कारण युवा पीढ़ी को बताया।

## कंपनियां सार्वजनिक निर्गम से 3,825 करोड़ रुपए जुटाएगी

# अगले सप्ताह छह कंपनियां लाएंगी अपना आईपीओ

नई दिल्ली

प्राथमिक बाजार में अगले सप्ताह भी काफी गतिविधियां देखने को मिलेंगी। सप्ताह के दौरान छह कंपनियां मुख्य मंच के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये कुल 3,825 करोड़ जुटाने के लिए बाजार में उतरेंगी। इनमें एलिवेट कैंपसेस और वर्मोरा ग्रैनिटो प्रमुख रूप से शामिल हैं। ये सभी आईपीओ सार्वजनिक अभिदान के लिए 22 से 28 सितंबर के बीच खुलेंगे। ज्यादातर निर्गम 23 सितंबर को खुलेंगे। इन दो निर्गम के साथ बेंगलुरु की ए-वन स्टील्स इंडिया लि., अरमी इन्फोटेक लि., स्वस्तिका इन्फ्रा और एड्रॉयट इंडस्ट्रीज (इंडिया) के आईपीओ भी सप्ताह के दौरान खुलेंगे। हिलहाउस इन्वेस्टमेंट समर्थित एलिवेट कैंपसेस 23 सितंबर को 2,100 करोड़ का आईपीओ लेकर आएगी। कंपनी ने इसके लिए प्रति शेयर 343-362 का मूल्य दायरा तय किया है। तीन दिन का यह निर्गम 25 सितंबर को बंद होगा और इसके शेयरों की सूचीबद्धता 30 सितंबर को प्रस्तावित है। आईपीओ में पूरी तरह नए शेयर जारी किए जाएंगे और इसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं है। वर्मोरा ग्रैनिटो का 708 करोड़ का आईपीओ 22 से 24 सितंबर तक खुलेगा। इसके लिए मूल्य दायरा 140-148 प्रति शेयर तय किया गया है। निर्गम में 320 करोड़ तक के नए शेयर जारी किए जाएंगे, जबकि निवेशक कत्सुरा इन्वेस्टमेंट्स करीब 388 करोड़ मूल्य के 2.62 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश लाएगी।

### ए-वन स्टील्स का 405 करोड़ जुटाने का लक्ष्य

एकीकृत इस्पात विनिर्माता ए-वन स्टील्स इंडिया 24 से 28 सितंबर के दौरान 405 करोड़ जुटाने का लक्ष्य लेकर बाजार में उतरेगी। कंपनी ने शेयर का मूल्य दायरा 385-405 तय किया है। इसमें 355 करोड़ का नया निर्गम और प्रवर्तकों की ओर से 50 करोड़ तक की बिक्री पेशकश शामिल है। अरमी इन्फोटेक का 300 करोड़ का आईपीओ 23 से 25 सितंबर तक खुलेगा।




### स्वस्तिका का आईपीओ 23 से खुलेगा

कंपनी ने इसके लिए 350-375 प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। इसमें पूरी तरह नए शेयरों की पेशकश की जाएगी। स्वस्तिका इन्फ्रा का 161 करोड़ का आईपीओ 23 से 25 सितंबर को खुला रहेगा। इसका मूल्य दायरा 175-185 प्रति शेयर है। कंपनी बिजली वितरण और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए ईपीसी समाधान उपलब्ध कराती है।

# 21 साल के पाकिस्तानी बल्लेबाज ने ठोका हाहाकारी शतक

## ऐसा करने वाला बना पहला खिलाड़ी



सीपीएल यानी कैरेबियन प्रीमियर लीग 2026 के फाइनल में पाकिस्तानी बल्लेबाज के बल्ले का धमाल देखने को मिला. 21 साल का ये वही पाकिस्तानी बल्लेबाज है, जिसके नाम सीपीएल के सबसे छोटे सेंचुरियन होने का भी रिकॉर्ड दर्ज है. हम बात कर रहे हैं माज सदाकत की, जिन्होंने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया और सीपीएल 2026 में अपना दूसरा शतक जड़ा है. इससे पहले माज सदाकत ने एलिमिनेटर मुकाबले में भी शतक जड़ा था और सीपीएल में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बने थे. सीपीएल 2026 के फाइनल मुकाबले में एंटीगा एंड बारबुडा फाल्कंस के खिलाफ जमैका किंग्समेन ने पहले बल्लेबाजी की. जमैका किंग्समेन के लिए माज सदाकत और किर्क मैकेन्जी ने ओपन किया. अब मैकेन्जी तो बिना खाता खोले ही आउट हो गए. लेकिन 21 साल के पाकिस्तानी माज सदाकत ने अपने इरादे साफ जता दिए. नतीजा ये हुआ कि मैच के आखिरी ओवर तक उन्होंने ना सिर्फ एक छोर संभाले रखा बल्कि जमैका किंग्समेन के स्कोर बोर्ड को भी चलाते रहे. ऐसा करते हुए माज सदाकत सीपीएल फाइनल में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए.

**49 गेंदों में फाइनल में जमाया शतक** – माज सदाकत ने सीपीएल 2026 के फाइनल में 58 गेंदों पर 114 रन बनाए, जिसमें 9 छक्के और 8 चौके शामिल रहे. इस पारी के दौरान उन्होंने अपना शतक सिर्फ 49 गेंदों में पूरा किया. ये उनके सीपीएल और टी-20 करियर का दूसरा शतक है. इससे पहले अपना पहला सीपीएल सीजन खेल रहे माज सदाकत ने एलिमिनेटर मैच में 44 गेंदों में शतक लगाया था. माज सदाकत ने एलिमिनेटर में 112 रन बनाए थे. उस लिहाज से फाइनल में बनाए 114 रन, उनके टी20 करियर का सबसे बड़ा स्कोर है.

**माज सदाकत के शतक की बदौलत बने 170 रन** – माज सदाकत के शतक की बदौलत ही जमैका किंग्समेन 20 ओवर में 9 विकेट पर 170 रन बनाने में कामयाब रही. उनके शतक को अगर निकाल दें तो टीम के बाकी बल्लेबाज फाइनल में फेल दिखे. बाकी बल्लेबाजों में सिर्फ एक और सैम अयूब ही दहाई के आंकड़े को पार करने में कामयाब रहे. सैम अयूब ने 29 रन बनाए और टीम के दूसरे टॉप स्कोरर रहे. मतलब कहा जा सकता है जमैका किंग्समेन अपने पाकिस्तानी खिलाड़ियों के भरोसे ही फाइनल में फाइटिंग टोटल खड़ा कर सकी ।

# एमएलएस : 2-2 से ड्रॉ रहा इंटर मियामी और सैन डिएगो के बीच खेला गया मुकाबला, मेसी ने दागा एक गोल

**मियामी ।** एमएलएस रेगुलर सीजन में इंटर मियामी सीएफ और सैन डिएगो एफसी के बीच मुकाबला 2-2 की बराबरी पर खत्म हुआ। इंटर मियामी को इस मैच में एक अंक मिला। टीम के लिए कप्तान लियोनेल मेसी और स्टार स्ट्राइकर लुइस सुआरेज ने गोल किए। मेहमान टीम सैन डिएगो एफसी ने मैच के 12वें मिनट में एंडर्स ड्रायर के गोल की मदद से बढ़त हासिल की। इसके बाद 24वें मिनट में लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी की ओर से शानदार गोल दागते हुए स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया। मेसी की फ्री-किक सीधे गोल के ऊपरी बाएं कोने में गई और गोलकीपर उसे रोक नहीं पाया। यह मेसी का इस सीजन का 20वां गोल रहा। वह एमएलएस 2026 गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे चल रहे हैं। इसके साथ ही मेसी एमएलएस इतिहास के केवल दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने लगातार तीन सीजन में 20 या उससे अधिक गोल किए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि एलएएफसी के डेनिस बुआंगा ने 2023 से 2025 के बीच हासिल की थी।




## संक्षिप्त समाचार

### एशियन गेम्स 2026:

# भारत ने पाकिस्तान को धोया

## कबड्डी-हॉकी में भी छाए भारतीय खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आज भारतीय खिलाड़ी कबड्डी, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स, वुशू, हॉकी, निशानेबाजी, तैराकी, सॉफ्ट टेनिस, बॉक्सिंग और सेपक टकरा जैसे इवेंट्स में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं. एशियन गेम्स 2026 के पहले दिन भारत ने दो सिल्वर मेडल जीते थे. सोनम मस्कर, इलावेलिन वलारिवन और विदर्सा विनोद की तिकड़ी ने विमेंस 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में भारत को रजत पदक दिलाया. फिर इलावेलिन वलारिवन ने विमेंस 10 मीटर एयर राइफल इंडिविजुअल इवेंट में भी सिल्वर पर निशाना साधा.

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने भी बांग्लादेश को 114 रनों से हराकर फाइनल का टिकट



हासिल किया. अब विमेंस क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में भारत की टक्कर श्रीलंका से 22 सितंबर को होगी. हॉकी, टेबल टेनिस में भी भारत का प्रदर्शन सराहनीय रहा. मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में सुचिका तारियाल ने भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया. तैराकी, वुशू और टेकबॉल में भारतीय खिलाड़ियों ने निराश किया. भारत और पाकिस्तान के बीच हुए दोनों मुक़ाबलों में खेल भावना देखने को मिली. इससे पहले भारतीय महिला टीम ने भी अपने मैच के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ गर्मजोशी से हाथ मिलाया. बाद में भारत की 3-0 से शानदार जीत के बाद पायस जैन और पाकिस्तान की टीम ने भी नेट के पास हाथ मिलाया ।

### ओडिशा टी20 लीग

# गौरव चौधरी ने खेली धमाकेदार पारी

## संबलपुर वॉरियर्स ने कटक पैंथर्स को 9 रनों से हराया

**कटक ।** संबलपुर वॉरियर्स ने ओडिशा टी20 लीग की शुरुआत जीत के साथ की है । टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बाराबती स्टेडियम में कटक पैंथर्स को 9 रनों से हराया । पहले बल्लेबाजी करते हुए वॉरियर्स ने 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 193 रन स्कोरबोर्ड पर लगाए । टीम के कप्तान गौरव चौधरी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में 88 रनों की दमदार पारी खेली । उन्होंने अपनी इस पारी में 9



चौके और 6 छक्के लगाए । गौरव चौधरी को शांतनु मिश्रा का अच्छा साथ मिला, और दोनों ने मिलकर 135 रनों की शानदार ओपनिंग पार्टनरशिप की । आउट होने से पहले शांतनु ने 40 गेंदों में 60 रन बनाए, जबकि गौरव तेजी से स्कोरबोर्ड को आगे बढ़ाते रहे । हालांकि, कप्तान के पवेलियन लौटने के बाद वॉरियर्स की पारी बुरी तरह से लड़खड़ा गई और टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए । हालांकि, इसके बावजूद टीम 193 रनों के टोटल तक पहुंचने में सफल रही । अभिषेक सिंह कटक पैंथर्स की ओर से सबसे सफल गेंदबाज रहे और उन्होंने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट चटकाए ।



# यहां के हालात और पिच के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं, जापान के खिलाफ मुकाबला रोमांचक होगा: अय्यर

**सानो (जापान), एजेंसी ।** भारत और जापान की पुरुषों क्रिकेट टीम के बीच मंगलवार को सानो इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में ऐतिहासिक टी20 मैच खेला जाना है, लेकिन सोमवार को तेज बारिश के कारण भारत का ट्रेनिंग सेशन रद्द करना पड़ा। हालांकि, कप्तान श्रेयस अय्यर मेजबान जापान के खिलाफ भारतीय पुरुष क्रिकेट इतिहास के पहले टी20 मैच को लेकर पूरे जोश में हैं। उन्होंने इस मुकाबले को एक नई जगह पर 'रोमांचक चुनौती' बताया है। मुकाबले से पहले अय्यर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से कहा, 'यह हमारे लिए एक रोमांचक और दिलचस्प मुकाबला होने वाला है। ऐसा पहली बार है, जब हम जापान के विरुद्ध खेलेंगे। मुझे वहां के हालात और पिच के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है, लेकिन एक शानदार मैच की उम्मीद है।' भारतीय टीम पहली बार जापान के खिलाफ टी20 मैच खेलने जा रही है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट ने जापानी खिलाड़ियों के बारे में जानने के लिए वीडियो फुटेज और डिजिटल क्लिप्स का सहारा लिया।

कप्तान अय्यर ने कहा, 'मैंने इधर-उधर कुछ वीडियो क्लिप्स देखी हैं। लेकिन हां, हम खिलाड़ियों के बारे में और जानकारी हासिल करेंगे और कल के मैच के लिए बहुत उत्साहित हैं। उम्मीद है कि बारिश नहीं होगी और स्टेडियम में आने वाले सभी दर्शकों को एक अच्छा, कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। ' अय्यर ने यह भी बताया कि कैसे वे देश जहां पारंपरिक रूप से क्रिकेट नहीं खेला जाता था, अब तेजी से इस खेल को अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने कभी इस बारे में सोचा नहीं था, लेकिन हां, अब हर देश में क्रिकेट लोकप्रिय हो रहा है और सभी टीमें अपने-अपने तरीके से मजबूत हो रही हैं। इसलिए मुझे यकीन है कि कल का मैच भी रोमांचक होगा। ' भारतीय टीम के लिए जापान का दौरा पारंपरिक विदेशी दौरों से बिल्कुल अलग अनुभव है। कप्तान ने कहा, 'निश्चित रूप से यह ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड जाने के हमारे पुराने अनुभवों से बिल्कुल अलग है। यह हमारा पहला दौरा है, और यहां की संस्कृति और लोगों का अनुशासन का तरीका बहुत अलग है। मुझे नई संस्कृतियों को अपनाना और वहां के माहौल व रहने-सहने के तौर-तरीकों में जल्द से जल्द ढलना पसंद है। इसलिए यह हमारे लिए एक नई चुनौती है, और हम निश्चित रूप से इसके लिए उत्साहित हैं। हमने देखा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और जापान के बीच दोस्ती मजबूत हुई है। उम्मीद है कि सब अच्छा होगा।

### एशियन गेम्स 2026:

# सुचिका तारियाल 700 ग्राम ज्यादा वजन की वजह से हारीं मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी सुचिका तारियाल ने भारत को एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल तो जिता दिया लेकिन इस खिलाड़ी का गोल्ड जीतने का सपना टूट गया. बड़ी बात ये है कि सुचिका खराब खेल की वजह से मैच नहीं हारी, बल्कि एक नियम ने उन्हें सेमीफाइनल से बाहर कर दिया. सुचिका को प्वाइंट्स के आधार पर नहीं बल्कि वजन के आधार पर हार झेलनी पड़ी. आइए आपको बताते हैं क्या है सुचिका तारियाल का 700 ग्राम वजन का विवाद, आखिर क्यों फूट-फूटकर रोने को मजबूर हुई भारतीय खिलाड़ी?

**सुचिका तारियाल की विवादित हार** – सुचिका तारियाल 60 किलो वर्ग के सेमीफाइनल में सिंगापुर की हुई हून तेओ से भिड़ रही थीं. दोनों के बीच कड़ा मुकाबला रहा. रेगुलेशन टाइम और ओवरटाइम के बाद भी जज ये फैसला नहीं कर सके कि जीता कौन? शुरू में जजों ने तेओ को विजेता घोषित किया लेकिन इसके बाद भारतीय टीम ने विरोध जताया. भारत ने 1000 डॉलर फीस देकर फैसले पर दोबारा विचार करने की कार्यवाही कराई और नए जजों ने फुटेज देखने के बाद मुकाबले को ड्रॉ घोषित किया. लेकिन मुकाबला ड्रॉ होने के बावजूद सुचिका हार गई.



**इस नियम की वजह से हारीं सुचिका** – एशियन मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स एसोसिएशन के नियमों के मुताबिक जब मुकाबला ड्रॉ रह जाए और दूसरे टाई-ब्रेकर भी बराबर हों तो सुबह के वजन के आधार पर फैसला होता है. नियम के मुताबिक हल्का वजन वाला खिलाड़ी विजेता माना जाता है. सुचिका का वजन लगभग 59.2 किग्रा था, जबकि तेओ का वजन 58.5 किग्रा था , यानी सुचिका का वजन 700 ग्राम ज्यादा था. इसी वजह से तेओ को फाइनल का टिकट दे दिया गया और सुचिका को ब्रॉन्ज मेडल मिला. सुचिका इस फैसले से बेहद नाराज और दुखी हुईं. वो मैट पर ही फूट-फूटकर रोने लगी. इस खिलाड़ी ने शुरुआत में रेफरी और विरोधी खिलाड़ी से हाथ मिलाने से भी इनकार कर दिया था. सुचिका ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत को एमएमए में पहला मेडल तो दिलाया लेकिन सच ये है कि वो गोल्ड मेडल के मौके से चूक गईं.



### एशियन गेम्स 2026:

# भारतीय मेंस कबड्डी टीम ने जीत के साथ किया आगाज, एकतरफा मुकाबले में जापान को 49-23 से हराया

**नागोया, एजेंसी ।** एशियन गेम्स 2026 का आगाज भारतीय मेंस कबड्डी टीम ने धमाकेदार जीत के साथ किया है। सुनील कुमार की कप्तानी में भारतीय टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन को मेजबान जापान को एकतरफा अंदाज में 49-23 से हराया। भारतीय टीम का पूरे मैच में दबदबा देखने को मिला। टीम के रेडर्स शानदार लय में दिखाई दिए, तो डिफेंडर्स ने भी जापान को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। भारत ने शुरुआत से ही दमदार खेल दिखाया। भारतीय रेडर्स के सामने जापान का डिफेंस बेहद कमजोर नजर आया। भारतीय रेडर्स जापान के डिफेंस को भेदते हुए लगातार प्वाइंट्स हासिल करते रहे। पहले हाफ में भारतीय रेडर्स पूरे तरह से हावी रहे। शुरुआत से ही रेडर्स ने जापान के डिफेंस पर लगातार दबाव बनाया, जिसका फायदा टीम इंडिया को मिला। आशू मलिक ने एक साथ जापान के तीन खिलाड़ियों को आउट करते हुए सुपर रेड लगाई। आशू रेड में भारत के लिए लगातार प्वाइंट्स निकालते रहे। वहीं, भारतीय डिफेंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान को पहले हाफ में ही दो बार ऑलआउट किया। भारत ने पहले हाफ का अंत 31-9 की बड़ी बढ़त के साथ किया। हालांकि, दूसरे हाफ में जापान ने वापसी की और तेजी से प्वाइंट्स हासिल करने शुरू किए। भारत ने दूसरे हाफ में पवन सहरावत और अर्जुन देशवाल और असलम इनामदार की तिकड़ी को उतारा। अर्जुन ने आते के साथ ही प्वाइंट हासिल किया। इसके बाद भारतीय टीम एक बार फिर जापानी टीम को ऑलआउट करने में सफल रही। अंत में जापान के डिफेंस ने अच्छा खेल दिखाते हुए भारत के रेडर्स की कई रेडों को नाकाम किया लेकिन तब तक भारतीय टीम बहुत बड़ी बढ़त हासिल कर चुकी थी। आशू मलिक और राहुल भारतीय टीम के लिए इस मुकाबले में जीत के नायक रहे। अगले मैच में टीम इंडिया की भिड़ंत अब मंगलवार को साउथ कोरिया से होगी। भारतीय टीम अपनी इसी फॉर्म को साउथ कोरिया के खिलाफ भी जारी रखने के इरादे से उतरेगी।

### आईएसएल में नई शुरुआत:

# करण यादव बने नए सीईओ , क्लब-आधारित मॉडल के नए दौर में पहुंची लीग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन सुपर लीग ने सोमवार को करण यादव को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया। भारतीय फुटबॉल में क्लब-आधारित नए दौर की शुरुआत के बीच यादव को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वह लीग ऑफिस की कमान संभालने के साथ कमर्शियल ग्रोथ, ब्रॉडकास्ट रणनीति और फैंस के साथ जुड़ाव को मजबूत करने पर काम करेंगे।

**करण यादव ने नई भूमिका पर क्या कहा?**

यादव ने आईएसएल की नई व्यवस्था और अपनी भूमिका को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, आईएसएल एक महत्वपूर्ण नए अध्याय में प्रवेश कर रही है और मैं आगे की दिशा तय करने में योगदान देने के इस अवसर को लेकर उत्साहित हूं।

# कोहली-डिविलियर्स नहीं : इस युवा खिलाड़ी की स्किल चुराना चाहते हैं सूर्यकुमार ! कम उम्र में ही बनाए कई रिकॉर्ड्स

**मुंबई, एजेंसी।** वैभव सूर्यवंशी ने कम उम्र में ही अपने शानदार प्रदर्शन से क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा है। अब सूर्यकुमार यादव ने भी उनकी तारीफ की है। दूसरे क्रिकेटर की एक स्किल हासिल करने के सवाल पर सूर्यकुमार ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, एमएस धोनी और एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गजों के बजाय सूर्यवंशी की छक्के लगाने की क्षमता को चुना। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने उस खिलाड़ी का नाम बताया है, जिसकी एक खास स्किल वह अपने खेल में चाहते हैं। हैरानी की बात यह रही कि उन्होंने विराट कोहली, रोहित शर्मा, एमएस धोनी और एबी डिविलियर्स जैसे बड़े नामों के बजाय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को चुना। सूर्यकुमार से जब पूछा गया कि वह किसी दूसरे क्रिकेटर की कौन सी स्किल अपने अंदर लेना चाहेंगे, तो उन्होंने सूर्यवंशी की छक्के लगाने की क्षमता को चुना। 'ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे' को दिए इंटरव्यू में सूर्यकुमार ने कहा, 'एक युवा लड़का है, आपने उसका नाम जरूर सुना होगा- वैभव सूर्यवंशी। निश्चित रूप से उसकी छक्के लगाने की क्षमता।'



**आईपीएल 2026 में 72 छक्के लगाए थे** – वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 में अपने बल्ले से जबरदस्त प्रदर्शन किया।

# जॉनसन-स्टेनलेक बाहर ,एडवर्ड्स को मौका, साउथ अफ्रीका से वनडे से पहले ऑस्ट्रेलिया की टीम में बदलाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेज गेंदबाज जैक एडवर्ड्स साउथ अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल होने के बाद वनडे में डेब्यू करने के करीब हैं। ऑलराउंडर अभी भारत दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ए टीम के साथ पुडुचेरी में हैं। यहां से डरबन जाएंगे। गुरुवार को पहला वनडे है। वह इंडिया ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ऑस्ट्रेलिया के चार दिन के मैच की तैयारी कर रहे थे। तेज गेंदबाज बिली स्टेनलेक जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान साइड स्ट्रेन के बाद सीरीज से बाहर हो गए हैं।

स्टेनलेक अपने पांचवें ओवर के बीच में चोटिल हो गए। ऑस्ट्रेलिया लौटने के बाद उनका स्कैन होगा। इस बीच स्पेंसर जॉनसन को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे में से दो में खेलने के बावजूद टीम से रिलीज कर दिया गया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को चोट नहीं लगी है, लेकिन मैनेजमेंट को लगा की साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में उनकी जरूरत नहीं होगी। वह अगले महीने पुडुचेरी में ऑस्ट्रेलिया ए टीम से तीन 50-ओवर के मैच के लिए जुड़ेंगे।



**पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क ऑस्ट्रेलिया की टीम से जुड़ेगे** – जॉनसन 18 महीने के अंतराल के बाद वनडे क्रिकेट में लौटे और रविवार को जिम्बाब्वे पर ऑस्ट्रेलिया की रोमांचक जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने दो विकेट लिए और आखिरी विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी में योगदान दिया। पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क डरबन में ऑस्ट्रेलियी की टीम से जुड़ेंगे। नाथन एलिस, जोश हेजलवुड और जेवियर बार्टलेट दूसरे पेस ऑप्शन होंगे। वनडे मैच 24, 27 और 30 सितंबर को डरबन, जोहान्सबर्ग और पोटचेफस्ट्रूम में खेले जाएंगे।

# जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जोरदार हंगामा और धक्का-मुक्की, सदन की कार्यवाही स्थगित



**श्रीनगर, एजेंसी।**
जम्मू-कश्मीर विधानसभा का सत्र सोमवार को शुरू हुआ. पहले दिन की कार्यवाही हंगामेदार रही, क्योंकि विपक्षी पार्टी इखढ ने कई सार्वजनिक मुद्दों पर सरकार को घेरने की कोशिश की. जम्मू-कश्मीर विधानसभा का ऑटम सेशन 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें सात बैठकें होंगी. सोमवार को सदन में शेख मुस्तफा कमाल, धर्म पॉल और गुलाम हसन खान समेत पूर्व विधायकों और मंत्रियों को श्रद्धांजलि दी गई. शोक प्रस्ताव खत्म होते ही, विपक्षी बीजेपी ने प्रश्नकाल के दौरान कई सार्वजनिक मुद्दे उठाए, जिनमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों द्वारा हाल ही में किए गए विरोध प्रदर्शन, दैनिक वेतन भोगियों का नियमितीकरण, और पानी तथा बिजली की आपूर्ति शामिल थी. बीजेपी विधायकों ने नारेबाजी की और हाथों में तख्तियां लेकर अपनी सीटों पर खड़े हो गए. हालांकि, विधानसभा स्पीकर अब्दुल रहीम राथर ने निर्देश दिया कि बीजेपी के इस विरोध प्रदर्शन को रिकॉर्ड न किया जाए और उन्होंने विधायी कार्य जारी रखा. स्पीकर ने बीजेपी विधायकों से अपने समय के दौरान अपने मुद्दों को उठाने और अपनी बारी आने पर बात रखने के लिए कहा. हालांकि, विपक्ष नहीं माना. स्पीकर ने विधानसभा कर्मचारियों को बीजेपी सदस्यों के हंगामे को रिकॉर्ड न करने और उसकी रिपोर्ट न देने का निर्देश दिया. उन्होंने विपक्ष के सदस्यों से एक-एक करके अपनी बारी पर मुद्दे उठाने का अनुरोध किया, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया और ₹भारत माता की जय₹ के नारे लगाए. बीजेपी विधायकों के हंगामे के बीच, मंत्री सवालों के जवाब देते रहे. बाद में बीजेपी विधायक सदन के वेल में आ गए और अपना विरोध जारी रखा. विरोध प्रदर्शन के दौरान, सत्ताधारी दल के विधायकों ने भी राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग करते हुए नारे लगाए. CPI(M) विधायक एम.वाई. तारिगामी ने कहा कि सरकार के दो साल बीत चुके हैं, फिर भी राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया है.

सत्तारूढ़ दल नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक अली मोहम्मद सागर ने बीजेपी के खिलाफ नारेबाजी की और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की. उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने कहा कि अगर बीजेपी जनता के मुद्दों को उठाना और उनका समाधान करना चाहती है, तो उसके सदस्यों को सरकार से सवाल पूछना चाहिए और मंत्री उनके सवालों का जवाब देंगे. उन्होंने कहा, लेकिन ये भाजपा सदस्य मीडिया में रहना चाहते हैं और नहीं चाहते कि जनता के मुद्दों का समाधान किया जाए. इसलिए लोग उनका आकलन करेंगे और उनसे जवाबदेही मांगेंगे. विधानसभा का सत्र सुबह 10 बजे शुरू हुआ, जिसके दौरान स्पीकर ने विधायकों से सत्र के समय का बुद्धिमानी से उपयोग करने और जनता के मुद्दों को उठाने के लिए कहा. शुरूआती हंगामे के बाद, हाउस कमेटी ने जल जीवन मिशन में एक कथित घोटाले पर रिपोर्ट और जम्मू-कश्मीर सहकारी समितियां अधिनियम, 1989 में संशोधनों वाला एक विधेयक पटल पर रखा. नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक हसनैन मसूदी ने खखट को लागू करने में कथित गड़बड़ियों की जांच के लिए हाउस कमेटी की रिपोर्ट की एक कॉपी पेश की. यह कमेटी पिछले साल अप्रैल में बनाई गई थी, जब कई विधायकों ने खखट में घोटाले और गड़बड़ियों का आरोप लगाया था. कृषि और सहकारिता मंत्री जाविद अहमद डार ने जम्मू और कश्मीर सहकारी समितियां अधिनियम, 1989 में बदलाव करने, जम्मू-कश्मीर आत्मनिर्भर सहकारी समिति अधिनियम, 1999 को रद्द करने और जम्मू और कश्मीर सहकारी समितियां अधिनियम, 1989 के तहत आत्मनिर्भर सहकारी समितियों के लिए बदलाव की व्यवस्था देने के लिए बिल पेश किया. सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बीजेपी विधायकों ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत कार्यरत हजारों कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बीजेपी नेताओं का कहना था कि ये स्वास्थ्य कर्मी लंबे समय से अपनी निष्ठावान सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार उनके नियमितीकरण और 'समान कार्य के लिए समान वेतन' की जायज मांगों को नजरअंदाज कर रही है।

## पटना में कलयुगी बेटे ने मां को जिंदा जलाया, खुद को बताया भगवान

पटना (एजेंसी)। पटना में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ दीवान मोहल्ले में एक बेटे पर अपनी 60 वर्षीय माँ को जिंदा जलाकर मार डालने का आरोप है। मृतका की पहचान मंजू देवी के रूप में हुई है। आरोपी बेटा, चिंटू कुमार, जो ऑटो रिक्शा चलाता है, कथित तौर पर नशे का आदी है। आरोप है कि नशे की हालत में उसने अपनी माँ को घर के अंदर ही आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक मंजू देवी की मौत हो चुकी थी। जब पुलिस आरोपी चिंटू को गिरफ्तार करने पहुंची, तब आरोपी ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट भी की, लेकिन आखिरकार आरोपी को काबू किया गया। गिरफ्तारी के बाद भी उसकी हरकतें असामान्य थीं, वह पुलिस के सामने खुद को भगवान बताकर कह रहा था कि उसने ही अपनी माँ को मारा है। पुलिस ने मंजू देवी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आरोपी चिंटू कुमार से गहन पूछताछ कर रही है और इस खौफनाक हत्या के पीछे की सही वजह के साथ-साथ वारदात के समय सेवन किए गए नशे के प्रकार का भी पता लगाने में जुटी है।

## ओडिशा पुलिस ने किया ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह का पर्दाफाश

### -1 करोड़ की धोखाधड़ी और 86 सिम जब्त

भुवनेश्वर (एजेंसी)। ओडिशा पुलिस ने बड़े अंतर-राज्यीय ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह का पर्दाफाश कर छत्तीसगढ़ और झारखंड से इसके तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह पर लोगों को जमा राशि पर भारी रिटर्न का झूठा लालच देकर करीब 1 करोड़ की धोखाधड़ी करने का आरोप है। गंजाम जिले के छत्रपुर में साइबर पुलिस अधिकारियों ने कार्रवाई करते हुए पालुरगढ़ से संचालित इस गिरोह के सदस्यों को दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान झारखंड के रामगढ़ के शत्रुघ्न कुमार पांडे (26) और छत्तीसगढ़ के धर्मदास माणिकपुरी (30) तथा जगदीश सेठी उर्फ सूरज (30) के रूप में हुई है। छत्रपुर साइबर पुलिस स्टेशन के इंचार्ज इंस्पेक्टर ने बताया कि ऑनलाइन सट्टेबाजी एप चलाने और उन्हें बढ़ावा देने वाले एक गिरोह की सूचना मिलने पर एक घर पर छापा मारा गया। इस दौरान चार लोग मौजूद थे, जिनमें से दो भाग निकले और दो को मौके पर ही पकड़ा गया। शुरुआती पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की और अन्य साथियों के नाम भी बताए, जिसके बाद शत्रुघ्न को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, एक क्रोमबुक, 78 एटीएम और अन्य कार्ड, 16 बैंक पासबुक, 14 स्मार्टफोन, 86 सिम कार्ड और एक बाइक सहित कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। पुलिस ने जानकारी दी कि डिजिटल उपकरणों की जांच में कई ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी एप के इस्तेमाल का पता चला है, साथ ही भारी मात्रा में पैसों के लेन-देन के संकेत मिले हैं। पुलिस अब पैसों के पूरे लेन-देन, गिरोह के काम करने के तरीके और इसमें शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए आगे की जांच और फॉरेंसिक विश्लेषण कर रही है।

## आवारा पशु संबंधी एनएचएआई की याचिका पर सुनवाई के लिए विशेष पीठ गठित करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की उस याचिका पर सुनवाई के लिए विशेष पीठ गठित करने पर सोमवार को सहमति जताई जिसमें देशभर में आवारा पशुओं के लिए आश्रय स्थल बनाने के लिए उसे दिए गए निर्देश को चुनौती दी है। एनएचएआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ के समक्ष दलील दी कि न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने एनएचएआई को आश्रय स्थल बनाने का निर्देश दिया था, जबकि यह जिम्मेदारी स्थानीय निकायों और प्रशासन की है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि एनएचएआई को देशभर में आवारा पशुओं के लिए आश्रय स्थल बनाने का निर्देश दिया गया है और प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक इसमें करीब 7,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा, हमारा पक्ष यह है कि यह काम स्थानीय जिला प्रशासन को करना चाहिए। हम इसे पूरे देश के स्तर पर नहीं कर सकते। उन्होंने एनएचएआई की याचिका पर सुनवाई के लिए न्यायमूर्ति नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन. वी. अंजारिया की विशेष पीठ के पुनर्गठन का भी अनुरोध किया। सॉलिसिटर जनरल ने पीठ से कहा, आवारा कुत्तों से जुड़ा एक मामला है।

## दिल्ली की रोहिणी जेल में विचाराधीन कैदी की हत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की रोहिणी जेल में रविवार को एक विचाराधीन कैदी की हत्या कर दी गई। मृतक कैदी की पहचान प्रमोद के तौर पर हुई है, जिसे आर्म्स एक्ट के एक मामले में जेल भेजा गया था। बताया जा रहा है कि जेल के अंदर साथी कैदियों ने ही उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए प्रमोद को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दिल्ली वोटर लिस्ट में बड़ा अपडेट: आडवाणी, जयशंकर सहित दिग्गजों को मिले नोटिस



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान चौंकाने वाले अपडेट सामने आए हैं। कई प्रमुख हस्तियों को उनकी मतदाता जानकारी में मिली विसंगतियों के चलते नोटिस भेजा गया हैं। इसमें पूर्व उप-प्रधानमंत्री एल.के.आडवाणी, विदेश मंत्री एस.जयशंकर, पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और चुनाव आयुक्त एस.एस.संधू जैसे बड़े नाम शामिल हैं। यह प्रक्रिया ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद सत्यापन चरण के तहत चल रही है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि अब तक 33.13 लाख से अधिक मतदाताओं को उनके प्रगणन फॉर्म में दर्ज जानकारी में गड़बड़ी के कारण नोटिस जारी किए हैं। इन गड़बड़ियों में से कई मामले हैं जहाँ वर्तमान जानकारी 2002 में हुए पिछले एसआईआर के दौरान दर्ज डेटा से मेल नहीं खाती। यह दर्शाता है कि लंबे समय से मतदाता रिकॉर्ड में अपडेट की आवश्यकता थी। पूर्व उप-प्रधानमंत्री आडवाणी, उनकी बेटी प्रतिभा और बहू गीतिका को 2002 की एसआईआर सूची से नाम मेल न खाने के कारण नोटिस मिले हैं। वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर और उनकी पत्नी क्योको जयशंकर को भी पिछली एसआईआर सूची से मेल न खाने की श्रेणी में नोटिस भेजा गया है। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ और उनकी पत्नी सुदेश को उनके रिकॉर्ड में दर्ज सरकारी आवास के पते से संबंधित गड़बड़ी के लिए नोटिस दिए हैं। चुनाव आयुक्त संधू को उनके नाम में अंतर के कारण नोटिस मिला था, हालांकि नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर ने स्पष्ट किया है कि संधू की प्रविष्टि पहले ही सत्यापित हो चुकी है और उनका नाम अंतिम सूची में शामिल किया जाएगा। इस सूची में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, विदेश सचिव विक्रम मिस्री, जेएनयू के पूर्व वीसी एम. जगदीश कुमार, नीति आयोग के पूर्व वाइस-चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया, सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद जैसे कई अन्य जाने-माने लोग भी शामिल हैं, जिन्हें मतदाता रिकॉर्ड में त्रुटियों के चलते नोटिस मिले हैं।

## तीसरे मोर्चे की कवायद तेज: राष्ट्रीय स्तर पर डीएमके, यूपी में ओवैसी ने संभाला मोर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
देश में राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर गैर-बीजेपी और गैर-कांग्रेस दलों को साझा मंच पर लाने की कोशिशें अब तेज हुई हैं। इसमें आगामी विधानसभा चुनावों वाला उत्तर प्रदेश भी शामिल है। राष्ट्रीय स्तर पर तमिलनाडु की डीएमके पार्टी ने क्षेत्रीय राजनीतिक ताकतों से संपर्क साधना शुरु किया है। पार्टी की वरिष्ठ नेता कनिमोझी ने हाल ही में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और एनसीपी (एसपी) सांसद सुप्रिया सुले से बातचीत की है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने दक्षिण भारत की कई अन्य पार्टियों से भी संपर्क साधा है, जिसका मुख्य उद्देश्य गैर-बीजेपी, गैर-कांग्रेस क्षेत्रीय ताकतों को एक मजबूत साझा मंच पर एकजुट करना है।
डीएमके की पहल तमिलनाडु के बदले हुए राजनीतिक समीकरणों की पृष्ठभूमि में सामने आई है। दरअसल, राज्य विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी ने अभिनेता थलपति विजय के नेतृत्व वाली टीवीके के साथ गठबंधन किया था। इस घटनाक्रम के बाद, डीएमके ने कांग्रेस के साथ अपने गठबंधन को समाप्त करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया। कांग्रेस और डीएमके के बीच अलगाव के बाद से ही



तमिलनाडु की प्रमुख विपक्षी पार्टी अब एक गैर-कांग्रेसी, गैर-बीजेपी गुट के गठन की तैयारी में जुट गई है, और इसी रणनीति के तहत कनिमोझी विभिन्न विपक्षी नेताओं से लगातार संवाद कर रही हैं।
वहीं, उत्तरप्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनावों से पहले इसी तरह की एक और कवायद जोरों पर है। एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद और यूपी के पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य साझा राजनीतिक मंच बनाने पर गंभीर चर्चा कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार 27 सितंबर को लखनऊ में एक प्रेसवार्ता के दौरान गठबंधन की औपचारिक घोषणा की जा सकती है। इस संभावित गठबंधन में अपना दल (कमेरावादी) की प्रमुख पल्लवी पटेल को शामिल करने पर विचार हो रहा है।
एआईएमआईएम प्रमुख ओवैसी ने हाल ही में पुष्टि की है कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने गठबंधन संबंधी फैसले की घोषणा 2 अक्टूबर तक करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है और राज्य में मुसलमानों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम हो रहा है। ओवैसी ने सुझाव दिया कि विपक्षी दलों को मिलकर काम करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनकी पार्टी के उम्मीदवार उत्तर प्रदेश विधानसभा में पहुंचने में सफल होने वाले हैं और एआईएमआईएम एक जैसी सोच वाले राजनीतिक समूहों के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

### नहीं बनने देंगे भाजपा सरकार, किसी भी पार्टी से गठबंधन करने के लिए तैयार-ओवैसी

**कानपुर** । ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन यानि एआईएमआईएम के सर्वेसर्वा असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार न बने, इसके लिए उनकी पार्टी किसी भी दल से गठबंधन करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि गैर भाजपाई पार्टियों से गठबंधन के लिए बात चल रही है। दो अक्तूबर तक गठबंधन के लिए इंतजार कर रहे हैं। जिसके साथ गठबंधन होगा, उसी के साथ प्रदेश में एआईएमआईएम चुनाव लड़ेगी। एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार रात में यहां बाबूपुरवा ईदगाह मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में मुसलमानों का विकास नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना बाबा, भइया कहकर दोनों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि सहारनपुर में मस्जिद और यहां बर्रा में कब्रिस्तान तोड़ना अराजकता है।

## बढ़ती महंगाई पर कांग्रेस का मोदी सरकार पर तंज: क्या हुआ तेरा वादा?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों को लेकर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया कि बेलगाम महंगाई ने मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का जीना मुहाल किया है, लेकिन अच्छे दिन का वादा करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं।
कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 1977 की मशहूर हिंदी फिल्म हम किसी से कम नहीं के एक गाने का जिक्र कर मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, क्या हुआ तेरा वादा? वो कसम, वो इरादा? रमेश ने दावा किया कि बीते एक माह में मसालों, दालों और खाने के तेल सहित कई जरूरी खाद्य पदार्थों के दाम में 10 से 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है, इस महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है।
उन्होंने बताया कि छोटी इलायची की कीमत 4,000 से बढ़कर 4,400 रुपये प्रति किलोग्राम, जबकि जावित्री 2,500 से बढ़कर 3,000 रुपये प्रति किलोग्राम हुई है। दालों में, अरहर दाल की कीमत 100 से बढ़कर 130 रुपये प्रति किलोग्राम और



उड़द दाल 120 से बढ़कर 140 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। सरसों तेल और सफोला तेल की कीमतों में भी क्रमशः 20 और 40 रुपये प्रति लीटर का उछाल आया है।
कांग्रेस नेता रमेश ने विशेष रूप से प्याज की कीमतों का हवाला देकर कहा कि जून से सितंबर के बीच इसकी अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 29.50 से बढ़कर 53.78 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जो लगभग 82.3 प्रतिशत की भारी वृद्धि है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बढ़ती महंगाई के कारण गरीब परिवारों के लिए दाल और अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री खरीदना अब मुश्किल होता जा रहा है। कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री मोदी पर महंगाई के मुद्दे पर जानबूझकर चुप रहने का आरोप लगाकर सवाल किया, देश पूछ रहा है कि अच्छे दिन कहां गए प्रधानमंत्री मोदी जी? सिर्फ प्रवचनों में बचे हैं क्या? उन्होंने केंद्र सरकार की चुप्पी पर रोष व्यक्त कर पूछा, जनता भूखी रहे, मोदी सरकार चुप रहेज्क्या यही है नया भारत?

## कनाडा में ट्रेनिंग के दौरान विमान क्रैश, दो भारतीय छात्रों की मौत

**कनाडा, एजेंसी।**
कनाडा में कमर्शियल पायलट और एविएशन ट्रेनिंग के दौरान हुए विमान हादसे में तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरन तिरुग्नानसंबंधम की मौत हो गई। भारतीय दूतावास ने परिवारों को हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। कनाडा में फ्लाइट ट्रेनिंग के दौरान हुए विमान हादसे में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गई। दोनों छात्र कमर्शियल पायलट और एविएशन ट्रेनिंग के तहत उड़ान का अभ्यास कर रहे थे। इसी दौरान विमान हादसे का शिकार हो गया। घटना की पुष्टि कनाडा के वैंकूवर स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास ने की है।

हादसे की जानकारी सामने आने के बाद दूतावास ने दोनों छात्रों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। हादसे में जान गंवाने वाले



भारतीय छात्रों की पहचान तमिलनाडु के मनोज शिवकुमार और पुडुचेरी के श्रीसरन तिरुग्नानसंबंधम के रूप में हुई है। वैंकूवर स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर दोनों छात्रों की मौत पर दुख जताया।

दूतावास ने कहा कि दोनों की मौत कनाडा में उड़ान प्रशिक्षण के दौरान हुए एक दुखद विमान हादसे में हुई। भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि इस मुश्किल समय में उसकी संवेदनाएं दोनों छात्रों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ हैं। दूतावास ने परिवारों को वाणिज्य दूतावास से जुड़ी हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की बात कही है। दूतावास के मुताबिक, दोनों छात्रों के पार्थिव शरीर को भारत लाने की प्रक्रिया में भी परिवारों की मदद की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि वे लगातार स्थानीय प्रशासन और पीड़ित परिवारों के संपर्क में हैं। फिलहाल हादसा किस वजह से हुआ, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। स्थानीय अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। हादसे की खबर के बाद दोनों छात्रों के परिवारों में शोक का माहौल है। दूतावास की ओर से परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है।

## सोमनाथ मंदिर, मुख्यमंत्री और बीजेपी ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर


**अहमदाबाद, एजेंसी।**
गुजरात में सार्वजनिक और धार्मिक स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है. एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई है. इसमें सोमनाथ मंदिर, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, बीजेपी के केंद्रीय कार्यालय, खानपुर स्थित बीजेपी कार्यालय के साथ-साथ पुलिसकर्मियों और रॉ एजेंसी को निशाना बनाने की बात कही गई है. ईमेल में दावा किया गया कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर के अलावा कई अन्य जगहों पर बम रखे गए हैं. ईमेल में आरोपी ने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लिखकर डर फैलाने



की कोशिश की. एक अनजान व्यक्ति ने ईमेल भेजकर दावा किया कि गुजरात के सोमनाथ मंदिर और कई अन्य जगहों पर बम लगाए जा चुके हैं, ईमेल में देश-विरोधी और विवादित बातें थीं और आरोपी ने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लिखकर डर फैलाने की कोशिश की. इतना ही नहीं पाकिस्तान के अलावा खालिस्तान के समर्थन में भी नारे लिखे गए हैं. धमकी मिलने के बाद राज्य की सभी सुरक्षा एजेंसियां और पुलिस हाई अलर्ट पर हैं और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक, धमकी भरा ईमेल सबसे पहले पंजाब पुलिस को मिला था. इसके बाद पंजाब के डीजीपी ने गुजरात पुलिस को इस मामले की जानकारी दी. पता चला है कि ईमेल में गुजरात की कई अहम जगहों को निशाना बनाने की धमकी दी गई थी. धमकी भरे ईमेल में खास तौर पर सोमनाथ मंदिर का जिक्र किया गया था. चूंकि मंदिर पहले से ही जेड प्लस सुरक्षा घेरे में है, इसलिए सुरक्षा एजेंसियां वहां कड़े इंतजाम रखती हैं. पहले भी मंदिर को धमकी भरे ईमेल मिल चुके हैं. मंदिर का जिक्र फिर से होने के कारण सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है.

खास बात यह है कि ईमेल सीधे गुजरात पुलिस को नहीं, बल्कि सबसे पहले पंजाब पुलिस को मिला था. बाद में पंजाब के डीजीपी ने धमकी के बारे में जानकारी गुजरात पुलिस को दी. यह जानकारी मिलने के बाद गुजरात का सुरक्षा तंत्र हाई अलर्ट पर आ गया और धमकी की गंभीरता की जांच शुरू कर दी गई. ईमेल मिलने के बाद एहतियात के तौर पर, अहमदाबाद फायर एंड इमरजेंसी सर्विस, सिटी पुलिस और बम का पता लगाने और निपटान दस्ते की टीमों को खानपुर स्थित बीजेपी ऑफिस भी भेजा गया. ईमेल में बताई गई अन्य जगहों पर भी सुरक्षा जांच शुरू की गई. सुरक्षा एजेंसियां अभी ईमेल के सोर्स, भेजने वाले की पहचान और इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या यह धमकी किसी असली साजिश का हिस्सा है या सिर्फ डर का माहौल बनाने की कोशिश है. अलग-अलग जगहों पर सुरक्षा इंतजामों की भी समीक्षा की जा रही है. हालांकि, मैसेज में बताई गई जगहों पर कोई विस्फोटक मिलने की तुरंत पुष्टि नहीं हुई है.



# महाराजा-2 के सीक्वल पर काम शुरू, निथिलन हैं डायरेक्टर

**मुंबई।** साल 2024 में आई विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप की फिल्म 'महाराजा' सुपरहिट रही थी। इस फिल्म को ना सिर्फ थिएटर्स में प्यार मिला, बल्कि ओटीटी पर भी इसे खूब तारीफें मिलीं। चीन में धमाल मचाने के बाद यह फिल्म अब हॉलीवुड में रीमेक होने जा रही है। इसी बीच मेकर्स ने ऐलान कर दिया है कि वो इस फिल्म का पार्ट-2 बनाने जा रहे हैं। विजय सेतुपति ने हाल ही में बत्था के म्यूजिक लॉन्च इवेंट में कन्फर्म किया कि इस फिल्म की हॉलीवुड रीमेक बन रहा है और वह इस रीमेक मूवी का हिस्सा बनना चाहेंगे। विजय सेतुपति ने कहा, 'निथिलन गजब के डायरेक्टर हैं, उनका राइटिंग सेंस कमाल का है। उन्होंने हाल ही में मुझे महाराजा-2 की कहानी सुनाई थी, जो कि बहुत खूबसूरत है।

लाइफ Style

# नोरा

## बिग बॉस में एंट्री को लेकर सालों बाद खोला राज

डांसिंग क्वीन और एक्ट्रेस नोरा फतेही को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। उन्होंने दिसंबर 2015 में रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट एंट्री ली थी. लगभग एक महीने घर में रहने के बाद जनवरी 2016 में वह शो से बाहर हो गई थीं।



अब नोरा ने खुलासा किया है कि उन्होंने सलमान खान के इस शो में जाने के लिए मेकर्स के सामने एक खास शर्त रखी थी। नोरा फतेही ने स्वीकार किया कि शुरुआत में वह रियलिटी शोज को काफी नीची नजर से देखती थीं और उन्हें लगता था कि ये शो उनके लिए नहीं हैं। हालांकि, बाद में उन्हें अहसास हुआ कि ये शोज उतने बुरे नहीं होते जितना वह सोचती थीं, जिसके बाद ही उन्होंने 'बिग बॉस के घर में जाने का फैसला किया। नोरा ने खुलासा किया, 'मैं वाइल्ड कार्ड एंट्री थी, इसलिए मुझे पता था कि मैं ज्यादा दिन वहां नहीं टिकूंगी. मैं वास्तव में 'झलक दिखला जा'करना चाहती थी। चूंकि दोनों शो एक ही चैनल के थे, तो मैंने मेकर्स के सामने शर्त रखी कि अगर वे मुझे 'झलक दिखला जा' देंगे, तभी मैं 'बिग बॉस'करूंगी। इस तरह डील करके मैंने 'झलक दिखला जा'में भी एंट्री मारी।' एक बातचीत के दौरान नोरा फतेही ने बताया कि जब उन्होंने इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया था, तब उन्होंने कई गाने किए, लेकिन एजेंसी की तरफ से उन्हें उनके काम का पैसा नहीं मिल रहा था। उन्होंने बताया, 'मैं अपने ही पैसों के लिए लगातार लड़ रही थी और स्थिति बहुत खराब हो चुकी थी।

हॉलीवुड मसाला



# रेसिडेंट ईविल ने किया कमाल

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्म रेसिडेंट ईविल ने वाइब और दायरा को कलेक्शन के मामले में पछाड़ दिया। जहां शुक्रवार को इस फिल्म ने 2.60 करोड़ रुपए कमाए। वहीं, शनिवार को 2.26 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। इस तरह दो दिनों में इस फिल्म की कमाई दायरा और वाइब को पीछे छोड़ते हुए 4.86 करोड़ रुपए हो चुकी है। साल 2026 बॉक्स ऑफिस के मामले में अनिश्चितताओं वाला रहा है। जहां एक तरफ बड़े बजट की टॉक्सिक महीने भर में ही कई सिनेमाघरों से हटा दी गई। वहीं, मात्र दो करोड़ में बनी हनुमान अंश सातवें हफ्ते में भी करोड़ों कमा रही है।




# एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर ने एडवांस बुकिंग में गाड़े झंडे

**नई दिल्ली।** 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म ने पहले दिन के लिए एडवांस बुकिंग में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर ने सिर्फ पहले दिन के लिए पीवीआर इनोक्स और सिनेप्लिक्स जैसी बड़ी सिनेमा चेन में लगभग 35,000 टिकट बेचे हैं। इस सुपरहीरो फिल्म के लिए ओपनिंग वीकेंड में कुल मिलाकर लगभग 1,25,000 टिकट एडवांस में बुक हुए हैं, जिनमें से लगभग 50,000 टिकट पहले दिन के लिए हैं। इस तरह, फिल्म ने एडवांस बुकिंग से लगभग 6.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। अभी एक हफ्ता बाकी है, ऐसे में एडवांस बुकिंग के ये आंकड़े आमतौर पर ओपनिंग डे पर लगभग 20 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई की ओर इशारा करते हैं।



# 69 की उम्र में भी हर रोल के लिए तैयार...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनी राजदान इन दिनों अपनी फिल्म 'ओम का हरि' को प्रमोट करते हुए नजर आ रही हैं। हरीश व्यास के निर्देशन में बनी यह फैमिली ड्रामा और कॉमेडी मूवी शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई। ऐसे में अब आलिया भट्ट की मां ने एक इंटरव्यू में बात करते हुए कहा कि वह एक कलाकार के तौर पर खुद को किसी तय दायरे में नहीं बांधतीं। वह हर किरदार को उसी उत्साह के साथ निभाती हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, सोनी ने कहा कि उन्हें भरोसा है वह खुद को किसी बिल्कुल अलग माहौल के किरदार में भी ढाल सकती हैं। उन्होंने इसके लिए लोकप्रिय सीरीज 'पंचायत' का उदाहरण दिया। सोनी ने कहा, 'एक एक्टर के तौर पर मैं हर किरदार को एक ही उत्साह के साथ देखती हूं। हर किरदार मुझसे या किसी भी एक्टर से अलग-अलग चीजों की मांग करता है।



# गोलमाल-5 की रिलीज डेट पर बिजनेस दिमाग

**मुंबई।** रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 8 जनवरी 2027 को रिलीज हो रही फिल्म में अजय देवगन, अरशद वारसी। श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर। कुनाल खेमू और शरमन जोशी जैसे एक्टर्स नजर आने वाले हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं रोहित शेट्टी अपनी इस कल्ट क्लासिक गोलमाल सीरीज की 5वीं फिल्म 8 जनवरी, नॉन फेस्टिवल के मौके पर क्यों रिलीज कर रहे हैं? डायरेक्टर ने इस रिलीज डेट के पीछे तगड़ा दिमाग लगाया है। इसकी गुत्थी सुलझ गई है। आमतौर पर कोई भी फिल्ममेकर अपनी फिल्म को किसी फेस्टिवल या हॉलिडे से मौके पर रिलीज करना पसंद करता है। उसकी बड़ी वजह इन फेस्टिवल और हॉलिडे के सेलिब्रेशन से फिल्म को होने वाला आर्थिक फायदा है।

टीवी मसाला



# बिग बॉस 20 में मेहमान बनकर पहुंचे सिद्धार्थ और तमन्ना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' खूब चर्चा में है। शो के दूसरे हफ्ते के वीकएंड के वार में काफी हंगामा रहा। मेकर्स ने शो के कुछ नए प्रोमो जारी किए हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि शो में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया आए हैं। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन किया है। वहीं, दूसरे प्रोमो में सलमान खान ने कुछ ऐसा किया, जिससे सभी प्रतिभागी घबरा गए हैं।

# ये हैं 2026 की शानदार 5 मलयालम फिल्में, इनकी कहानी होश उड़ा देगी


*मुंबई। मलयालम सिनेमा ने इस साल शानदार फिल्में बनाई है। लेकिन अगर साल की 5 बेस्ट फिल्मों का चयन करना हो तो वो शायद ये होगा। इस लिस्ट में देखीये मलयालम 5 बेस्ट फिल्में जो आपके होश उड़ा देंगी। मलयालम सिनेमा अपनी शानदार सस्पेंस से भरी कहानी और थ्रिलर के लिए दुनियाभर में अलग बना चुका है। इस साल मलयालम सिनेमा ने एक्शन, थ्रिलर, इमोशनल और रोमांटिक, ड्रामा फिल्मों से छाप छोड़ दी है। इन फिल्मों को आईएमडीबी पर शानदार रेटिंग मिली है।*

### बालन द बॉय

ये एक ऐसे बच्चे की कहानी है जिसका जन्म जेल में होता है। वो अपनी मां के साथ जब जेल से बाहर निकलता है तो नए नाम के साथ नई जिंदगी जीता है। फिर कुछ ऐसा होता है कि ये छोटा सा बच्चा अपनी मां से बिछड़ जाता है। अंत में जो होता है वो आपको रुला देगा। ये साल की सबसे इमोशनल कहानी मानी गई है। अगर आपने ये फिल्म नहीं देखी है तो एक बार समय निकाल कर जरूर देख सकते हैं। फिल्म जी 5 पर अवेलेबल है।

### भरतनाट्यम 2

भरतनाट्यम के पहले पार्ट को ऑडियंस ने पसंद किया था। ये एक ऐसे शख्स के परिवार की कहानी है जिसकी दो पत्नियां थीं। उसकी



मौत के बाद एक राज खुलता है और पैसों से जुड़ा मामला, सस्पेंस आपको सीट से हिलने नहीं देता। कहानी में एक मर्डर को छुपाए जाने को कोशिश की जाती है। इस फिल्म को कॉमेडी दृश्यम माना गया है। कहानी का अंत होश उड़ा देता है। आप इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### संभवम अध्यायम ओन्नु

संभवम अध्यायम ओन्नु की कहानी सस्पेंस थ्रिलर से भरी हुई है। फिल्म एक जंगल की है जहां जाने वाले लोग अचानक कई साल पीछे पहुंच जाते हैं। कुछ उस जंगल से कभी वापस नहीं लौटते। फिल्म में अंत में जो सच सामने आता है वो होश उड़ा देगा। फिल्म जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। ये फिल्म आपको सीट से हिलने नहीं देगी। कहानी और जंगल दोनों में आप गुम हो जाओगे।

### द्रीदम


एक मलयालम इन्वेस्टीगेशन क्राइम थ्रिलर फिल्म है जिसमें एक पुलिस ऑफिसर साजिश का पर्दाफाश करता है। फिल्म को ऑडियंस से जबरदस्त रिएक्शन मिला था। आप इस फिल्म को जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### नारिवेट्टा

एक की कहानी एक पुलिस ऑफिसर के इर्दगिर्द घूमती है। एक एक पॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसे ऑडियंस ने पसंद किया। इस फिल्म को सोनी लिव पर देख सकते हैं।

# अब थिएटर्स में आएगी गोंधल हिंदी डबिंग का काम पूरा

**नई दिल्ली।** मराठी सिनेमा की क्लासिक मूवी गोंधल अब जल्द ही हिंदी ऑडियंस के लिए थिएटर्स में अवेलिबल होगी। फिल्म की डबिंग का काम पूरा हो चुका है। गोंधल इस साल भारत की तरफ से ऑस्कर में ऑफिशियल एंट्री रहने वाली है। ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से बतौर ऑफिशियल एंट्री जा रही मराठी फिल्म 'गोंधल' अब जल्द ही बहुत बड़ी ऑडियंस के लिए उपलब्ध होगी। मेकर्स इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज करने जा रहे हैं। महाराष्ट्र से निकलकर अब देशभर की ऑडियंस तक पहुंचने को तैयार इस फिल्म की डबिंग का काम पूरा हो चुका है, बल्कि अब मेकर्स इस फिल्म की अलग-अलग भाषाओं में रिलीज का ऐलान करने की तैयारी कर रहे हैं। एक खास बातचीत में फिल्म के एडिटर आशीष म्हात्रे ने बताया कि डबिंग का काम खत्म हो चुका है और अब रिलीज डेट का अनाउंसमेंट करने की तैयारी चल रही है। आशीष म्हात्रे ने कहा, 'इस फिल्म का हिंदी, तमिल और तेलुगू वर्जन तैयार किया गया है। तो सभी पर काम किया जा रहा है। प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ ही दिन में इसके बारे में अनाउंसमेंट कर दिया जाएगा।" मेकर्स ने फिल्म की थिएट्रिकल



रिलीज को अपनी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा बनाया हुआ है। अभी मेकर्स इस फिल्म को ओटीटी पर लाने के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। म्हात्रे ने बताया, 'उन्होंने (मेकर्स ने) तय किया है कि वो अभी इसे ओटीटी पर रिलीज नहीं करेंगे। क्योंकि वो इसे थिएटर्स में दिखाना चाहते हैं।' लेकिन, सवाल यह है कि मेकर्स ऐसा क्यों चाहते हैं कि ज्यादातर ऑडियंस इस फिल्म को थिएटर्स में देखे? इसका जवाब देते हुए आशीष म्हात्रे ने कहा, 'क्योंकि मोबाइल और टीवी पर क्या होता है? वो जब इसे छोटी स्क्रीन पर देखते हैं। तो आपका ध्यान बंटता रहता है।'







हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.